www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-अष्टमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 349 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आत्म समर्पित महिला नक्सली अब गुरिल्ला युद्ध छोड़कर तैयार कर रही डिजाइनर कपड़े

■ हाथ वही, मकसद नया-डेढ़ माह की ट्रेनिंग, अब हाथों में हथियार नहीं डिजाइनिंग हुनर

हनीफ निजामी/प्रसाद नायडू

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आत्मसमर्पण के बाद माओवादियों की महिला सदस्य सोनी मरकाम ने खूबसूरत डिजाइनर ब्लाउज तैयार किया है। ब्लाउज पर बारीकी से की गई कसीदाकारी में सोनी की मेहनत और लगन साफ दिखाई दे रही है। खूबसूरत बेलें गढ़ी गई है। रेशम और जरी के धागे से शानदार वर्क किया गया है। नवप्रदेश संवाददाता को खूबसूरत ब्लाउज दिखाते हुए न सिर्फ सोनी मरकाम बल्कि उनकी ट्रेनर के चेहरे पर सुकून, खुशी और आत्मविश्वास की चमक साफ दिखाई दे रही है।

बंदूक और बम ब्लास्ट की राह छोड़कर मोड़कपल्ली के पांगुर गांव की सोनी मरकाम ने आत्मसमर्पण के बाद मेहनत और लगन से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में सिलाई-कढ़ाई करना सीख लिया है। अब सोनी सिलाई-कढ़ाई के कार्य में पारंगत होना चाहती हैं। कॉलेज के ट्रेनिंग हॉल में समाज की मुख्य धारा में शामिल आत्मसमर्पित दर्जन भर अन्य महिला नक्सली भी सिलाई मशीन पर गड़ाए सिलाई सीख रही है।

सिलाई के साथ कशीदा बनाने में महारत

सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दे रही संजू नेताम ने बताया कि यहां सिलाई के अलावा कशीदा, कपड़े के कटे-फटे हिस्से में रफू करने या कपड़े का थैला बनाने का हुनर भी सिखाया जा रहा है। ट्रेनिंग पाने वाली सभी आत्मसमर्पित महिला नक्सलियों का एक ही लक्ष्य है-जल्दी से जल्दी सिलाई-कढ़ाई सीखकर सामान्य जीवन जीने का लक्ष्य है।

आत्मसमर्पित महिलाएंओं की नई धारा में जीवन जीने की चाह

सिलाई कढ़ाई सीख रही महिलाओं ने गुरिल्ला युद्ध और हथियारों का प्रशिक्षण लिया है। लेकिन अब ये महिलाएं उस राह पर चलने की बजाय शांति के रास्ते पर चलना चाहती हैं। ये महिलाएं प्रशिक्षण के बाद अपने गाँव लौटना चाहती हैं। सिलाई केंद्र खोलकर जीवन यापन करना चाहती हैं। शासन की पुनर्वास नीति और ट्रेनिंग की सुविधा के कारण सरकार के प्रति उनकी नकारात्मक सोच सकारात्मक विचारधारा में बदल रही है। आत्मविश्वास से भरे चेहरे पर उनके मजबूत इरादे भी साफदेखे जा सकते हैं।

सामान्य जीवन जीने का लक्ष्य, सीख रहे हुनर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक निवासी 19 वर्षीय शर्मिला पोयामी ने भी आत्मसमर्पण के बाद माओवादियों ने समाज की मुख्य धारा में जुड़कर शांति और अमन का रास्ता चुना है। साय सरकार की शानदार नक्सली पुनर्वास नीति के कारण माओवादियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। आत्मसमर्पण के बाद अब नई ताकत और ऊर्जा के साथ जीवन-यापन करने इन महिलाओं ने सिलाई, कढ़ाई सीखने का फैसला किया।

आज बेबाक

कुछ भी हो असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिश्व सरमा को शर्म लिहाज नहीं छोड़नी चाहिए थी। एक परम तपस्वी को गंदी गाली और खेड़ा से पेड़ा बनाने की धमकी देकर नया बखेड़ा नहीं करना चाहिए था। उन्हें इतनी बात तो समझनी चाहिए कि अगर कोई कुत्ता आदमी को काट ले तो आदमी कुत्ते को नहीं काटता। फिर खेड़ा तो बब्बर शेर हैं। वे गीदड़ भभकी से कतई डरने वाले नहीं हैं। उन्हें डरपोक चूहा कहकर उनका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। सभी को समझना चाहिए कि - शब्द संवारे बोलिए, शब्द के हाथ न पांव, एक शब्द औषध करे एक शब्द करे घाव।

15 अप्रैल को मंत्रिपरिषद की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 15 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हैं। यह बैठक मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद कक्ष एम-5/20 में होगी।

पाक में वार्ता पर संशय के बादलः पहले बैठक वाला सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट

ईरान यूरेनियम पर फंसा रहा पेंच

अमेरिका ने सीजफायर की 3 शर्तें तोड़ीं, अब बातचीत बेकार

■ ट्रम्प बोले- समझौते तक ईरान के आसपास आर्मी तैनात रहेगी

तेहरान/वॉशिंगटन/ए.। ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर की तीन अहम शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने 10-पॉइंट प्रस्ताव की बुनियादी शर्तों का उल्लंघन किया है। ईरान ने साफकहा है कि जिस आधार पर बातचीत होनी थी, वही पहले ही टूट चुका है।

ऐसे में अब बातचीत या सीजफायर तर्कसंगत नहीं रह गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ हुआ समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता, तब तक अमेरिकी सेना ईरान के आसपास तैनात रहेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर चेतावनी दी कि अगर समझौते का पालन नहीं हुआ, तो फिर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लेबनान में इजराइली हमलों से एक दिन में 254 मौतें

इजराइली सेना ने बुधवार को लेबनान में सैकड़ों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 254 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक, इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 1,165 लोग घायल हुए। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। हमले बेरूत, बेक्का वैली, माउंट लेबनान, सैदोन और दक्षिण लेबनान के कई गांवों में किए गए। यह हमला उसी दिन हुआ, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर का ऐलान किया गया था।

15,400 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा जहाज ग्रीन आशा

भारतीय झंडे वाला एलपीजी टैंकर 'ग्रीन आशा' 15,400 टन गैस लेकर भारत पहुंचा है। होर्मुज स्ट्रेट पार कर यह जहाज गुरुवार को नवी मुंबई के जेएनपी (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट) पर डॉक किया। इससे पहले 'ग्रीन सांवी' नाम का एक और भारतीय टैंकर भी होर्मुज पार कर चुका है। केंद्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी सप्लाई सामान्य और नियंत्रण में है।

समझौता होने तक ईरान के आसपास तैनात रहेंगे अमेरिकी जहाज़, विमान: ट्रम्प

वॉशिंगटन (वार्ता/स्पूतनिक)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ अंतिम समझौते के पूरी तरह लागू होने तक उनके युद्धपोत, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा, अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य कर्मी, अतिरिक्त गोला-बारूद, हथियार और अन्य सभी चीजें ईरान में और उसके आसपास तब तक तैनात रहेंगे, जब तक कि



वास्तविक समझौते का पूरी तरह से पालन नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता लागू नहीं हुआ, तो संघर्ष पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर और अधिक ताकतवर रूप ले सकता है।

युद्धविराम पर मंडराते संकट के बादल

28 फरवरी से शुरू हुए इस भीषण युद्ध को रोकने के लिए जिस युद्धविराम की घोषणा की गई थी, वह फिलहाल लड़खड़ाता नजर आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में नियुक्त ईरानी राजदूत रजा अमीरी मुगाद्दम ने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल के आगमन वाली सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। यह पोस्ट हटाए जाने के बाद वार्ता के आयोजन पर संशय और सस्पेंस गहरा गया है।

असम-84.4%, केरलम-75% और पुडुचेरी में 86.9% मतदान

नई दिल्ली/ए.। देश के तीन राज्यों असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई। इन तीनों राज्यों में कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत जारी हुआ है। इसके साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग है। असम की 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। 4 मई को मतगणना होगी।

5 बजे तक मतदान की स्थिति

केरलम 75.0% (2021 में 69.8%), असम 84.4% (2021 में 76.8%), पुडुचेरी 86.9% (2021 में 77.9%)

पुदुचेरी में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प, लाठीचार्ज

पुदुचेरी के मन्नादीपेट विधानसभा क्षेत्र के तिरुकानूर गांव में गुरुवार को मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र के पास भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर आपत्ति जताई। कांग्रेस का कहना है कि वहां केवल मतदाताओं को होना चाहिए। इसके बाद दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने मारपीट शुरू कर दी।

ओडिशा से मुंबई ले जा रहे थे 1.71 करोड़ का गांजा

ट्रक सहित 5 गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। सिंघोड़ा क्षेत्र में पुलिस ने 312 किलो गांजा जब्त किया है जिसकी बाजार कीमत 1 करोड़ 71 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। तस्करी में शामिल परिवहनकर्ताओं और खरीदारों समेत कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सिंघोड़ा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: महासमुंद पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उड़ीसा से अवैध गांजे की एक बड़ी खेप तस्करी कर भेजी जा रही है। इस सूचना के आधार पर सिंघोड़ा इलाके में विशेष टीम द्वारा छापा मारा गया जिसमें 312 किलो गांजा बरामद किया गया।

सबरीमाला केसः सरकार बोली- कई मंदिरों में प्रसाद में शराब दी जाती है

■ कोर्ट यह नहीं कह सकता वहां शराब मत दो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला केस की सुनवाई के दौरान भारत के मंदिरों में रीति-रिवाजों का जिक्र किया। एएसजी नटराज ने कहा, दक्षिण भारतीय मंदिरों में प्रसाद के रूप में मदिरा दी जाती है। कल को आप इस पर यह आपत्ति नहीं उठा सकते कि मदिरा न दी जाए।

एक उदाहरण देता हूं, कई मंदिरों में शाकाहारी भोजन परोसा जाता है, और अगर कोई व्यक्ति अपनी पसंद या अंतरात्मा की आवाज पर कहता है कि वह मांसाहारी भोजन करना चाहता है, तो वह किसी खास संप्रदाय के पास जाकर यह नहीं कह सकता कि मेरा यह अधिकार है और मुझे यही परोसा जाना चाहिए। उसे उन श्रद्धालुओं के अधिकारों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है।

गरमा-गरम

शिक्षा में सुधार : गूगल और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच बड़ी साझेदारी

एआई शिक्षा से छत्तीसगढ़ बनेगा ज्ञान और नवाचार का हबः सीएम

■ 2 लाख शिक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गूगल इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात कर प्रदेश में 'एआई सक्षम शिक्षा अभियान' की शुरुआत की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना और शिक्षकों को डिजिटल युग के अनुरूप सशक्त करना है।

शिक्षकों को एआई प्रशिक्षण: 'सक्षम शिक्षक अभियान' के तहत राज्य के 2 लाख से अधिक शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण और प्रमाणन दिया जाएगा।

गूगल के साथ साझेदारी: गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया इस पूरे अभियान के लिए अपना डिजिटल प्लेटफॉर्म निःशुल्क उपलब्ध कराएगा।

पायलट प्रोजेक्ट: इस अभियान की शुरुआत रायपुर जिले से पायलट प्रोजेक्ट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परिवर्तनकारी कदम: सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि एआई जैसी तकनीकों को शिक्षा से जोड़ना प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए एक निर्णायक कदम है। इससे न केवल शिक्षण पद्धतियां प्रभावी होंगी, बल्कि छत्तीसगढ़ एक ज्ञान-आधारित और तकनीकी रूप से सशक्त राज्य के रूप में स्थापित होगा। गूगल इंडिया के प्रतिनिधियों ने रायपुर जिला प्रशासन के साथ हुए लेटर ऑफइंटेंट की जानकारी भी साझा की।

जिला प्रशासन और गूगल के बीच एमओयू

रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन और गूगल के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में सुधार हो सके।

5 नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे, एमबीबीएस की सीटें बढ़ेंगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा विस्तार होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि राज्य में जल्द ही 5 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। इस फैसले से प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को मजबूती मिलेगी और छात्रों को बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।

एमबीबीएस सीटों में बड़ा इजाफा: प्रत्येक नए मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटें होंगी। इस तरह कुल 250 नई सीटें जुड़ेंगी। अभी प्रदेश में 10 सरकारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इन स्थानों पर बनेंगे नए मेडिकल कॉलेज

राज्य सरकार द्वारा मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, गीदम (दंतेवाड़ा) और कुनकुरी (जशपुर) में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। इन संस्थानों के शुरू होने से दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्राकरन, ग्रामीणों चर्चा कर दी योजनाओं की जानकारी

■ **लाभार्थियों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से खुश है**

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर गांव बस्ती चलो अभियान अंतर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे दर्रीपारा के अनेक ग्रामों का दौरा कर सीधे ग्रामीणों से चर्चा की गांव की मूलभूत समस्या सुनी। इसके अलावा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अनेक योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों ने चर्चा के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की संचालित योजनाओं के लाभ मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत अभियान की तरफदेश आगे बढ़ रहा है । उनके साथ दौर में भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, बिंद्रानवागढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम ,त्रिलोक राठौर, मौजूद थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने ग्राम दर्रीपारा और रावण डिग्गी में ग्रामीणों को संबोधन में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव गरीब और किसानों के

विकास के लिए संकल्पित है। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धि यह है कि तेजी से विकास कार्य हो रहा है। विकास के मामले में गांव और शहर की तस्वीर बदल रही है। कहा कि शासन की योजना कल आप सीधे लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि के अलावा केंद्र सरकार की सैकड़ो योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को सीधे मिल रहा है। वहीं राज्य की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार छत्तीसगढ़ में लाने में सफ्ल हुई है। महतारी वंदन की राशि प्रत्येक माह महिलाओं को मिल रही है।इस अवसर पर मुकेश बिसेन,प्रीतम प्रधान, बरातुराम ध्रुव, वेश राठौर, भूपेंद्र ध्रुव ,रमेश ध्रुव,अघन सिंह ठाकुर, भादूराम ध्रुव,ललित ध्रुव,रूपेशध्रुव ,गिरधारी ध्रुव,गणेशराम ध्रुव,बलराम देवांगन, प्रहलाद ठाकुर एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध

भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी पूरा करने का वायदा सरकार ने किया था। उसी के तहत कार्य किया जा रहे हैं। जी राम जी योजना से गांव विकास से खुशहाल होगा। उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चुनाव के बाद भाजपा नेताओं ने दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि राशन प्रत्येक माह मिल रहा है।

न्यूज गैलरी

विशेष ग्राम सभा का आयोजन 14 अप्रैल को

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार 14 अप्रैल 2026 से जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेशित किया है। ग्राम सभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा।ग्राम सभा में एजेंडा अनुसार चर्चा की जाएगी। इसमें ग्राम सभा की पूर्व वैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन।पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन।पिछ्ली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एर्व कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन। ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाईन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर के दर निर्धारण पश्चात् कर अधिरोपण प्रारंभ करना आदि शामिल है।

ग्राम पंचायत तेलासी में पहुंचा हर घर नल से जल, प्रमाणीकरण के साथ संचालन व्यवस्था हस्तांतरित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन,हर घर जल के अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत तेलास में ग्राम के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। इसके साथ हर घर जल प्रमाणीकरण प्राप्त किया है। उपलब्धि के उपरांत जलापूर्ति योजना का विधिवत हस्तांतरण ग्राम पंचायत को कर दिया गया है।योजना के सफ्ल क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्राम पंचायत स्तर पर पाइपलाइन विस्तार, घरेलू नल कनेक्शन एवं जल संरचनाओं का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया।योजना के दीर्घकालिक संचालन एवं रख-रखाव को सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत में आवश्यक व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं।योजना के संचालन हेतु प्रति परिवार ?80 प्रतिमाह जल कर निर्धारित किया गया है।जल आपूर्ति के नियमित संचालन के लिए स्थानीय स्तर पर पंप ऑपरेटर नियुक्त कोयन गया है। योजना के संचालन, रख-रखाव एवं निगरानी की जिम्मेदारी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सौंपी गई है।जल वाहिनी टीम द्वारा समय-समय पर जल की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

बालोद जिले में राजस्व पखवाड़े का आयोजन निरंतर जारी

बालोद/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आम जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत आज 08 अप्रैल को जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान आम जनता से प्राप्त अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बटवारा, अभिलेख त्रुटिसुधार आदि से संबंधित राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। राजस्व पखवाड़ा को लेकर आम नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने आज सुबह से ही अपने राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायतों में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जिले में आयोजित राजस्व पखवाड़ा के इसी अनुक्रम में गुरूवार 09 अप्रैल 2026 को बालोद तहसील के ग्राम पंचायत उमरादाह, जमरूवा एवं लिमोरा, डौण्डीलोहारा तहसील के ग्राम पंचायत सेम्हरडीह, बैहाकुआ, मंगचुवा, कमकापार, अरजपुरी, चिखली, पिंगाल, डौण्डी तहसील के ग्राम पंचायत सुवरबोड़, अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी एवं कमरौद में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 'राजस्व पखवाड़ा' अप्रैल से जून तक तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026, मई माह में 04 मई से 18 मई 2026 तथा जून माह में 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

देशी मंदिरा बिक्री करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

छुरा/नवप्रदेश। जिले के पुलिस अधीक्षक के द्वारा नशे के विरूद्ध चलाया जा रहा हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में अवैध रूप से शराब बनाने बेचने एवं पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले लोगो में लगाम लगाने के लिए थाना छुरा के स्टाफद्वारा धर पकड की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से शराब बिकी करने वाले दो व्यक्ति के खिलाफदो प्रकरण धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया हैं, जिसमें आरोपीयों के कब्जे से कुल जुमला 15 लीटर 120 एमएल किमती 8400 रूपया अवैध देशी मंदिरा प्लेन व मसाला शराब एवं परिवहन कर रहने मोटर सायकल को पकडा गया। आरोपीयों का कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करने पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं मामला अजमानतीय होने से दोनो आरोपीयों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना छुरा पुलिस का सराहनीय भूमिका रही।

चोरी के बाद ही क्यों जागती है पुलिस?

छुईखदान में बिना लाइसेंस संचालित कबाड़ी दुकानों पर उठे गंभीर सवाल

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर में कबाड़ी दुकानों के संचालन को लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र में जब भी कोई चोरी की घटना सामने आती है, तभी पुलिस द्वारा कबाड़ी दुकानों की जांच की जाती है, जबकि सामान्य दिनों में इनकी नियमित निगरानी नहीं के बराबर है। स्थानीय नागरिकों का कहना है यदि समय-समय पर इन दुकानों की जांच की जाए, तो कई अवैध गतिविधियों का खुलासा हो सकता है।

राजनांदगाँव में हाल ही में हुई कार्रवाई के दौरान करीब 32 लाख रुपये का अवैध लोहा जब्त किया गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कबाड़ी कारोबार के माध्यम से चोरी का सामान खपाया जा सकता है।

किसी को नहीं मिला लाइसेंस, फिर भी संचालन जारी: जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत छुईखदान द्वारा किसी भी कबाड़ी दुकान को अब तक न तो वैध लाइसेंस प्रदान किया गया है और न ही किसी प्रकार का पंजीकरण किया गया है। इसके बावजूद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कबाड़ी दुकानें खुलेआम संचालित हो रही हैं, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

नियमों की अनदेखी

नियमों के अनुसार, कबाड़ी दुकान संचालित करने के लिए नगर पंचायत से अनुमति एवं पंजीकरण अनिवार्य होता है। साथ ही खरीदी-बिक्री का रिकॉर्ड रखना, संदिग्ध वस्तुओं की खरीद पर रोक तथा निर्धारित व्यावसायिक क्षेत्र में ही दुकान संचालित करना आवश्यक है। इसके विपरीत, छुईखदान में कई दुकानें रिहायशी इलाकों में संचालित हो रही हैं।

रिहायशी क्षेत्रों में बढ़ी चिंता

नगर के कई वार्डों में कबाड़ी दुकानों के संचालन से स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बनी हुई है। नागरिकों का मानना है कि इससे चोरी की घटनाओं को बढ़ावा मिल सकता है और असामाजिक तत्वों को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिलता है।

नियमित जांच की मांग

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना किसी घटना का इंतजार किए कबाड़ी दुकानों की नियमित जांच की जाए। साथ ही बिना लाइसेंस संचालित दुकानों पर सख्त कार्रवाई करते हुए रिहायशी क्षेत्रों से उन्हें हटाया जाए।

पीएम राहत योजना अंतर्गत

सड़क दुर्घटना पीड़ितों मरीजों को मिल रहा है निःशुल्क उपचार

बालोद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की पहल पर शुरु की गई पीएम राहत योजना बालोद जिले के सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित को चिन्हित अस्पतालों में त्वरित और पूरी तरह कैशलेस (निःशुल्क) इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना के पीड़िता को त्वरित चिकित्सा सहायता और पीएम राहत योजना के तहत वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर कीमती जान बचाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। हाल ही में घटित अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पुलिस की तत्परता, योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और डिजिटल तकनीक (ई-डार पोर्टल) के समन्वय से पीड़ितों को निशुल्क इलाज मिलना सुनिश्चित हुआ है। बालोद जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन बालोद और पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सहायता और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सफ्लता हासिल की गई है।

इस मामले में पुलिस की तत्परता और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से कीमती जान बचाने और उसे बेहतर उपचार दिलाने में सफ्लता मिली है। पीएम राहत योजना अंतर्गत बालोद जिले में 04 जिंदगियों को नया जीवन मिला है। पिछले 20 दिनों में बालोद पुलिस और प्रशासन की तत्परता से 04 गंभीर सड़क दुर्घटना पीड़ितों को ई-डार पोर्टल और पीएम राहत योजना के तहत कैशलेस (निःशुल्क) उपचार प्रदान किया गया है।

साधना सप्ताह 2026 के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

■ **कलेक्टर बीएस उइके ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में कर्मयोगी भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह (साधना सप्ताह 2026) के अंतर्गत कलेक्टर श्री बीएस उइके की अध्यक्षता में अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिए

अपने-अपने स्तर पर सभी आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि 2 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक यह विशेष अधिगम अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समन्वित, समयबद्ध तथा केन्द्रित अधिगम विकसित करना है, ताकि प्रशासनिक कार्यक्षमता में और अधिक सुधार हो सके।

इस दौरान एनआईसी के उपनिदेशक श्री नेहरू निराला ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी अधिकारी-कर्मचारी को प्रत्येक बारीकियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और उनके समस्याओं का समाधान भी बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी अधिकारी-कर्मचारी के लिए आवश्यक है।

सीसी सड़क एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन

■ **बारिश में स्कूली बच्चों को नही होगी परेशानी**

छुरिया/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत आमगांव (छु.) व गर्रापार, घोटिया, टेकेहर्रा में ग्रामीणों की मांग पर संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ने सीसी सड़क निर्माण कार्य, नाली निर्माण हेतु स्वीकृति दिलाई है। जिसका भूमिपूजन संपन्न हुआ, इस अवसर पर स्वयं उपस्थित होकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उभे राम मंडावी जनपद सदस्य, तोरण दास वैष्णव, राकेश वाल्दे सरपंच मौजूद रहे । एक संक्षिप्त कार्यक्रम

में जनपद अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीणों में बहुत ही खुशी और गर्व का अवसर है कि हमारे क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन/लोकार्पण हो रहा है। यह केवल एक सड़क या नाली नहीं है, बल्कि यह हमारे गांव/क्षेत्र के विकास की नई दिशा और नई पहचान है। सड़क किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है। जहां अच्छी सड़क होती है, वहां विकास अपने आप पहुंच जाता है। आज तक हम सबने कच्ची सड़कों की समस्याएं झेली हैं बरसात के समय कीचड़, आने-जाने में परेशानी, बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई, और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी।

गरियाबंद में विवाह पूर्व संवाद केंद्र का शुभारंभ

युवाओं को मिलेगा वैवाहिक जीवन से जुड़े मार्गदर्शन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में विवाह पूर्व संवाद केंद्र का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से युवाओं एवं भावी दंपत्तियों को विवाह से पूर्व आवश्यक मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस केंद्र का उद्देश्य विवाह से पूर्व आपसी समझ, पारिवारिक जीवन की तैयारी, स्वास्थ्य जागरूकता, कानूनी अधिकारों एवं दायित्वों की जानकारी प्रदान करना है, ताकि वैवाहिक जीवन सुदृढ़ एवं संतुलित बन सके।महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय ने बताया कि प्री मैरिटल काउंसलिंग एवं कम्युनिकेशन सेंटर के माध्यम से विवाह पूर्व परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसमें दहेज निषेध, घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

धरसीवां में ई-केवाईसी के नाम पर महिलाओं को भटकाने का आरोप, कांग्रेस ने दी घेराव की चेतावनी

धरसीवां / नवप्रदेश।। महिला एवं बाल विकास विभाग धरसीवां-2 में ई केवाईसी प्रक्रिया को लेकर अव्यवस्था और महिलाओं को हो रही परेशानी का मामला सामने आया है। मंडल कांग्रेस कमेटी धरसीवां के अध्यक्ष साहिल खान ने इस संबंध में परियोजना अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायत में कहा गया है कि ई केवाईसी के नाम पर क्षेत्र की महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है और उन्हें बार-बार

कार्यालयों तथा च्वाइस सेंटरों के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को अनावश्यक मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई महिलाएं दूर-दराज के क्षेत्रों से आने को मजबूर हैं, बावजूद इसके उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

साहिल खान ने बताया कि इस मुद्दे को पहले भी विभाग के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि श्व-चङ्घष्ट प्रक्रिया स्पष्ट रूप से शुरू नहीं होने के कारण भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिसका खामियाजा आम महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। मंडल कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से ई - केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए और महिलाओं को भटकाने की स्थिति समाप्त की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

योजनाओं की प्रगति के साथ जल संरक्षण पर विशेष जोर

ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर अविनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रोजगार दिवस, आवास दिवस तथा चावल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना

रहा। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर, आजीविका डबरी तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभों के बारे में बताया। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम में डिजिटल तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में अमृत सरोवर के कार्यों की जानकारी क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से मोबाइल पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बारे में लोगों को बताया गया। साथ ही क्यूआर कोड स्कैन करते ही संबंधित अमृत सरोवर की लागत, कार्य की प्रगति, स्थान तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगी। इससे ग्रामीणों को विकास कार्यों की जानकारी पारदर्शी तरीके से मिल सकेगी और आम नागरिक भी इन कार्यों की निगरानी में सहभागी बन सकेंगे।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए यह भी बताया गया कि सभी स्वीकृत कार्यों को 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाए। पंचायत स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है इसलिए कार्यों को समय पर पूरा करना और मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना भी प्राथमिकता क्रम है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे आवास निर्माण कार्यों में हितग्राहियों को मिलने वाली 90 दिन की मजदूरी का मस्टर रोल समय पर जनरेट कराया जाए ताकि मजदूरी का भुगतान समय पर हो सके। आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने और लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की गई। वहीं पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

जिले में ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ

बालोद/नवप्रदेश। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार बालोद जिले में ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्यवन का कार्य प्रारंभ हो गया है।

बालोद जिले में इसका सफ्ल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुरातत्व समिति का भी गठन किया गया। इसके साथ ही पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के कार्यों का सफ्ल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अधूरे पीएम आवासों को समय सीमा में पूरा करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण विकास), उपअभियंता (ग्रामीण विकास), कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक आवास एवं तकनीकी सहायक मनरेगा ने भाग लिया।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम-जनमन योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चल रहे आवास निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-26 में कुल 71,508 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 45,889 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 25,619 आवास प्रगति पर हैं। कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल ने निर्धारित समयावधि में सभी अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने की दिशा में कड़ी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने पीएम-जनमन योजना के तहत भी प्रगति न आने पर नाराजगी व्यक्त की और समस्त अपूर्ण आवासों को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने तकनीकी सहायकों को प्रत्येक आवास में रेनवाटर हार्वेसिंग सिस्टम स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल संरक्षण और सर्वधन से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने तथा ''नवा तरिया आय के जरिया'' योजना के तहत नए तालाबों का चयन और कार्य पूर्णता के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत शौचालय निर्माण और ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को भी अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला विकास प्राधिकरण योजना के तहत अपूर्ण कार्यों को 30 अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने की दिशा में भी सख्त निर्देश दिए गए।

जनसमस्या निवारण शिविरों की तिथियां तय

जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार ये शिविर 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर 2 जुलाई तक विभिन्न तहसीलों में आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करने पर विशेष जोर रहेगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 अप्रैल को बिल्हा से शिविरों की शुरुआत होगी। इसके बाद 25 अप्रैल को बिलासपुर और 30 अप्रैल को तखतपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। मई माह में 8 मई को मस्तूरी, 16 मई को कोटा, 22 मई को बेलतरा तथा 28 मई को सकरी में शिविर लगाए जाएंगे। इसी क्रम में जून माह में 4 जून को बेलगहना, 12 जून को रतनपुर, 20 जून को पचपेड़ी और 25 जून को सीपत में शिविर आयोजित होंगे। अंतिम चरण में 2 जुलाई को बोदरी में शिविर आयोजित कर अभियान का समापन किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित तिथियों पर शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के निर्देश एसडीओ राजस्व और सीईओ जनपद को दिए गए।

न्यूज गैलरी

महुआ शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब की अवैध बिक्री करने वाले शराब कोचियों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शराब कोचिये से 13 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2600 रूपए जब्त किया है। शराब कोचिये को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मधुलिका सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन व प्रशिक्षु अंशिका जैन थाना प्रभारी रतनपुर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया है, उक्त पुलिस टीम द्वारा लगातार थाना रतनपुर क्षेत्र में नशें के व्यापारियों पर कार्रवाई की जा रही है। 7 अप्रैल को भी थाना रतनपुर पुलिस द्वारा ग्राम कोरबाभांवर में शराब कोचिये द्वारा अवैध रुप से भारी मात्रा में शराब बिक्री करने की सूचना पर रेड कार्रवाई कर आरोपी बुधवार सिंह सौंता के कब्जे से रतनपुर कोरबाभांवर रोड पर 13 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2600 रूपये को जप्त कर आरोपी बुधवार सिंह सौंता के उपर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

परमेश्वरी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 1.80 करोड़ स्वीकृत

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तखतपुर नगर पालिका में परमेश्वरी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ 79 लाख 60 हजार रुपए की पुनरीक्षित स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तखतपुर नगर पालिका में परमेश्वरी तालाब के पहले चरण के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 18 लाख 72 हजार रुपए, दूसरे चरण के कार्य के लिए 84 लाख 97 हजार रुपए तथा तीसरे चरण के लिए 73 लाख 85 हजार रुपए मंजूर किए हैं।

10-20 और 50 रुपए की गड्डियां बरामद, बैंकों से जुटाता था पैसे

छोटे नोटों की कमीशन लेकर एमपी में करता था सप्लाई 17.90 लाख सहित कारोबारी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से मध्य प्रदेश में कमीशन के लिए छोटे नोट सप्लाई किए जा रहे हैं। बिलासपुर में बेलगहना पुलिस और एसीसीयू टीम ने एक कारोबारी के पास से 17.90 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें 10, 20 और 50 रुपए के नए नोटों की 81 गड्डियां शामिल है। मामला बेलगहना थाना इलाके का है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवन बजाज 35 वर्ष निवासी बिलासपुर के सिटी कोतवाली कश्यप कॉलोनी के रूप में हुई है। युवक तांबा-पीतल स्क्रेब का कारोबार भी करता है। जिसके चलते उसका बैकों में आना जाना रहता है। इसी माध्यम से उसने बैंक अफसरों से परिचय बढ़ाकर करेंसी नोट खपाने का अवैध धंधा करने लगा।

कमीशन पर सप्लाई करता था नोट

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि, वह इन छोटे नोटों की गड्डियों को कमीशन पर सप्लाई करता था। हर बंडल पर उसे 200 से 1000 रुपए तक का कमीशन मिलता था। वह शहर के साथ-साथ जिले के बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क कर नोट जुटाता था।

सूटकेस और पिट्ठू बैग में पैसे लेकर घूम रहा था

बुधवार रात को बेलगहना पुलिस और एसीसी टीम इलाके में पेट्रोलिंग और जांच कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि टेगनमाड़ा रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति दो सूटकेस और एक पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध हालत में घूम रहा है। इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों रजनेश सिंह, मधुलिका सिंह और निमितेश सिंह को दी गई। उनके निर्देश पर टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। युवक ने पुलिस को बताया कि वह बैंकों से करेंसी नोटों को इकट्ठा कर मप्र के कटनी, शहडोल और आसपास के व्यापारियों के यहां खपाता था। इन नोटों को कहां से लाया था, इसकी जानकारी नहीं दे पाया।

माय भारत युवा विकास कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के 6 छात्र-छात्राएं चयनित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर के लिए गौरव का विषय है कि महाविद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं का चयन भारत सरकार के प्रतिष्ठित माय भारत युवा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 'बजट क्वेस्ट' प्रतियोगिता के राष्ट्रीय चरण के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 12-13 अप्रैल 2026 को आईआईआईटी रायपुर में आयोजित की जाएगी।चयनित प्रतिभागियों में कु. मानसी चंद्राकर, एम.एससी. पूर्व, वेदराम वर्मा, बी.एससी. (कृषि) चतुर्थ वर्ष, कु. ईशा पटेल एवं कु. स्तुति गुप्ता, बी.एससी. (कृषि) द्वितीय वर्ष, तथा कु. तृषा चंद्राकर एवं कु. योगेश्वरी निषाद, बी.एससी. (कृषि) प्रथम वर्ष शामिल हैं। इन छात्रों ने अपनी शैक्षणिक दक्षता एवं विश्लेषणात्मक क्षमता के आधार पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा चयनित सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया गया है कि वे 11 अप्रैल 2026 को आईआईआईटी रायपुर में उपस्थित होकर माय भारत कार्यक्रम के उपनिदेशक/जिला अधिकारी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एन.के. चौरे, वैज्ञानिक एवं मेंटर अजीत विलियम्स सहित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि युवाओं में नीति निर्माण एवं आर्थिक समझ के प्रति बढ़ती जागरूकता का भी प्रतीक है।

स्काउट प्याऊ घर में डा. सोमनाथ ने किया जल वितरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला बिलासपुर के स्काउटस, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स और शिक्षकों द्वारा कलेक्टर कार्यालय के पास लगातार प्याऊ घर का संचालन कर राहगीरों को जल पिलाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य राज्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव शामिल हुए।

देश में नक्सलवाद के खात्मे पर अभाविप ने निकाली शवयात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर द्वारा देश में नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में मिली बड़ी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतीकात्मक रूप से नक्सलवाद की शवयात्रा निकाल कर शव दहन किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के अंत और देश में शांति एवं विकास के नए युग के आगमन का संदेश दिया। शवयात्रा स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड के रास्ते शहीद अमर जवान चौक पहुंची जहां प्रतीकात्मक रूप से शव दहन कर अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ नक्सलवाद के विरुद्ध अपनी एकजुटता और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री हेमांशु कौशिक ने कहा कि नक्सलवाद लंबे समय से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती रहा है, जिससे निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार तथा सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता देश के लिए गर्व का विषय है। बिलासपुर महानगर के मंत्री अतींद्र धर दीवान ने नक्सलवाद के अंत पर जताया हर्ष एवं युवाओं से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं और किसी भी प्रकार की हिंसक व राष्ट्रविरोधी विचारधाराओं से दूर रहें। इस अवसर पर प्रांत सह मंत्री हेमांशु कौशिक, महानगर मंत्री अतिंद्र धर दीवान, अजय दुबे, रिशु साहू, वैष्णवी परसाई, अद्वैत, नैतिक, प्रेम, देवेश, तुषार, सुधांशु, प्रशुन, विपुल, दिव्यांशु, तेजस्वी, निखिल, झंकार , उत्तम, राहुल, मानसी, श्रेया, मीनाक्षी, जाह्नवी, अंशु एवं बड़ी संख्या में एबीवीपी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री के हाथों चार शिक्षकों को मिला एफएलएन वारियर्स सम्मान

करगीरोड (कोटा)/ नवप्रदेश। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एवं नवीन शिक्षण पद्धति नवाजतन को विद्यालय में अपना कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के चार शिक्षकों को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जिले के चार शिक्षकों को जिसमें कोटा ब्लॉक से नारायण सिंह नायक सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला केकराड़ीह, ईश्वरी पांडे प्रधान पाठिका प्राथमिक शाला धरमपुरा बिल्हा से शकील अहमद खोखर प्रधान पाठक नयापारा गोंदइया एवं किरण माध्यमिक शाला धूमा बिल्हा को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर एफ एल एन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान से नवाजा गया।

चयनित शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके मेहनत, लगन, कार्य की सराहना की एवं उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे केवल अपने स्कूल तक सीमित न रहकर पूरे संकुल की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने में योगदान दें क्योंकि जितने मजबूत प्रारंभिक शिक्षा होगी बच्चा उतना ही अधिक तरक्की करेगा। यह सम्मान शिक्षकों द्वारा स्वेच्छा से स्वीकार की गई एक कठिन राज्य स्तरीय चुनौती के तहत दिया गया जिसमें तीन चरण में आकलन, गतिविधि अनुभव संग्रह और ऑनलाइन साक्षात्कार शामिल थे इन सभी चरणों में छत्तीसगढ़ राज्य से कई हजार शिक्षकों ने भाग लिया था जिसमें 100 शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सुपर 100 में शामिल किया गया तथा इन सभी 100 शिक्षकों को एफ एल एन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डेमो प्रदर्शन, अनुभव प्रस्तुति, एफ एल एन, नवजातन के नवीन शिक्षण पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रिसोर्स शिक्षक परिवार अध्यक्ष आर के जलतारे पूर्व उपसंचालक लोक शिक्षण संचनालय छत्तीसगढ़ से आशुतोष चावरे , राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के ज्वाइन डायरेक्टर आदरणीय के कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविंद मिश्रा गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी धीर जी एस सीईआरटी रायपुर नवा जतन के जनक सुनील मिश्रा शबनम खान एफ एल एन प्रकोष्ठ प्रभारी एससीईआरटी रायपुर एवं दुर्ग जिले के वरिष्ठ जन प्रतिनिधि एवं राज्य भर से सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, एवं सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं दिए।

सुविधाः आधुनिक सिग्नलिंग से बढ़ी क्षमता, एक साथ कई ट्रेनों का सुगम एवं संरक्षित परिचालन संचालन संभव

रायपुर-उरकुरा-मांढर रेलखंड ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली से लैस

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ रेल परिचालन की क्षमता बढ़ाने हेतु निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपना रहा है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर-उरकुरा एवं उरकुरा-मांढर रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है।

इस परियोजना के अंतर्गत रायपुर-उरकुरा (लगभग 3 किलोमीटर, डबल लाइन) तथा उरकुरा-मांढर (लगभग 9 किलोमीटर, ट्रिपल लाइन) रेलखंड पर कुल 12 किलोमीटर लंबाई में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू की गई है, जो डबल लाइन समतुल्य लगभग 21 किलोमीटर के बराबर है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस परियोजना के तहत अब तक कुल 21 किलोमीटर डबल लाइन समतुल्य ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस आधुनिक प्रणाली के अंतर्गत 14 नए ऑटोमेटिक सिग्नल एवं 2 सेमी-ऑटोमेटिक सिग्नल स्थापित किए गए हैं। साथ ही कुल 80 डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC, Sigma मेक)

लगाए गए हैं, जिनमें ड्यूल डिटेक्शन एवं मीडिया डाइवर्सिटी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे ट्रेन की सटीक एवं रीयल-टाइम स्थिति का पता लगाया जा सकता है। रायपुर-उरकुरा खंड में अप एवं डाउन लाइनों पर 3-3 ऑटो सेक्शन तथा उरकुरा-मांढर खंड में अप, डाउन एवं मिड लाइन (द्विदिशीय) पर 4-4 ऑटो सेक्शन बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, इंटर-स्टेशन ब्लॉक इंटरफेस ट्रांसमिशन के लिए यूनिवर्सल फेल-सेफ ब्लॉक इंटरफेस प्रणाली तथा उरकुरा-मांढर खंड में मिड लाइन के लिए डायरेक्शन सेटिंग पैनल की सुविधा भी प्रदान की गई है। संरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समपार फाटक संख्या 417 पर एक नया ऑटो हाट भी स्थापित किया गया है, जिससे सिग्नलिंग प्रणाली की विश्वसनीयता और बेहतर हुई है।

एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों का संचालन संभव

ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू होने से अब एक ही ब्लॉक सेक्शन में एक ही दिशा में एक से अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हो गया है। इससे ट्रेनों की गति में वृद्धि, समय की बचत तथा लाइन क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब ट्रेनों को आगे बढ़ने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता, जिससे परिचालन अधिक सुचारु एवं कुशल हो गया है। रेलवे में सिग्नलिंग प्रणाली का आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा परिचालन की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है, जिससे न केवल ट्रेनों की गति और संख्या में वृद्धि हो रही है, बल्कि यात्रियों को संरक्षित एवं विश्वसनीय यात्रा अनुभव भी सुनिश्चित हो रहा है।

शिवतराई में नवा तरिया आय के जरिया के तहत चौपाल आयोजित

करगीरोड (कोटा)/ नवप्रदेश। जनपद पंचायत कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवतराई में ''नवा तरिया आय के जरिया मोर-गाँव, मोर-पानी के तहत पूरे ग्राम पंचायत में चौपाल के माध्यम से ग्राम के सम्पूर्ण विकास और आवश्यकता के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की गई । ग्रामीणों द्वारा गाँव के हित और आवश्यकता से अवगत कराया गया। साथ ही पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) एवं तकनीकी सहायक द्वारा ग्राम में उपलब्ध समस्त कार्यों को समय पर पूर्ण करने, ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने एवं शासन द्वारा जल संरक्षण के कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर नवा तरिया बनाने हेतु उपयुक्त स्थल हेतु निरीक्षण किया गया साथ ही ग्रामीणों के साथ आवास, मनरेगा के कार्यों को समय में पूर्ण करने निर्देश सभी संबंधितों को दिया गया।

सुविचार

किसी से अदालत हो जाए तो भी उसकी राह में कांटे न बिछाएं, क्या पता कभी आपको उससे मिलने जाना पड़ जाए?

सीजफायर के बाद अब जुबानी जंग

अमेरिका और ईरान के बीच जैसे तैसे सीजफायर तो हो गया है लेकिन अब दोनों के बीच जुबाली जंग शुरू हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर इरान को धमकी दी है कि ईरान ने समझौते को नहीं माना तो अमेरिका ने इरान के खिलाफ और बड़ी कार्यवाही करेगा हमारी महान सेना और बड़े हमले की तैयारी कर रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा है कि जब तक समझौता नहीं हो जाता तब तक खाड़ी देशों में अमेरिका की सेना तैनात रहेगी। इसके जवाब में इरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागजी ने बयान दिया है कि संघर्ष विराम के लिए ईरान की शर्तें बिलकुल साफ है। यदि उनका पालन नहीं किया गया तो इरान सीजफायर तोड़ने पर मजबूर हो जाएगा। ईरानी विदेश मंत्री के मुताबिक सीजफायर होने के बाद भी इजराइल ने लेबनान पर अपने हमले तेज कर दिये हैं जो युद्ध विराम की शर्तों का सरासर उल्लंघन है इस पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा है कि ईरान को गलतफहमी हुई है। सीजफायर में लेबनान शामिल नहीं है। उनके इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रया देते हुए ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागर ने कहा है कि सीजफायर होने के बाद भी उसकी तीन शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है जिसमें इजराल द्वारा लेबनान पर हमला करना सीजफायर की शर्तों का घोर उल्लंघन है इसीलिए हम अमेरिका पर भरोसा नहीं करते क्योंकि वादों से मुकरना उसकी पुरानी आदत है। ईरान ने अभी तक होर्मूज से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाई है। कल सीजफायर की घोषणा होने के बाद उसने होर्मूज के चार जहाजों को छोड़ दिया लेकिन जैसे ही इजराइल ने लेबनान पर हमला किया तो इरान ने फिर से होर्मूज पर नाकेबंदी कर दी। ऐसा लगता है कि इस सीजफायर में इजराइल में लेबनान पर हमला करके पेंच फंसा दिया है। वैसे भी इजराइल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर वाले फैसले से नाखुश है। यह बात अलग है कि अमेरिका के दबाव में इजराइल पे अमेरिका ने सीजफायर पर अपनी सहमति जता दी है लेकिन उसने लेबनान पर अपने हमले और तेज कर दिये हैं जिसकी वजह से ईरान ने अब अमेरिका पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है और डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के जवाब में उसे भी धमकाना शुरू कर दिया है। यदि दोनों के बीच इसी तरह जुबानी जंग तेज होती रही तो यह सीजफायर कभी भी टूट सकता है। डोनाल्ड ट्रंप अपनी विश्वसनियता पहले ही खो चुके हैं जिस तरह वे बार बार अपनी बातों से पलटते हैं और फिर से धमकी चमकी देने पर उतारू हो जाते हैं उससे भी सीजफायर को लेकर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। कल ही उन्होंने फिर यह ऐलान किया था कि 40 दिनों तक चली जंग के दौरान जिन जिन देशों ने ईरान की सैन्य मदद की है उन सभी देशों पर भी तत्काल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। इससे भी ईरान नाराज हो गया है। यदि डोनाल्ड ट्रंप अपनी सनक में इसी तरह की बयानबाजी करते रहे तो इस सीजफायर का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप भले ही यह कह रहे हों कि सीजफायर करके उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और उन्होंने इस जंग में ईरान को सबक सिखाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है लेकिन सच्चाई तो यह है कि ईरान ने उन्हें सबक सिखाया है और अमेरिका को उसकी औकात दिखाई है। यह बात इसी से स्पष्ट होती है कि खुद अमेरिका में ही डोनाल्ड ट्रंप का भारी विरोध शुरू हो गया है। वहां की विपक्षी पार्टी ने डोनाल्ड ट्रंप के निवास वाइट हाउस के सामने जाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया है और डोनाल्ड ट्रंप ने इस्तीफा देने की मांग है और उनका कहना है कि इस तरह से डोनाल्ड ट्रंप अपनी बातों से पलटते हैं और जंग में अपनी रणनीति बदलते हैं उससे पूरी दुनिया में अमेरिका का मजाक उड़ाया जा रहा है इससे लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है इसलिए वे राष्ट्रपति पद के योग्य नहीं है। उन्हें तत्काल राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अमेरिका में यह भी सवाल उठ रहे हैं इस जंग से आखिर हासिल क्या हुआ है। यही वजह है कि अब डोनाल्ड ट्रंप और ज्यादा बौखला गये हैं और वे फिर से ईरान को धमकाने लगे हैं। यदि वे इसी तरह की हरकतें करेंगे तो जाहिर है कि बड़ी मुश्किल से सीजफायर के लिए राजी हुआ ईरान भी संघर्ष विराम को तोड़ने पर मजबूर हो जाएगा और यह संघर्ष विराम दो सप्ताह क्या एक सप्ताह भी नहीं चल पाएगा। यदि ऐसा हुआ तो एक बार फिर मिडिल ईस्ट जंग की आग में झुलसने लगेगा और इसका गंभीर दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा।



सदगुरू ऋतेश्वर

सद्‌गुरू बोधामृतम्

- हर दुख का प्रारंभ आपकी सोच से शुरू होता है। वह सोच संभल गई तो सब संभल गया।
- यदि अतीत के अस्तित्व के विषय में सोचेंगे नहीं तो दुख हमारा कुछ बिगाड़ेगा नहीं। यही अध्यात्म है, यही परम ज्ञान है।
- गोविंद कुछ भी करूँ, लक्ष्य बस तू ही रहे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1868 - इथियोपिया में ब्रिटिश और भारतीय सेना ने टेवॉड्रोज़ द्वितीय की सेना को हराया और इस युद्ध में 700 इथियोपियन मारे गये, जबकि सिर्फदो ब्रिटिश-भारतीय सैनिक शहीद हुए। 1875 - स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना की। 1912 - टाइटैनिक ब्रिटेन के साउथेप्टन बंदरगाह से अपनी पहली और आखिरी यात्रा पर रवाना हुआ। 1916 - पहले गोल्फ टूर्नामेंट का प्रफेशनल तरीके से आयोजन। 1917 - महात्मा गांधी ने बिहार में 10 अप्रैल, 1917 को 'चंपारण सत्याग्रह' की शुरुआत की। 1930 - पहली बार सिंथेटिक रबर का उत्पादन हुआ। 1972 - ईरान में भूकंप से करीब 5 हजार लोगों की मौत। 1972 - जैविक हथियारों पर के विकास, उत्पादन और भंडारण पर जैविक हथियार संधि के जरिए रोक लगा दी गई। इसपर 150 से ज्यादा देशों ने हस्ताक्षर किए। 1973 - पाकिस्तान ने संविधान में संशोधन कर जुल्फिक्कार अली भुट्टो को राष्ट्रपति के स्थान पर प्रधानमंत्री बनाया।

बस्तर 2.0: नक्सलवाद से शांति के बाद विकास का रोडमैप

अशोक कुमार साहू

लगभग साढ़े चार दशक तक हिंसा, भय और अविश्वास के साये में जीने वाला बस्तर आज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सशस्त्र माओवादियों के खात्मे संबंधी बयान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा गृह मंत्री विजय शर्मा के दृढ़ दावों ने यह संकेत दिया है कि बस्तर अब एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। यह केवल सुरक्षा परिदृश्य में बदलाव नहीं, बल्कि एक लंबे संघर्ष के बाद उभरती उम्मीदों का क्षण है। लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट है कि बंदूकों की खामोशी अपने आप विकास की गारंटी नहीं देती। अब असली परीक्षा इस शांति को स्थायी बनाते हुए बस्तर को विकास, विश्वास और अवसरों की मुख्यधारा में शामिल करने की है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री साय का नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर 'बस्तर रोडमैप 2.0' का विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण और समयोचित पहल है। यह पहल केवल योजनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि उस सोच का प्रतीक है जो बस्तर को सुरक्षा समस्या के नजरिए से निकालकर विकास की संभावनाओं के केंद्र के रूप में देखना चाहती है।

बस्तर में आई शांति अचानक नहीं आई है। इसके पीछे सुरक्षा बलों के हजारों जवानों और निर्दोष नागरिकों की शहादत जुड़ी है। दशकों की हिंसा के बाद जो स्थिरता हासिल हुई है, उसे बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इतिहास यह भी बताता है कि केवल सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होते; यदि विकास और सामाजिक न्याय समानांतर रूप से नहीं चलते, तो असंतोष फिर सिर उठा सकता है।

इसी संदर्भ में 'बस्तर 2.0' का ब्लूप्रिंट महत्वपूर्ण हो जाता है, जो 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' जैसी रणनीति पर आधारित है। इसका स्पष्ट संकेत है कि सरकार केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर भी जोर दे रही है। बस्तर की सबसे बड़ी समस्या हमेशा से कनेक्टिविटी रही है। घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक स्थिति और कमजोर सड़क नेटवर्क ने इस क्षेत्र को विकास से दूर रखा। प्रस्तावित योजना के तहत 228 नई सड़कों और 267 पुलों का निर्माण, साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य, इस दिशा में बड़ा कदम है। रेल लाइन विस्तार, एयरपोर्ट विकास और इंद्रावती नदी पर बैराज निर्माण जैसी परियोजनाएं न केवल कनेक्टिविटी सुधारेंगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी। यह समझना जरूरी है कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और प्रशासन तक पहुंच का माध्यम भी है। बस्तर के विकास की असली कसौटी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार होगी। एजुकेशन सिटी, मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की योजनाएं इस दिशा में सकारात्मक संकेत देती हैं। 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदलने का निर्णय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अस्थायी व्यवस्था से स्थायी संस्थागत ढांचे की ओर संक्रमण का प्रतीक है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करना और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाना, उन व्यावहारिक समस्याओं को

संबोधित करता है जो अब तक डॉक्टरों की कमी का कारण रही हैं। इंद्रावती नदी पर देउरगांव और मटनार में सिंचाई परियोजनाओं से 31,840 हेक्टेयर भूमि को लाभ मिलने की संभावना है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों किसानों के जीवन में बदलाव की संभावना है। बस्तर की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि और वनोपज पर आधारित है, ऐसे में सिंचाई सुविधा का विस्तार आर्थिक स्थिरता का आधार बनेगा। सरकार की तीन वर्षीय योजना के तहत 2029 तक 85त्न परिवारों की आय 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये करने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी जरूर है, लेकिन यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह सामाजिक बदलाव का बड़ा माध्यम बन सकता है। इसके साथ ही लघु वनोपज के मूल्य संवर्धन, स्थानीय उत्पादों के ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ने पर भी समानांतर ध्यान देना होगा।

बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध है। चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज और एडवेंचर टूरिज्म जैसी परियोजनाएं इस दिशा में नए आयाम जोड़ सकती हैं।

'बस्तर ओलंपिक' और 'बस्तर पंडुम' जैसे आयोजन स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर लाने का प्रयास हैं। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी नई पहचान और अवसर मिलेंगे। बस्तर के वर्तमान को समझने के लिए उसके अतीत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 2005 में शुरू हुआ सलवा जुडूम अभियान, जो नक्सलवाद के खिलाफजन आंदोलन के रूप में शुरू हुआ था, समय के साथ विवादों में घिर गया। बड़े पैमाने पर विस्थापन, मानवाधिकार उल्लंघन और सामाजिक विभाजन ने इसे एक असफल प्रयोग बना दिया। इसी तरह 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें महेंद्र कर्मा, नंद कुमार पटेल और विद्याचरण शुक्ल जैसे वरिष्ठ नेताओं समेत 32 लोगों की जान गई, बस्तर के इतिहास का सबसे दर्दनाक अध्याय है। यह घटना केवल एक हमला नहीं थी, बल्कि उस समय नक्सलियों की ताकत और राज्य की सीमाओं का प्रतीक थी।

इन घटनाओं से सबसे बड़ी सीख यह मिलती है कि किसी भी समस्या का समाधान केवल बल प्रयोग से नहीं, बल्कि संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण से ही संभव है। नक्सलवाद के कमजोर पड़ने के बाद सबसे बड़ी चुनौती आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की भी है। केवल आर्थिक सहायता देना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ना होगा। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है समाज में उनकी स्वीकार्यता सुनिश्चित करना, ताकि वे फिर से हिंसा की ओर न लौटें। इसके साथ ही आदिवासी समुदाय को उनके वन अधिकारों का पूर्ण लाभ देना, उनकी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करना और उन्हें विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाना अनिवार्य है। 'बस्तर मुन्ने' जैसे कार्यक्रम यदि ईमानदारी से लागू होते हैं, तो वे शासन और जनता के बीच भरोसे की खाई को पाट सकते हैं।

युद्ध के मुहाने से लौटी दुनिया

महेन्द्र तिवारी

दुनिया कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आ खड़ी होती है, जहाँ एक निर्णय पूरी सभ्यता के भविष्य को बदल सकता है। हाल के घटनाक्रम में यही स्थिति तब बनी जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया। वातावरण इतना तनावपूर्ण था कि किसी भी क्षण युद्ध का विस्तार एक बड़े विनाश में बदल सकता था। अमेरिका की सेना और उसके रक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार थे और संकेत का इंतजार कर रहे थे कि कब हमला शुरू किया जाए। दूसरी ओर ईरान भी अपनी रक्षा और जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार बैठा था। यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रह गया था, बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकट बन चुका था। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए बड़े पैमाने पर हमले की चेतावनी दे दी थी। यदि यह हमला होता, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुँच सकता था। इसके परिणामस्वरूप ईरान की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आती, जो पूरे मध्यपूर्व को युद्ध की आग में झोंक सकती थी। इस पूरे घटनाक्रम में आम लोगों की स्थिति सबसे अधिक भयावह थी। ईरान के भीतर लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तलाश में निकलने लगे थे, जबकि खाड़ी क्षेत्र के देश भी संभावित हमलों से बचने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच कूटनीतिक प्रयास भी तेजी से चल रहे थे। कई देशों ने इस संकट को टालने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य था कि किसी तरह दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रहे और युद्ध टल सके। ईरान की ओर से एक प्रस्ताव सामने आया, जिसमें कई शर्तें रखी गई थीं। शुरू में इस प्रस्ताव को स्वीकार्य नहीं माना गया, लेकिन बातचीत की प्रक्रिया जारी रही। धीरे-धीरे यह स्पष्ट होने लगा कि दोनों पक्ष युद्ध से बचना चाहते हैं, भले ही सार्वजनिक रूप से वे कठोर रुख अपनाए हुए हों। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि

निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहद अनिश्चित और उलझी हुई थी। अमेरिका के भीतर भी यह स्पष्ट नहीं था कि अंतिम निर्णय क्या होगा। स्वयं उसके नेतृत्व के करीबी लोगों को भी यह अंदाजा नहीं था कि अगला कदम क्या होगा। एक ओर कठोर बयान दिए जा रहे थे, तो दूसरी ओर बातचीत के रास्ते खुले रखे जा रहे थे। यह द्वंद्व इस बात को दर्शाता है कि आधुनिक राजनीति में शक्ति और कूटनीति दोनों साथ-साथ चलते हैं। ईरान के भीतर भी निर्णय लेने की प्रक्रिया जटिल थी। वहाँ की सत्ता संरचना में अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व के हाथ में होता है। इस कारण अंतिम सहमति मिलने में समय लगा। लेकिन जब अंततः समझौते की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत मिला, तो बातचीत ने तेजी पकड़ ली। बताया जाता है कि यह निर्णय आसान नहीं था, क्योंकि इसमें सैन्य नेतृत्व और अन्य शक्तिशाली संस्थाओं को भी सहमत करना पड़ा। इसके बावजूद यह कदम उठाया गया, जो इस बात का संकेत है कि युद्ध की कीमत दोनों पक्ष समझ रहे थे। अंततः जो समझौता सामने आया, वह स्थायी शांति नहीं बल्कि अस्थायी विराम था। दोनों पक्षों ने कुछ समय के लिए संघर्ष रोकने पर सहमति जताई। इस समझौते के तहत समुद्री मार्ग को फिर से खोलने और आगे की बातचीत जारी रखने का रास्ता बनाया गया। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि इस मार्ग से विश्व का बड़ा हिस्सा तेल आपूर्ति पर निर्भर करता है। यदि यह बंद रहता, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता। हालाँकि यह समझौता होने के बाद भी स्थिति पूरी तरह शांत नहीं हुई। कई जगहों पर संघर्ष जारी रहने की खबरें सामने आईं और इस बात को लेकर भी मतभेद रहे कि समझौते की शर्तें क्या हैं और उनका पालन कैसे किया जाएगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल एक अस्थायी राहत है, न कि स्थायी समाधान। दोनों पक्षों के बीच कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर अभी भी गहरे मतभेद हैं, जैसे परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध और क्षेत्रीय प्रभाव। इस पूरे घटनाक्रम से एक महत्वपूर्ण बात सामने आती है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि कूटनीति से भी लड़े जाते हैं। कई बार पर्दे के पीछे होने वाली बातचीत ही युद्ध को टाल देती है। इस मामले में भी अंतिम क्षणों में हुई बातचीत ने एक बड़े विनाश को रोक दिया। यदि यह बातचीत विफल हो जाती, तो परिणाम बेहद भयावह हो सकते थे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस संकट में कई देशों ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह दर्शाता है कि आज की दुनिया में कोई भी बड़ा संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहता। उसका प्रभाव वैश्विक होता है और उसे सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक होता है। इसी सहयोग ने इस बार भी युद्ध को टालने में मदद की। फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह शांति स्थायी होगी। इतिहास बताता है कि अस्थायी समझौते अक्सर स्थायी समाधान में बदलने में सफल नहीं होते। जब तक मूल कारणों का समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष की संभावना बनी रहती है। इस मामले में भी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान अभी बाकी है। यदि इन पर सहमति नहीं बनती, तो भविष्य में फिर से तनाव बढ़ सकता है। अंत में यह कहा जा सकता है कि यह घटना केवल एक राजनीतिक या सैन्य घटनाक्रम नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए एक चेतावनी भी है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वोटरों को लुभा रहा फिर से खूवाब झूटा दिखा रहा फिर से माँगता और वक़्त फिर देखो कैसे मूरख बना रहा फिर से जो बढ़ाता है रोज़ मँहगाई बारहा अब रुला रहा फिर से लौट आओ पुराने दिन मेरे ये न वा'दा निभा रहा फिर से अब भरोसा नहीं करो इसपर और सपने दिखा रहा फिर से मुल्क को बेंच देगा इक दिन ये सबसे सच ये छुपा रहा फिर से वोट से चोट अब करो लोगों रोज़ नफ़रत बढ़ा रहा फिर से ये तो बहुरूपिया है 'ऐनुल' जी अश्क झूटा बहा रहा फिर से। **'ऐनुल' बरौलवी**

इश्क में यह निसाब क्या है फ़क़ीर क्या है नवाब क्या है यह बिन सिखाये हुआ है इसमें सवाल क्या है जवाब क्या है वफा की मंजिल के राहियों से मसाफतों का हिसाब क्या है यह जर्द चेहरा ,ये ग़र्क़ आँखें यह जगती आंखों में खूवाब क्या है बिछड़ के तुमसे भी जी रहे हैं इससे बढ़ कर अज़ाब क्या है। **- अनु मित्तल**

ईरान नुकसान का harjana मांग रहा है। ऐसे में इस्राइल को भी ईरान से मांग करनी चाहिए। ईरान के हमले से उसका भी नुकसान हुआ है इसके साथ ही अरब देशों को भी ईरान से मांग करनी चाहिए उनका ईरान ने बहुत नुकसान किया है। ऐसे में ईरान आयेगा बैकफुट में।

- एल.एस. बिष्ट

जिसने दुकान देखी हो तेरी हरी भरी फुटपाथ जैसा इश्क़ उसे भाएगा कहाँ अहसान गर जताना है तो चुप ही ठीक है जा हमसे दूर, देखते हैं जाएगा कहाँ ? मैं सोचती थी तू है जुदा दुनिया से बहुत मुझसे जुदा हो जाएगा, ये सोचा था कहाँ।

- ममता लड़ीवाल

हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती आज का दिन ईरानियों के नाम एक शानदार जीत के रूप में इतिहास में दर्ज होगा। ईरानीयों ने बड़बोले ट्रम्प और सोकाल्ड सर्वशक्तीमान की सारी हेकड़ी निकाल के रख दी और ट्रम्प को आना ही पड़ा बातचित के मेज पर। सबसे बड़ी बात इस सीजफायर में इस्राइल सबसे बड़ा लूजर बन के निकला है। और ईरान मध्य पूर्व का महाशक्ति बन के ऊभरा है।

- राजीव कुमार

गलत किरदार के लोग गलत कर के भी शर्मिंदा नहीं होते । अच्छे किरदार के लोग एक इल्जाम से भी सहम जाते है ।वक़्त रुकता नहीं अपनी चाल में ईमानदार है । वक्त रहते अपने कर्मों के साथ इंसाफ कीजिए,वरन जिंदगी बीते पालों के साथ कभी नजर नहीं आएगी। - मीनू वोहरा

घर का दरवाजा बंद रखना समझ आता है दिल का दरवाजा बंद रखना कहां तक उचित है क्या कोई रिश्ते इतने कमजोर होते हैं ? समय रिश्ते और रिश्तेदार ही बदल जाते हैं ।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप परिजनों के लिए भाग्यशाली साबित होंगे। आज भाग्य का साथ मिलने से आपके द्वारा जल्दबाजी में लिए निर्णय भी लाभ दिलाने वाले ही रहेंगे।

वृष: आज आपके मन मे बड़ी-बड़ी योजनाए चलती रहेंगी लेकिन आज शारीरिक अस्वस्थता कार्यो में बाधा डालेगी। स्फूर्ति की कमी प्रातः काल से ही बनेगी दैनिक कार्यो को भी लाचारी में करना पड़ेगा।

मिथुन: आज आपको हर जगह अनुकूल वातावरण मिलेगा परन्तु आज एक साथ कई काम आने से दुविधा में पड़ जाएंगे जिससे विलंब होगा।

कर्क: आज आप अपने बुद्धि एवं कार्य कौशल से परिवार एवं सार्वजनिक क्षेत्र पर प्रभाव बनाएंगे। लेकिन प्रत्येक क्रिया को संदेह की दृष्टि से देखने के कारण किसी से झगड़ा भी हो सकता है।

सिंह: आज के दिन आपके मन के विपरीत घटनायें घटित होंगी जिससे मन कुछ समय के लिये विचलित होगा लेकिन आज आपकी विवेक शक्ति प्रखर रहने से हर प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने का साहस रहेगा।

कन्या: आज के दिन परिस्थितियां बाधा डालने वाली बन रही है आवश्यक कार्यो को टालना ही बेहतर रहेगा। आज किसी ना किसी रूप में धन हानि की संभावना है।

तुला: आज का दिन आप सुख-शांति से बिताएंगे। कार्य व्यवसाय में कम मेहनत के बाद भी अधिक लाभ होने से आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर बनेगा।

वृश्चिक: आज के दिन आप भागदौड़ की जिंदगी को छोड़ चैन से समय व्यतीत करना पसंद करेंगे लेकिन आकस्मिक कार्य आने से आपकी यह कामना पूरी नही हो सकेगी।

धनु: आज के दिन आप काम-काज से मन चुरायेंगे। घरेलू कार्य भी आज आपको आफत ही लगेंगे इसकी जगह मौज शौक यात्रा पर्यटन की तरफ ज्यादा आकर्षित होंगे जहां आवश्यकता नही वहां भी खर्च करेंगे।

मकर: आज का दिन आपके लिए कष्ट साध्य रहेगा। आज आप जिस किसी से भी सीधी बात करेंगे उसका उल्टा ही जवाब मिलेगा। परिवार में आज किसी पुराने विवाद को लेकर आपस मे झड़प हो सकती है।

कुंभ: आज का दिन लाभदायक रहेगा। प्रातः काल का समय आलस्य में खराब होगा परन्तु इसके बाद कही से प्रसन्नता दायक समाचार मिलेंगे। कार्य क्षेत्र पर आज आप मध्यान तक कि गतिविधियों से दिन भर का लाभ कमा लेंगे।

मीन: आज आप जो भी कार्य करेंगे वह अपना हो या किसी अन्य का उसमे सफलता अवश्य मिलेगी।

QUIZ TIME

1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?

2) हाल ही में खबरों में देखे गए होकेसर वेटलैंड का कौन से राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?

3) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवाड्र्स योजना के लिए नोडल मंत्रालय कौन सा है?

4) 1980 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?

5) हाल ही में दिवंगत हुए राजगोपाल चिदंबरम किस क्षेत्र से जुड़े थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) त्रिपुरा (2) जम्मू और कश्मीर (3) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (4) 6 (5) परमाणु वैज्ञानिक

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 003

अनूठी पहल: बंजर डंप क्षेत्र से हरा-भरा जंगल बनने की ओर गेवरा

■ प्रजातियों के पौधों का सफल रोपण कर बंजर भूमि को हरियाली में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कोरबा जिले के गेवरा परिक्षेत्र में स्थित 12.45 हेक्टेयर के डंप क्षेत्र में 33 हजार 935 मिश्रित प्रजातियों के पौधों का सफल रोपण कर बंजर भूमि को हरियाली में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम की इस पहल की सराहना की है। कोयला खनन के बाद डंप क्षेत्रों में उपजाऊ मिट्टी नीचे दब जाती है, जबकि ऊपर पत्थर, कोयला अवशेष और अनुपजाऊ मिट्टी रह जाती है। ऐसे क्षेत्र आमतौर पर बंजर हो जाते हैं और वहां पौधों का उगना बेहद कठिन होता है। लेकिन वन विकास निगम के प्रयासों से यही बंजर भूमि अब धीरे-धीरे हरियाली से ढकती जा रही है। ऐसे पहल से अनुपजाऊ भूमि को भी घने जंगल में बदला जा सकता है।

वैज्ञानिक पद्धति से किया गया वृक्षारोपण

डंप क्षेत्र में जल स्तर कम होने और पोषक तत्वों की कमी को ध्यान में रखते हुए विशेष उपाय किए गए। वर्मी कम्पोस्ट, नीमखली और डीएपी का उपयोग कर मिट्टी को उर्वर बनाया गया, जीपीएस सर्वे और सीमांकन के बाद व्यवस्थित गड्ढे तैयार किए गए, 3x4 फीट ऊंचाई के स्वस्थ पौधों का चयन कर रोपण किया गया।

मिश्रित प्रजातियों से बढ़ेगी जैव विविधता

इस क्षेत्र में नीम, शीशम, सिरस, कचनार, करंज, आंवला, बांस, महोगनी, सहतूत, महुआ और बेल जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। इनसे आने वाले समय में यह क्षेत्र पक्षियों, गिलहरी और अन्य वन्य जीवों के लिए अनुकूल आवास बन सकेगा।

निरंतर देखभाल से मिल रही सफलता

रोपण के बाद पौधों की नियमित देखभाल की जा रही है, जिसमें सिंचाई, निंदाई- गुड़ाई,खाद डालना, सुरक्षा और घास कटाई मृत पौधों का समय पर प्रतिस्थापन जैसे कार्य शामिल हैं। वर्ष 2025 से 2029 तक 5 वर्षों तक रखरखाव के बाद इस विकसित हरित क्षेत्र को एसईसीएल गेवरा को सौंपा जाएगा।

न्यूज गैलरी

छग उत्कल गांड़ा महिला महामंच ने धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले दिनों विस में बजट सत्र में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्म परिवर्तन करने वालों के खिलाफ कड़ा कानून बनाया है। जिसका छग उत्कल गांड़ा महिला महामंच स्वागत करता है। स्लम बस्तियों में ज्यादातर लोगों धर्म परिवर्तन किया है। ऐसे लोगों को वापस लाने के लिए हम जागरूकता अभियान चलाएंगे। हमारे धर्म से बिछड़े भाई बहनों द्वारा नवाखाई पर्व में न आना हम सबके लिए पीड़ा का विषय है। उक्त कानून से आरक्षण का लाभ भी रूक जाएगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संघ की महिला मंच अध्यक्ष सावित्री जगत वरिष्ठ भाजपा नेता कीर्ति महानंद एवं आदिवासी उत्कल गांड़ा समाज के प्रदेश अध्यक्ष बनमाली ने संयुक्त रूप से दी।

सोनपुरी डायवर्सन के कार्यों के लिए 4 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के विकासखण्ड-खैरागढ़ की सोनपुरी डायवर्सन के शीर्ष कार्य एवं नहरों के रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य के लिए 4 करोड़ 04 लाख 17 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता 115 हेक्टेयर क्षेत्र के विरूद्ध 59 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति तथा बचत जल से 50 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई सहित कुल 165 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

चौथी लाइन कनेक्टिविटी कार्य के कारण निरस्त ट्रेनों को किया बहाल

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों को अब रिस्टोर किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्न विभिन्न पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह बहाली निर्धारित अवधि के दौरान चरणबद्ध रूप से की गई है।

हाइपर क्लब फिर चर्चा में, पुलिस के सामने ही तीखी बहस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के चर्चित हाइपर क्लब में बुधवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट और झूमाझटकी में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक-युवतियों के बीच तीखी बहस और पुलिस के सामने धक्का-मुक्की साफ नजर आ रही है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार वीआईपी रोड स्थित हाइपर क्लब में युवक-युवतियों का एक समूह पहुंचा। क्लब में पार्टी के दौरान एक युवक ने पार्टी कर रही युवती को 'हाय' कहा। इस बात पर दूसरे पक्ष के युवकों ने विरोध जताया। इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो कुछ ही देर में हाथापाई में बदल गई। इसी बीच किसी ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस पहुंचते ही दोनों पक्ष बाहर निकल आए और पार्किंग में ही एक-दूसरे को गालियां देते हुए धक्का-मुक्की करने लगे। पुलिसकर्मियों के सामने ही युवक-युवतियां आपस में भिड़ते रहे। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। रायपुर में क्लब संचालन को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग ने नियम तय किए हैं, फिर भी लगातार उल्लंघन सामने आ रहा है। समझाइश और कार्रवाई के बाद भी क्लब संचालक लेट नाइट पार्टियों का आयोजन कर रहे हैं। पिछले दिनों भी लेट नाइट पार्टी के चलते वीआईपी रोड स्थित फर्जी कैफे में पुलिस ने रेड कर कार्रवाई की थी। इसके अलावा सेरीखेड़ी स्थित पियानो क्लब में एक इन्फ्लुएंसर ने युवतियों को शराब पिलाई थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। अधिकारियों ने कहा था कि लेट नाइट पार्टी आयोजित करने वालों पर कार्रवाई होगी हाइपर क्लब में विवाद का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी क्लब में मारपीट और गोली चलने जैसी घटना हो चुकी है। पुलिस अधिकारी क्लब संचालकों पर सख्ती करने की बात करते है, लेकिन आय दिन इन क्लबों में रोज नया विवाद खड़ा हो रहा है।

1.43 लाख की धोखाधड़ी, अपने क्यूआर कोड पर लिए पैसे

रायपुर/नवप्रदेश। यूनिवर्सल सर्विसेस के कर्मचारी ने अपने क्यू आर कोड में ग्राहकों से 1.43 लाख रुपए ट्रांसफर करा अमानत में खयानत किया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शैलेन्द्र नगर निवासी गौरव डागा ने कल रात रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार कोतवाली चौक स्थित यूनिवर्सल सर्विसेस के कर्मचारी शुभम् देवांगन ने यह धोखाधड़ी 18 मार्च से 6 अप्रैल के बीच किया। वह फर्म का विश्वास पात्र कर्मचारी था। इसी का फायदा उठाकर उसने, उस दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदने वाले ग्राहकों से फर्म के क्यू आर के बजाय अपने बनाए क्यू आर कोड में अलग अलग दिन कुल 143900 रुपए ट्रांसफर कराता रहा। बिके सामान की फर्म के एकाउंट में आता न देख गौरव ने ग्राहकों से संपर्क किया तो उन्होंने शुभम का कोड दिखाकर भुगतान कर देने की जानकारी दी। इस धोखाधड़ी का खुलासा होने पर गौरव की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 316-4,318-4 का मामला दर्ज किया। आरोपी पकड़ से बाहर है।

मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य होगा शुरू

इस बार हरे सोने को यूपी, बंगाल और आंध्र प्रदेश की फर्म खरीदेंगी

■ टेंडर की प्रक्रिया पूरी, हर साल करोड़ों रुपये का व्यवसाय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तेंदूपत्ता की मांग उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल व आंध्रप्रदेश में भी है। यहां की फर्म धमतरी के तेंदूपत्ता की खरीदी करेंगी। यहां 26 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य है। संग्रहण के बाद इन राज्यों की फर्म तेंदूपत्ता खरीदकर ले जाएंगी। इसके लिए शासन से टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

धमतरी के जवरां, मारागांव, सिंगपुर, बरबांधा, डोकाल और चनागांव के तेंदूपत्ता को उच्चक्वालिटी का माना जाता है। यहां से हर साल करोड़ों रुपये के तेंदूपत्ता का व्यवसाय होता है। वन विभाग के अनुसार बूटा कटाई का कार्य कर लिया गया है। एक मई से जिले में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए रूप-रेखा बना ली गई है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल जिले में 26,800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। 27 समितियों के 27 हजार 872 संग्राहक इसे संग्रहित करेंगे। इसके बाद संग्रहित तेंदूपत्ता को छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्रप्रदेश की फर्म खरीदी करेंगी। इसके लिए बकायदा टेंडर पास भी हो चुका है और फर्मों ने 10 प्रतिशत राशि शासन के मद में जमा भी करा दी है। पिछले साल छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ को 20 करोड़ तीन लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसमें से 13 करोड़ की राशि संग्राहकों को वितरित किया गया था। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए तोड़ाई का कार्य जैसे ही अंचल में शुरू होता है, तो बेमौसम बारिश का सबसे ज्यादा खतरा मंडराता रहता है। बारिश होती है, तो तोड़ाई का कार्य प्रभावित हो जाता है।

तीन-चार सालों से नहीं हो पा रही लक्ष्य की पूर्ति

राज्य में पिछले तीन-चार सालों से लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है, इसका मुख्य कारण मुख्य सीजन में बेमौसम बारिश का होना है। डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। धमतरी जिले के तेंदूपत्ता की मांग देश के कई अन्य प्रदेशों में बना रहती है।

हिट एंड रन दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा त्वरित मुआवजा : मंत्री केदार कश्यप

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की ÷हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना मुआवजा योजना÷ के तहत अज्ञात वाहन से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना से प्रभावित परिवारों और घायलों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना है। इस संबंध में परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को त्वरित राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नागरिकों से अपील की कि दुर्घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए योजना का लाभ उठाएं।

परिवहन विभाग ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' के संदेश के साथ विभाग ने सुरक्षित यात्रा को जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय बताया है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि कठिन समय में पीड़ित परिवारों को संबल भी देती है। योजना के अनुसार, हिट एंड रन दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की मुआवजा राशि दी जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की जाती है। इस योजना के तहत मृतक के पति/पत्नी, माता- पिता, पुत्र या पुत्री आवेदन कर सकते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल से गाड़ी संख्या 08867/08868 साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 10-10 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। यह समर स्पेशल ट्रेन गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, रांची, बोकारो स्टील सिटी, बरौनी, दरभंगा, समस्तीपुर, एवं सीतामढ़ी होते हुए रक्सौल तक जाएगी।

विवरण इस प्रकार है :-

गाड़ी संख्या 08867 (गोंदिया-रक्सौल) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 25 अप्रैल 2026 से 27 जून 2026 तक प्रत्येक शनिवार को गोंदिया से (प्रातः 06:30) बजे प्रस्थान कर डोंगरगढ़ (07:30/07:32), राजनांदगांव (07:58/08:00), दुर्ग (08:35/08:40), रायपुर (09:30/09:35), भाटापारा (10:25/10:27), बिलासपुर (11:40/11:50), चांपा (12:45/12:47), रायगढ़ (13:45/13:47), झारसुगुड़ा (15:30/15:35), राउरकेला (17:15/17:25), रांची (20:45/20:55), बोकारो स्टील सिटी (23:40/23:45), चंद्रपुरा जंक्शन (00:20/00:25), धनबाद जंक्शन (02:10/02:15), चितरंजन (04:14/04:16), मधुपुर जंक्शन (04:53/04:55), जसीडीह (05:25/05:27), झाझा (07:10/07:15), किऊल जंक्शन (07:56/07:58), बरौनी जंक्शन (10:40/10:50), समस्तीपुर जंक्शन (12:20/12:25), दरभंगा जंक्शन (13:25/13:30), एवं सीतामढ़ी जंक्शन (14:55/15:00) होते हुए 17:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

राज्य के स्कूलों में सांस्कृतिक लर्निंग के साथ अब होगी एआई की पढ़ाई : मंत्री यादव

■ स्कूलों में प्राइवेट प्रकाशक की किताब बेचने पर सख्ती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बड़ा बदलाव होने वाला है, जिसकी घोषणा खुद शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कर दी है। उन्होंने मीडिया से कहा, अब छत्तीसगढ़ के स्कूलों में राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान के साथ मंत्रोचार भी अनिवार्य होगा और मंत्रोचार के साथ ही पढ़ाई शुरू होगी। वहीं, उन्होंने ये भी कहा है कि हम सांस्कृतिक लर्निंग के साथ-साथ बच्चों को एआई से जोड़ने वाली शिक्षा भी देंगे। बारहखड़ी से लेकर एआई तक की जानकारी देंगे।

प्राइवेट प्रकाशक की किताब बेचने पर सख्ती

उन्होंने बताया कि हर महीने दो-तीन महापुरूषों पर व्याख्यान होगा और स्कूल में लोकल तीज त्योहार मनाएंगे, योग मनाना अनिवार्य होगा। मंत्री ने बताया कि 15 अप्रैल से 15 जून तक शिक्षक-प्रिंसिपल की ट्रेनिंग चलेगी, जिसमें उन्हें एआई बेस्ट ट्रेनिंग दी जाएगी। मंत्री गजेंद्र यादव ने स्कूलों में प्राइवेट प्रकाशक की किताब बेचने और मनमानी कीमत वसूली किए जाने पर सख्त रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा है कि हमें बहुत सारी जगह से शिकायत मिली है, हमने मुख्य सचिव से कार्रवाई करने को कहा है। मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टर को पत्र जारी किया गया है, ज्यादा रेट पर किताब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सारे जिला शिक्षा अधिकारी को भी जांच करने कहा गया है। हमने निर्देश दिया है कोई शिकायत ना भी करें और सिर्फ जानकारी भी मिले तो जिला शिक्षा अधिकारियों को कार्रवाई करनी होगी।

आजीविका मिशन से रमशीला कश्यप को मिला आत्मनिर्भरता का संबल

रायपुर/नवप्रदेश। एक समय माओवाद से प्रभावित रहा कोंडागांव जिले का दूरस्थ ग्राम कुधुर आज विकास और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रहा है। शासन की योजनाओं की पहुँच ने इस क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है, और इसी परिवर्तन की मिसाल हैं ग्राम की निवासी श्रीमती रमशीला कश्यप। किराना दुकान संचालन से प्रति माह लगभग 25 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर रमशीला कश्यप ने अपने जीवन को नई दिशा दी।

वर्ष 2018 में उन्होंने 'जय मां दंतेश्वरी' स्व-सहायता समूह की सदस्य बनकर आत्मनिर्भर बनने की शुरुआत की। उस समय गांव में केवल एक किराना दुकान था, जिसके कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लगभग 20 किलोमीटर दूर मर्दापाल जाना पड़ता था।

तीन राज्यों में विधानसभा के निष्पक्ष चुनाव के लिए गए 25 आईएएस पर्यवेक्षक शीघ्र लौटेंगे

■ पांडुचेरी, केरल और असम में एक चरण में हो गया मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। असम पांडुचेरी केरलम में मतदान के पश्चात अब छत्तीसगढ़ आईएएस पर्यवेक्षक एवं प्रचार पर्यवेक्षक लौटने लगे है। अब इन पर्यवेक्षकों को मतदान के दिन चार मई के पूर्व जाना होगा। ताकि आयोग के अनुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की घोषणा की जा सके। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के महानदी मुख्यालय से करीब 25 से अधिक आईएएस अधिकारियों को केरल असम पांडुचेरी में चुनाव पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया है। यहां पर इन पर्यवेक्षकों का काम नामांकन पत्रों की छटाई नियम विरुद्ध चुनाव प्रचार रोकना तथा आयोग के मापदंड के अनुसार कार्रवाई करना है। बताया जाता है कि इस समय पश्चिम बंगाल में चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। इसके चलते आयोग ने वहां पर बड़ी संख्या में पर्यवेक्षक भेजे है ताकि आयोग पर कोई आरोग नहीं लगाया जा सके। स्थानीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार आज मतदान होने के पश्चात अधिकारी मतपेटियों को जमा करने के बाद लौट जाएंगे। इसके अलावा जिन नेताओं को पश्चिम बंगाल भेजा गया है उनमें अरुण साव ओपी चौधरी, विजय शर्मा, मोतीलाल साहू, संगठन मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी भी लौटने वाले है। यहां पर 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को डिजिटल क्रांति से जोड़ रही बिहान की दीदियां

बिहान : बैंक सखी बन आशा एक्का ने लिखी आत्मनिर्भरता की नई इबारत

■ बुजुर्गों और असहाय के लिए सहारा बनीं बैंक सखी आशा एक्का

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण अंचलों में महिला सशक्तिकरण और डिजिटल बैंकिंग को घर-घर पहुंचाने में 'बिहान' की दीदियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरगुजा जिले के ग्राम कांति प्रकाशपुर की रहने वाली आशा एक्का आज जिले की उन महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है, जो घर की चारदीवारी से निकलकर आर्थिक आजादी की राह चुनना चाहती हैं।

बुजुर्गों और असहाय के लिए बनीं सहारा

आशा का कार्य केवल ट्रांजेक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि वे सेवा भाव से भी कार्य कर रही हैं। गाँव की बुजुर्ग महिलाएँ जिन्हें पेंशन लेने दूर जाना पड़ता है या मनरेगा के मजदूर जिन्हें मजदूरी भुगतान के लिए बैंक के चक्कर काटने पड़ते हैं, आशा उन सभी का भुगतान गाँव में ही सुनिश्चित करती हैं। वे कहती हैं, जो लोग बैंक आने-जाने में असमर्थ हैं, मैं उनके घर जाकर बैंकिंग सेवा प्रदान करती हूँ। जब वे खुशी से दुआएं देते हैं, तो काम की थकान मिट जाती है।

5 करोड़ का ट्रांजेक्शन और आत्मनिर्भरता

श्रीमती आशा एक्का अब तक लगभग 5 करोड़ रुपये का वित्तीय ट्रांजेक्शन कर चुकी हैं। इस कार्य से उन्हें हर महीने 10 से 12 हजार रुपये की सम्मानजनक आय हो रही है। इस आर्थिक संबल से वे अपने दो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिला पा रही हैं।

शासन की योजनाओं का जताया आभार

अपनी सफलता का श्रेय केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को देते हुए आशा ने कहा कि बिहान योजना ने हम जैसी गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार करते हुए कहा कि आज हम जैसी हजारों ग्रामीण महिलाएं महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण पेश कर रही हैं, जो न केवल अपने परिवार की आजीविका चला रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को डिजिटल क्रांति से भी जोड़ रही हैं।

बैंक सखी और बैंक मित्र के रूप में सेवा

वर्ष 2017 से 'बिहान' (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) से जुड़ी आशा एक्का ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा का सदुपयोग करते हुए बैंक सखी और बैंक मित्र की जिम्मेदारी संभाली। वे न केवल एक गृहिणी हैं, बल्कि गाँव की बैंकिंग व्यवस्था की मुख्य कड़ी बन चुकी हैं। आशा बताती हैं कि उनके पति छोटे किसान हैं और घर पर किराना दुकान चलाते हैं, लेकिन बिहान से जुड़ने के बाद उनकी पहचान और आमदनी दोनों में बड़ा बदलाव आया है।

नारायणपुर को विकास की नई पहचान देने की दिशा में हो रहा काम : मंत्री कश्यप

■ वन मंत्री ने जिले को दी 17.59 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

नारायणपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री केदार कश्यप ने जिले के एकदिवसीय प्रवास के दौरान नारायणपुर को 17 करोड़ 59 लाख 57 हजार रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले के विकास को नई गति प्रदान की।

कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया कि इस अवसर पर नेशनल हाईवे 130डी के मजबूतीकरण कार्य, नालंदा परिसर (सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन) सहित डीएमएफ और नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत कुल 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर सहित पूरे प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर के निर्माण से जिले के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा और अबूझमाड़ सहित नारायणपुर के बच्चे भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर इंजीनियर, डॉक्टर एवं शासकीय सेवाओं में स्थान प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने गढ़बेंगाल चौक से बखरूपारा मार्ग के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग 130डी के मजबूतीकरण कार्य को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह टीमवर्क के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया। वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प साकार हुआ है, जिससे अब नारायणपुर और अबूझमाड़ के विकास का मार्ग और अधिक सुगम हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं सहित सभी वर्गों के विकास एवं समृद्धि के लिए सतत प्रयासरत है।

कार्यक्रम के दौरान वन मंत्री श्री केदारनाथ कश्यप ने राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि के 03 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 25 हितग्राहियों को अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

न्यूज गैलरी

एसपी ने ली क्राइम की बैठक

कांकेर / नवप्रदेश जिला पुलिस कप्तान ने अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए सख्त निर्देश। पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की क्राइम मीटिंग आहूत की गई। बैठक में अपराध नियंत्रण लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं प्रभावी पुलिसिंग को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जोर दिया गया।लंबित प्रकरणों में शीघ्र चालान प्रस्तुत कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कारवाही के निर्देश।स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली हेतु विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए गए। हिस्ट्रीशीटर, निगरानी बदमाश एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।थाना स्तर पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।क्षेत्र में विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने नियमित पेट्रोलिंग करने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने एवं बीट पुलिसिंग करने निर्देश दिए गए।सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को सुदृढ़ कर अफ्वाह फैलाने वालों पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।विवेचना की गुणवत्ता में सुधार करते हुए न्यायालय में दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

कलेक्टर ने दिए निर्देश आगामी शिक्षा सत्र में बुधपदर पोटाकेबिन में छात्र छात्राओं के लिए प्रारंभ होंगे आवासीय स्कूल

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके तहत विशेष रूप से शिक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे को आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले पूर्ण करने पर जोर दिया गया है। इस क्रम में कलेक्टर ने पंचायत बुधपदर के गुमरगुडा, जपोड़ी पोटाकेबिन में बालिका एवं बालक शौचालय निर्माण, पानी की समुचित व्यवस्था हेतु नए बोर का खनन, सीट मरम्मत कार्य सहित अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विद्यालय में स्वच्छता बनाए रखने हेतु रेन वॉटर वाशिंग सिस्टम की व्यवस्था करने पर भी बल दिया गया, ताकि एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा बुधपदर पंचायत अंतर्गत इस 500 सीटर पोटाकेबिन को आगामी शिक्षा सत्र में संचालन किए जाने की योजना है।इसके अलावा कलेक्टर ने बड़ेकारका से कोड़नार तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए मिट्टी-मुरूम कार्य एवं 6 पुलियों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा। यह सड़क क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों को भी आसान बनाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने बारसुर स्थित डैनेक्स भवन के मरम्मत कार्य को भी प्राथमिकता में रखते हुए इसे आगामी दो माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

पीएचई विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में हैंडपंपों का मरम्मतीकरण अभियान जारी

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। गर्मी को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा पेयजल सुविधा के सुचारू संचालन के लिए दूरस्थ ग्राम पंचायतो में हैंडपंप को मरम्मती कार्य प्रारंभ कर दिया गया है इस क्रम में कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम बेनपाल कोतवाल पारा, बंगपाल और बड़ेपल्ली हैंडपंप का सुधार किया गया।

स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर सामग्री क्रय हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित

बलरामपुर / नवप्रदेश। जिले के समस्त शासकीय विभागों के अंतर्गत कार्यालयीन उपयोग हेतु स्टेशनरी (लेखन) सामग्री एवं कम्प्यूटर उपकरण सामग्री के क्रय के लिए खुली निविदा पद्धति के तहत निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदा की दर स्वीकृति आदेश जारी होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगी।इच्छुक स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर सामग्री विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित सीलबंद निविदाएं निविदा सूचना जारी होने की तिथि से 21 अप्रैल 2026 तक दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालय कलेक्टर अधीक्षक शाखा में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन सायं 04:00 बजे निविदाकारों की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र 21 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:30 बजे तक 5000 रुपये निविदा शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने मयाली नेचर कैंप का किया निरीक्षण

पर्यटन सुविधाओं में और होगा विस्तार : अग्रवाल

■ प्रकृति और आध्यात्म का अद्भुत संगम बना जशपुर, सघन वन और जलाशय के बीच बसा मयाली, पर्यटन का उभरता आकर्षण

जशपुर /नवप्रदेश। जशपुर जिले के सुरम्य प्राकृतिक परिवेश में स्थित मयाली नेचर कैंप इन दिनों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। नील गगन की छाया, अरुणिम प्रभात की शीतल मंद बयार और सघन वनों के बीच बसी मयाली की धरा प्रकृति के अनुपम संगीत से गुंजायमान है। यहां एक ओर विस्तृत जलाशय दर्पण की तरह चमकता है, तो दूसरी ओर विराट प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में सुशोभित मधेश्वर पर्वत आध्यात्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है।

इसी मनोहारी स्थल का निरीक्षण करने आज पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने मयाली नेचर कैंप की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अधिकारियों को पर्यटकों की सुविधाओं, सुरक्षा और अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कैंप में उपलब्ध आवासीय सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, भोजन प्रबंध और साहसिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मयाली जैसे प्राकृतिक स्थलों को राज्य के प्रमुख इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि देश-विदेश के पर्यटक यहां आकर छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत का अनुभव कर सकें।

मंत्री श्री अग्रवाल ने जलाशय में बोटिंग का आनंद भी लिया और इस दौरान प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की शांति, हरियाली और स्वच्छ वातावरण पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है, जो उन्हें प्रकृति के और करीब ले जाता है।

मयाली नेचर कैंप में पर्यटकों के लिए टेंट हाउस, कुटीर, बोटिंग, ट्रेकिंग और स्थानीय व्यंजनों की सुविधा उपलब्ध है। यहां आने वाले पर्यटक मधेश्वर पर्वत के दर्शन के साथ-साथ आसपास के घने जंगलों और जैव विविधता का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान न केवल पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आध्यात्मिक शांति की तलाश करने वालों के लिए भी एक आदर्श स्थल है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा

बलरामपुर / नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के 2376 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा 2026 के आठवें चरण का शुभारंभ किया गया। अभियान 09 से 23 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा प्रारंभिक बाल विकास के प्रति व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाना एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।पोषण पखवाड़ा शुभारंभ दिवस पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वेबकास्ट के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में सहभागिता की गई। इस अवसर पर पोषण एवं बाल विकास के प्रति सामूहिक शपथ दिलाई गई। तथा ईसीसीई गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मंत्री नेताम ने ली अधिकारियों की बैठक खाद की कालाबाजारी करें कड़ी कार्रवाई

■ रासायनिक खाद की कालाबाजारी पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश

कांकेर / नवप्रदेश। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज कांकेर में बस्तर संभाग के चार जिलों कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर एवं बस्तर जिले के कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और पशुधन विकास विभाग की अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने खरीफ की तैयारी और खरीफ सीजन के लिए उर्वरकां के भण्डारण, वितरण सहित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए उर्वरकों की कालाबाजारी पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए निर्देशित किया। उर्वरक विक्रय केंद्रों का सघन जांच करने के साथ ही समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार विशेष रूप से उपस्थित थीं।

घर से बालिका का अपहरण कर ले जाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अंतागढ़/ नवप्रदेश। दिनांक 07 04.2026 को अपहृता के पिता ने थाना अंतागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी पुत्री को रंजन मिश्रा अपने 2 अन्य साथियों के साथ जबरदस्ती उसके घर से अपहरण कर गाड़ी नंबर टी एस 08 एच के 9889 में बिठाकर ले जा रहे हैं, कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना अंतागढ़ के अपराध क्रमांक 21/2026 धारा 87, 333, 3(5) बीएनएस तत्काल पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय कांकेर श्री निखिल रखेजा के आदेश अनुसार श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अंतागढ़ श्री आशीष बंछौर एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ श्री शुभम तिवारी के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपियों की पता तलाश एवं घेराबंदी कर केवटी भानुप्रतापपुर के पास पकड़ा गया जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर दिनांक 08. 04.26 को गिरफ्तार कर आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

बलरामपुर / नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कक्षा 1ली से 12वीं तक के विद्यार्थी सीजी स्कूल डॉट इन के माध्यम से 10 अप्रैल से 05 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।संस्था में वर्तमान में कक्षा 1ली के 50 सीट, कक्षा 2री में 21 सीट, कक्षा 3री में 17 सीट, कक्षा 4थी में 10 सीट, कक्षा 05वीं में 08 सीट, कक्षा 06 वीं में 05 सीट, कक्षा 07 वीं में 05 सीट, कक्षा 8वीं में 05 सीट, कक्षा 9वीं में 03 सीट, कक्षा 10वीं में 04 सीट, कक्षा 11वीं में जीव विज्ञान, गणित, वाणिज्य संकाय के 50-50 सीटों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए पहले प्राथमिकता दी जाएगी।

महाराष्ट्र के सोमनपल्ली में मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, कई घायल

■ रोजी-रोटी के लिए मालवाहक में सवार हो 40 मजदूर जा रहे थे महाराष्ट्र

■ गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया

भोपालपट्नम/नवप्रदेश। जिले के विकास खंड भोपालपटनम के अंतर्गत ग्राम पंचायत - बारेगुड़ा - दम्मूर क्षेत्र के रहवासी रोजी-रोटी के लिए महाराष्ट्र जा रहे मजदूरों के साथ बड़ा हादसा हुआ है। छत्तीसगढ़ की सरहद से सटे महाराष्ट्र के सोमनपल्ली में मजदूरों से भरी पिकअप वाहन अर्थात मालवाहक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय वाहन में लगभग 40 मजदूर सवार थे। ये मजदूर मिर्ची तोड़ने के लिए एक माह से इसी पिकअप वाहन जा रहे थे। हादसे में सभी घायल है लेकिन कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक गाड़ी के साथ वहां से फरार है। हादसे में घायल सभी मजदूरों को महाराष्ट्र के एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र - भोपालपटनम लाया गया है। 15 मजदूरों जो गंभीर रूप से घायल है उन्हें जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया है।

आखिर इस घटनाक्रम ने शासन प्रशासन के रोजगार की दावों को मटियामेट कर दिया है। क्या हमारे जिले में मजदूरों के लिए रोजगार नहीं है? क्या गरीब मजदूरों को जान जोखिम में डालकर परप्रांत जाना चाहिए? आदि नाना प्रकार के सवालों को जन्म देता है। सवालों के घेरे में परिवहन विभाग भी आता है। क्या मालवाहक अर्थात पिकअप वाहन में मजदूरों के आवागमन के लिए जायज है? लगभग 50 किमी दूरी पर मजदूरों को पिकअप वाहन में जानवरों की तरह ठसाठस भरकर ले जाना किसकी मिलीभगत है?

सब से बड़ा यक्ष प्रश्न है कि दो राज्यों की सीमा व दोनों तरफ सुरक्षा विभाग के कर्मचारी तैनात हैं उसके बाद भी पिकअप वाहन में मजदूरों से ठसाठस भरा हो वहां गांधारी के तरह आंखों में पट्टी बांधना कहां तक उचित है? यहां परिवहन विभाग के साथ ही अन्य विभाग की भूमिका संदेहास्पद है? क्या सड़कों पर चल इन क्षमता से अधिक परिवहन पर किसी को नजर नहीं आता या यूं कहें खुला खेल फर्रुखाबादी वहीं श्रम विभाग की घोर लापरवाही खुलकर सामने आ गया है।?जो मजदूरों के पंजीयन और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने में विफल साबित हो रहा है। लोगों में चर्चा का बाजार गर्म है कि खुलेआम मजदूरों को असुरक्षित हालात में बाहर ले जाया जा रहा है लेकिन विकास खंड के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी आंखो में पट्टी बांध कर बैठे है? न कोई जांच और ना ही कोई कार्रवाई।

चर्चा के दौरान कुछ लोगों ने बताया कि पिकअप का चालक तेज गति से वाहन चला रहा था सामने जा रहे भारी मालवाहक वाहन से भिड़ंत होती किन्तु वहां से सुरक्षित निकाल लिया। उसके बाद दूसरे चालक ने वाहन चलाया जिससे यह हादसा हो गया। माना कि अगर भारी मालवाहक वाहन से भिड़ंत होती तो दृश्य भयावह होता?

बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की जांच हेतु विशेष अभियान में 2780 बच्चों की हुई स्क्रीनिंग

'प्रोजेक्ट धड़कन' के अंतर्गत होगी अभियान चलाकर बच्चों के हृदय की जांच

■ 3 बच्चो को नि:शुल्क उपचार हेतु रायपुर सत्य साईं अस्पताल भेजा गया

नारायणपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ÷प्रोजेक्ट धड़कन÷ के अंतर्गत बच्चों के हृदय स्वास्थ्य की जांच का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जन्मजात हृदय रोगों की समय रहते पहचान कर उन्हें निःशुल्क एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है।

अभियान के तहत विकासखंड नारायणपुर एवं ओरछा के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा नियमित जांच की जा रही है। जांच के दौरान विशेष स्टेथोस्कोप एवं आधुनिक उपकरणों की सहायता से बच्चों के हृदय की ध्वनियों और ईसीजी संकेतों का परीक्षण किया जा रहा है, जिससे संभावित हृदय रोगों की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान सुनिश्चित हो सके।

जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 2780 बच्चों की हृदय संबंधी जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान 4 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण चिन्हित किए गए हैं। इनमें से 3 बच्चों को उच्च उपचार हेतु सत्य साईं अस्पताल, नवा रायपुर निःशुल्क उपचार के लिए भेजा गया है, जबकि एक अन्य बच्चे को आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रेफर किया जाएगा। सभी बच्चों का प्राथमिक परीक्षण जिला चिकित्सालय नारायणपुर में किया गया है।

इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बच्चों के परिजनों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों को समय पर सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है और ÷प्रोजेक्ट धड़कन÷ के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।

कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो रही है, बल्कि गंभीर रोगों की समय पर पहचान कर उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

शिक्षा में तकनीक का समावेश, मुंगेली के शिक्षकों को मिला साइंस-टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों का आईआईटी भिलाई में साइंस एंड टेक्नोलॉजी आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में जिले के 148 शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए नवीन शैक्षणिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण पद्धति को और अधिक प्रभावी बनाना, कक्षा शिक्षण में नवाचार को बढ़ावा देना तथा विज्ञान एवं तकनीक के समावेश से विद्यार्थियों की समझ को बेहतर करना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर एवं एआई आधारित शिक्षण, एनईटी इंटीग्रेशन, स्टेम गतिविधियां, एस्ट्रोफिजिक्स, नैनो टेक्नोलॉजी, ह्यूमन बॉडी साइंस, कैरियर गाइडेंस, रोबोटिक्स, एग्रीकल्चर लैब, सीपीआर प्रशिक्षण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विशेष रूप से प्रायोगिक (हैंड्स-ऑन) गतिविधियों पर जोर दिया गया, जिससे शिक्षक कक्षा में विद्यार्थियों को सरल और रोचक तरीके से पढ़ा सकें। प्रशिक्षण के दौरान तैयार किए गए मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे प्रतिभागियों ने सराहा। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएमश्री सेजेस दाऊपारा मुंगेली के व्याख्याता पल्लवी ओझा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीएमश्री दाऊपारा मुंगेली, पीएमश्री शासकीय स्कूल फुलवारी बंधवा मुंगेली, पीएमश्री सेजेस पथरिया एवं पीएमश्री सेजेस बीआरसाव स्कूल के शिक्षक शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

गोदरीपारा में जल संकट पर बड़ा एक्शन: 14 टैंकरों से सप्लाई, 16 नई टंकियों से बदलेगी तस्वीर

चक्का जाम के बाद प्रशासन अलर्ट, पाइपलाइन विस्तार और नए कनेक्शन का काम तेज

एमसीबी/नवप्रदेश। गोदरीपारा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर हुए चक्का जाम के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। अब क्षेत्र में राहत और स्थायी समाधान की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। नगर पालिक निगम चिरमिरी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि प्रभावित इलाकों में 14 टैंकरों के माध्यम से नियमित पानी सप्लाई की जा रही है।

अमृत मिशन 2.0 से मिलेगा स्थायी समाधान

निगम के अनुसार, अमृत मिशन 2.0 के तहत घर-घर नल कनेक्शन देने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही पाइपलाइन विस्तार और जल आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करने के प्रयास जारी हैं।

इन वार्डों में पाइप लाइन विस्तार

15वें वित्त आयोग की राशि से गोदरीपारा, डोमनहिल और बरतुंगा क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 26, 27, 30, 31, 32, 33, 34 और 35 में करीब 100 मीटर नई पाइपलाइन जोड़कर बड़ाबाजार पानी टंकी से कनेक्शन दिया गया है, जिससे एसईसीएल कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

गर्मी में राहत के लिए टैंकर व्यवस्था

निगम ने बताया कि जल स्तर में गिरावट और प्रेशर कम होने के कारण अस्थायी समस्या बनी थी। ऐसे में नगर निगम और एसईसीएल प्रबंधन के समन्वय से 14 टैंकरों के जरिए नियमित जलापूर्ति की जा रही है, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

15 दिन में कनेक्शन पूरा, सप्ताह में दो दिन सप्लाई

जन जागरण संघर्ष समिति की मांगों पर संज्ञान लेते हुए निगम ने आश्वासन दिया है कि 15 दिनों के भीतर पाइपलाइन कनेक्शन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही सप्ताह में कम से कम दो दिन नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

16 नई टंकियों से बदलेगी तस्वीर

दीर्घकालिक समाधान के तहत अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 16 नई पानी टंकियों के निर्माण के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। योजना पूरी होने के बाद हर घर तक नियमित और सुचारु जल आपूर्ति संभव हो सकेगी।

प्रशासन का भरोसा – कहीं भी नहीं होगी पानी की कमी

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जहां भी अस्थायी जल संकट उत्पन्न होगा, वहां तत्काल टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम और एसईसीएल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है।

एसपी पाण्डेय की पहल से सबरीया समुदाय शराब बनाना छोड़ कर अपनाया स्वरोजगार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के प्रयास से जिले के सबरीया समुदाय शराब बनाना छोड़ स्वरोजगार की तरफ रुख कर लिए हैं। जिसका प्रेजेंटेशन राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में दी गई, जहां देशभर के पुलिस अधिकारियों ने इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। विजय कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया कार्य सामुदायिक पुलिसिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने जिले के सबरिया समुदाय, जो लंबे समय से अवैध शराब निर्माण जैसी गतिविधियों में संलग्न था, को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अभिनव पहल की। पुलिस द्वारा संवेदनशीलता और विश्वास के साथ संवाद स्थापित कर समुदाय को जागरूक किया गया तथा उन्हें इस कुरीति से बाहर निकलने के लिए प्रेरित किया गया। एसपी विजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में समुदाय के लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए, जिससे उन्होंने अवैध कार्यों को त्यागकर वैध और सम्मानजनक जीवन अपनाया। इस प्रयास से न केवल अपराध में कमी आई, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिला। उनके इस सराहनीय कार्य की प्रस्तुति राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में दी गई, जहां देशभर के पुलिस अधिकारियों ने इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह पहल दर्शाती है कि यदि पुलिस संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करे, तो समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

'ज्ञानभारतम' पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए सरगुजा में जिला स्तरीय समिति गठित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के महत्वपूर्ण पहल 'ज्ञानभारतम' पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन तथा पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर अजीत वसंत समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विनय कुमार अग्रवाल सदस्य सचिव सदस्य सचिव होंगे। समिति के सदस्यों में नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के आयुक्त डी एन कश्यप, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अम्बिकापुर के रजिस्ट्रार डॉ शारदा प्रसाद त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी पुरातत्व शारदा अग्रवाल, सेवा निवृत्त प्राचार्य महेश्वर कालोनी प्रतापपुर रोड अम्बिकापुर श्रीश मिश्र होंगे। 'ज्ञानभारतम' पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत् दिये जाने वाले दिशा-निर्देश का पालन एवं कियान्ययन हेतु जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक सीएमएचओ ने दिए सख्त निर्देश

योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आज बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया।

बैठक के दौरान डॉ. साहा ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी प्रमुख योजनाओं की गहन समीक्षा की। इसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम 'चिरायु', राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम तथा मौसमी बीमारियों से निपटने की तैयारियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रत्येक योजना के अंतर्गत प्राप्त भौतिक उपलब्धियों एवं वित्तीय व्यय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करवाई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. साहा ने स्पष्ट कहा कि सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और लक्ष्य प्राप्ति में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कम प्रगति वाली योजनाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने और आगामी दिनों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. साहा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और आमजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सक्रियता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। बैठक में बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, जिला नोडल अधिकारी एन.सी.डी. डॉ. मनीष बंजारा, जिला लेखा प्रबंधक श्रीमती कल्याणी पटेल, जिला प्रबंधक-डाटा शैलेष देवांगन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी पथरिया डॉ. अमित लाल, प्रभारी जिला आरएमएनसीएचए डॉ. अखिलेश बंजारे, डीपीएचएनओ रंजीता निर्मलकर, जिला अस्पताल सलाहकार सुरभि केशरवानी, जिला चिकित्सालय मुंगेली के आर.एम.ओ. डॉ. संदीप पाटिल, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक मनीष गुप्ता, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक लोरमी शैलेन्द्र पाण्डेय, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक पथरिया निमिष मिश्रा, समस्त विकासखण्ड के विकासखण्ड डाटा प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

राशन से वंचित पहाड़ी कोरवा परिवार, महीनों से नहीं मिला खाद्यान्न

लखनपुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुनगुरी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत संचालित शासकीय राशन दुकान में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। यहां के ग्रामीणों, विशेषकर पहाड़ी कोरवा जनजाति के परिवारों ने आरोप लगाया है कि उन्हें पिछले कई महीनों से निर्धारित राशन नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, फरवरी 2026 से ही राशन वितरण में गड़बड़ी शुरू हो गई थी। उस समय उपभोक्ताओं को केवल 10-10 किलो चावल दिया गया, जबकि शेष राशन बाद में देने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन मार्च माह में भी राशन का समुचित वितरण नहीं किया गया। आरोप है कि राशन दुकान संचालक द्वारा ई-पॉश मशीन में हितग्राहियों के अंगूठे लगवाकर रिकॉर्ड में चावल, शक्कर और चना वितरण दर्शा दिया गया, जबकि वास्तविकता में सामग्री नहीं दी गई।इस गंभीर लापरवाही का सबसे अधिक असर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष संरक्षित जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा समुदाय पर पड़ा है। पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर ये परिवार अब भोजन के संकट से जूझ रहे हैं। कई हितग्राहियों ने बताया कि वे बाजार से महंगे दाम पर चावल खरीदने को मजबूर हैं।ग्रामीणों ने राशन दुकान संचालक पर बदसलूकी करने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राशन मांगने पर अक्सर विवाद की स्थिति बन जाती है, जो कई बार झगड़े तक पहुंच जाती है। इस संबंध में शिकायतें भी की गई हैं, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि राशन दुकान में पहले से ही खाद्यान्न की कमी थी, बावजूद इसके वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई। अब सवाल उठता है कि आखिरकार जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस मामले में कब तक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

चेतना वरिष्ठ महिला संघ ने मनाया महिला दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। चेतना वरिष्ठ महिला संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसका महत्वपूर्ण आकर्षण रहा 95 वर्षीय वंदना गोवर्धन का सम्मान किया जाना था, इनके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं महिलाओं का सम्मान किया गया। प्रारम्भ में अनिता गुप्ता ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया, नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व व्यवसायी श्रीकांत गोवर्धन की माताजी श्रीमती वंदना गोवर्धन का सम्मान अध्यक्ष उमा शर्मा ने किया। साथ ही सचिव मंजू सोलंकी ने शाल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला का सम्मान कोषाध्यक्ष प्रमिला चौरसिया ने किया, पार्षद संगीता साहू का सम्मान किया गया, साथ ही संघ की सरंक्षक श्रीमती उर्मिला सोनी और सरिता वाजपेयी को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सोनी ने किया, संघ द्वारा हर्षोल्लास के साथ महिला दिवस मनाते हुए महिलाओं के हित में सतत् कार्य करते रहने का संकल्प लिया गया ।

अमेरा कोयला खदान में कांट्रेक्टर-मजदूरों के बीच झड़प

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर क्षेत्रांतर्गत अमेरा खुली खदान एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है जहाँ खदान कांट्रेक्टर और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के बीच झड़प हो गई। सूचना पर देर रात एसडीओपी तुल सिंह पट्टावी टीम के साथ खदान पहुंचे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और पुलिस के दरमिया तीखी बहस हुई।

सूत्रों की मानें तो अमेरा ओपन कास्ट परियोजना के पुनः प्रारंभ होने के बाद कोयले को ज़मीन से निकालने का कार्य एल सी सी कंपनी द्वारा किया जा रहा है जिसके बाद बुधवार की बीती रात एलसीसी कंपनी के कांट्रेक्टर और खदान में काम कर रहे दैनिक वेतन भोगी मजदूरों ने काम नहीं करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

और कहा कि एलसीसी कंपनी के कांट्रेक्टरों द्वारा उनसे सुबह 06 बजे से शाम 06 बजे तक लाठी डंडे का डर दिखा काम लिया जा रहा है। एवं काम नहीं करने पर मारपीट किया जाता है।वहीं एलसीसी कंपनी के मैनेजर राघवेंद्र पांडेय की माने तो मजदूर शराब के नशे में धुत थे एवं शराब पीकर हल्ला गुल्ला और अभद्रता कर रहे थे जिसके बाद मजदूरों के साथ केवल हल्की धक्का मुक्की ही हुई है। मजदूरों के बीच हुए झड़प में एलसीसी कंपनी के कौशिक बेकरिया,वेलजी बेकरिया, मंजी बेकरिया का साथ झुमझटकी भी हुई है। मजदूरों ने ये भी आरोप लगाया है कि उन्हें नियम के अनुरूप मानक हिसाब वेतन भुगतान नही किया जाता है।

मनरेगा के तहत 90 दिवस का रोजगार और आर्थिक राहत

बलरामपुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत बराहनगर निवासी रामसागर का पक्के मकान का सपना साकार हुआ। वे बताते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2024-25 में आवास की स्वीकृति मिली। आवास स्वीकृत होने के बाद रामसागर ने पूरे उत्साह और लगन के साथ अपने घर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया। शासन से प्राप्त आर्थिक सहायता के साथ-साथ उन्होंने स्वयं भी मेहनत कर अपने सपनों का आशियाना तैयार किया। आज रामसागर और उनका परिवार पक्का घर में सुरक्षित जीवन-यापन कर रहे हैं। आवास निर्माण के दौरान रामसागर को मनरेगा के तहत 90 दिवस का रोजगार भी प्राप्त हुआ। इससे उन्हें आर्थिक संबल मिला और निर्माण कार्य में निरंतरता बनी रही। रामसागर बताते हैं कि पहले बरसात एवं विभिन्न मौसम के दिनों में कच्चे घर में रहना बेहद कठिन होता था, लेकिन अब पक्के घर में उनका परिवार सुरक्षित और सुखद जीवन जी रहा है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य शिविरों का हुआ आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत 07 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर विकासखंड स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस विभाग के अभिसरण से कुटुंब अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य शिविर एवं सास-बहू सम्मेलन आयोजित किए गए।कार्यक्रम के दौरान जागरूकता अभियान चलाते हुए टीकाकरण को बढ़ावा देने तथा महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी,एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, एबीपी फेलो एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता रही।

घर के साथ समाज का फर्ज निभा रही तेजस्विनी की महिलाएं

मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)/ नवप्रदेश। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच जहाँ लोग घरों से निकलने में कतरा रहे हैं, वहीं मनेन्द्रगढ़ की मातृशक्ति समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश कर रही है। युवा मंच 'तेजस्विनी' शाखा की महिलाओं ने बुधवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान मानवता की सेवा का संकल्प दोहराते हुए राहगीरों और ग्रामीणों को शीतल पेय का वितरण किया। बुधवार, 8 अप्रैल को विवेकानंद चौक और भगत सिंह तिराहा जैसे व्यस्त क्षेत्रों में सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर लगाया गया। इस दौरान बाजार आए ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों को तेज धूप से राहत देने के लिए छाछ और शरबत का वितरण किया गया।

कार्यालय नगर पंचायत नरहरपुर, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय फोन एवं फैक्स नम्बर 07841-255220 ईमेल आईडी - cmo.narharpur@rediffmail.com

क्रमांक/16/ न.पंचा/राजस्व./2025-26 नरहरपुर दिनांक 08/04/2026

//सूचना//

नगर पंचायत नरहरपुर क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है जिनका विवरण इस प्रकार है- वार्ड क्रमांक 10 पं0 जवाहर लाल नेहरू 738 / 0.60 हे. वार्ड क्रमांक 12 मण्डीपारा 592/1 हे. वार्ड क्रमांक 14 राजा तालाब 1357/1.12 हे. में मछली पालन कार्य हेतु । (1) पंजीकृत मछुआरा सहकारी समिति (2) मछुआ समूह (3) मछुआ व्यक्ति (4) ऐसे क्षेत्र जहां 1965 या उनके पश्चात मकान, भूमि यदि डूब में आये ओ, विस्थापित परिवार (5) स्व. सहायता समूह । मछुआ से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो अपनी आजीविका का अर्जन मछलीपालन, मछली, पकड़ने या मछली बीज उत्पादन आदि कार्य से करता है । ऐसे इच्छुक समिति, समूह, व्यक्ति, स्व. सहा. समूह से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है ।

आवेदन के साथ में संलग्न आवश्यक दस्तावेजो की सूची -

01. पंजीकृत सहकारी समिति पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलॉज की सूची, बैंकों से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट ।
02. मछुआ समूह/एस.जी.एस.वाय समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहरा, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण- पत्र जाति-निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें ।
03. व्यक्तिगत हितग्राही मछुआ/अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति / अ.पि.वर्ग / सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण-पत्र, जाति-निवास बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें ।
04. अदेय प्रमाण पत्र ।

उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 24/04/2026 तक नगर पंचायत नरहरपुर में जमा कर पावती प्राप्त करें। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर नगर पंचायत की बैठक में विचार नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नरहरपुर
जिला-उ.ब.कांकेर, छ.ग.

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र/भवन विकास/2026-27/119 मुंगेली, दिनांक 09.04.2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने पत्र क्रमांक/ भवन विकास/2025-26/8625 मुंगेली दिनांक 06.02.2026 के माध्यम से ग्राम तालम प.ह.नं.27, रा.नि.मं. खैरा-सेतगंगा तहसील मुंगेली स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 92,93,94 रकबा कमशः 0.210, 0.251, 1.076 हेक्टेयर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेतगंगा के भवन निर्माण हेतु चिन्हांकित भूमि को आबंटन कराने हेतु जिला कलेक्टर महोदय मुंगेली से मांग की गई है। जो कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली के माध्यम से संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि आबंटन के संबंध में प्रकरण तैयार कर जांच उपरांत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

OFFICE OF THE SUPERINETENDING ENGINEER
PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE
BILASPUR, CHHATTISGARH

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 446 एवं 447/ दिनांक 22.12.2025 के ई-प्रोक्युरमेंट टेंडर नोटिस की कंडिका 10 (B) (5) में निहित शर्तानुसार गठित मूल्यांकन कमेटी का पत्र क्र. 196/ तक./2025-26/ दिनांक 23.03.2026 के द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन रिपोर्ट अनुसार निविदा में शामिल समस्त निविदाकारों के पास Valid Certificate नहीं होने के कारण उक्त आमंत्रित निविदा को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत् अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
जी- 262700093/4 बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

मुख्य सचिव के आदेश बेअसर, अधिकारियों की कमी से जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहा असर

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा सरकारी कार्यों में गति लाने और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सभी अधिकारियों को सप्ताह में कम से कम दो दिन अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था।

लेकिन जमीनी हकीकत इस आदेश के उलट नजर आ रही है। जिले में अधिकारियों और कर्मचारियों की भारी कमी, अतिरिक्त प्रभार, योजनाओं की मॉनिटरिंग के कारण मुख्य सचिव का यह गुड गवर्नेंस का फॉर्मूला पूरी तरह बेअसर साबित हो रहा है।

मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के लिए विशिष्ट दिन या समय जनदर्शन या सार्वजनिक मुलाकातों के लिए आरक्षित होते हैं। सामान्यतः सप्ताह के कुछ निर्धारित दिनों में दोपहर के बाद का समय बाहरी आगंतुकों या विभागीय चर्चाओं के लिए रखा जाता है। जिले में रिक्त पदों का आलम यह है कि एक-एक अधिकारी को दो-दो जिलों या कई विभागों का

अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सप्ताह के शुरुआती दो दिन अवकाश व दो दिन समय-सीमा बैठक और 'जनदर्शन' जैसे कार्यक्रमों में बीत जाते हैं। अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद बचे हुए तीन दिनों में वे क्षेत्रीय दौरा करें, सरकारी योजनाओं का निरीक्षण करें या कार्यालय में बैठकर आम जनता की समस्याओं को सुनें? मुख्य सचिव की मंशा थी कि अधिकारियों के बैठने से जनता को भटकना न पड़े, लेकिन स्थिति इसके विपरीत है। दूर-दराज के गांवों से अपनी गुहार लेकर आने वाले ग्रामीणों को आज भी बैरंग लौटना पड़ रहा है। दफ्तरों के बाहर टंगे साहब दौरे पर हैं के बोर्ड आम जन की उम्मीदों पर पानी फेर रहे हैं।

'एक पीड़ित ग्रामीण के अनुसारः' हम कई किलोमीटर का सफर तय कर जिला मुख्यालय आते हैं, लेकिन यहाँ पता चलता है कि अधिकारी महोदय दूसरे जिले के प्रभार में हैं या किसी बैठक में व्यस्त हैं। दो दिन बैठने का आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित है। क्लर्क से लेकर राजपत्रित अधिकारियों तक के पद रिक्त पड़े हैं, अतिरिक्त प्रभार एक ही अधिकारी पर कई कार्यक्षेत्रों की जिम्मेदारी होने से कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है,दौरों की अनिवार्यताः' विभागीय निरीक्षण और योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों को फील्ड में जाना ही पड़ता है।

मुख्य सचिव के निर्देशों का पालन किया जाना है, अगर किसी कार्यालय के बारे में जानकारी मिलती है उसे दिशा निर्देश दिए जाऐगें।

न्यूज गैलरी

14 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा में शामिल होने का आमंत्रण

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्व सेन श्रीवास समाज का सामाजिक बैठक संपन्न हुआ। जिसमें बिलासपुर से सर्व सेन श्रीवास समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चंद श्रीवास, संभागीय सचिव चंद्रमणि श्रीवास, सहसचिव सुमित श्रीवास, राजू श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, गोरेलाल श्रीवास, लक्ष्मी श्रीवास के द्वारा 14 अप्रैल मंगलवार को श्री श्री 1008 श्री संत शिरोमणि सेन महाराज जयंती मनाने हेतु भव्य शोभायात्रा बिलासपुर में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमे जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास ने मुंगेली में जयंती मनाने के विषय में चर्चा की। बैठक में सीताराम, रमेश, मोहन, कार्तिक राम, संतोष, अनिल, सोनू, टिकेश, अशोक, गणेश, महेश, पारस, भोला, दीपक, रामजी, सागर, मेलाराम एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

मुंगेली में पेट्रोल-डीजल व गैस आपूर्ति पर कड़ी निगरानी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में उपभोक्ताओं को पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए व्यापक निगरानी की जा रही है। राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों, होटल-प्रतिष्ठानों एवं अन्य संबंधित स्थानों पर लगातार जांच और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने बताया कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी तथा उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 105 में संचालित किया जा रहा है। साथ ही तहसील स्तर पर संयुक्त निगरानी एवं जांच दलों का गठन कर दिया गया है, जो नियमित रूप से स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित विभाग अथवा टोल-फ्री 18002333663 के साथ ही काल सेंटर के नम्बर 9406275513, 9406275514, 9406275534, 9406275535 और 0775529903 पर संपर्क कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, जिसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों या सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। नागरिक केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस बुकिंग करें और घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी से बचें।

निजी प्रकाशकों की किताबें प्राइवेट स्कूलों में मिलने पर सख्त कार्रवाई

अंबिकापुर/नवप्रदेश। निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर किसी खास दुकान से महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने बनाए जा रहे दबाव पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ डॉ. दिनेश कुमार झा ने निजी स्कूलों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी छात्र को विशेष दुकान से सामग्री क्रय करने विवश नहीं किया जाएगा। ऐसे स्कूलों को उन्होंने निजी प्रकाशकों की किताबें वापस कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कूल में निजी प्रकाशक की किताब मिलने पर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को अभाविप ने निजी स्कूलों पर मनमानी का आरोप लगा विरोध प्रदर्शन किया था।रेफरल बुक पीडीएफ कराएं उपलब्धः डीईओ डीईओ ने सभी स्कूलों को अभिभावक व शिक्षक की बैठक कराने कहा है और दुकान से सामग्री खरीदने अभिभावक को स्वतंत्रता देने को कहा है। इसके साथ स्कूल को रेफरल पुस्तकों की पीडीएफ उपलब्ध कराने कहा है।

अस्पताल के मेडिसिन विभाग में 6 बेड का एचडीयू शुरू

अंबिकापुर/नवप्रदेश। मेडिकल कॉलेज के मेडिसन विभाग में 6 बिस्तर का हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) बुधवार से शुरू हो गया है। कॉलेज के डीन अविनाश मेश्राम व एमएस डॉ. आरसी आर्या ने इसका उद्घाटन किया। इससे अब गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा। एचडीयू यूनिट उन मरीजों के लिए उपयोगी होगा, जिन्हें सामान्य वार्ड से अधिक लेकिन आईसीयू से कम गहन देखभाल की जरूरत होती है। इनमें गंभीर संक्रमण, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर (सर्जरी के बाद), हृदय व श्वसन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीज शामिल हैं। इस यूनिट के शुरू होने से आईसीयू में वर्कलोड कम होगा। इस मौके पर मेडिसन विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज टेम्भुर्निकर, एनेस्थेसिया विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश निगम, ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. अरूणेश सिंह, एनेस्थीसिया के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश निगम मौजूद थे। 1. हर बेड पर मल्टी-पैरामीटर मॉनिटर की सुविधा। 2. ऑक्सीजन सप्लाई व सेंट्रलाइज्ड गैस पाइपलाइन सिस्टम। 3. हाई-फ्लो ऑक्सीजन व आपातकालीन वेंटिलेशन सपोर्ट। 4. कार्डियक मॉनिटरिंग व निरंतर निगरानी की व्यवस्था। एचडीयू में 24 घंटे मौजूद रहेगा मेडिकल स्टाफ एचडीयू में 6 बेड की सुविधा है। इसके लिए एक शिफ्ट में एक नर्सिंग स्टाफ व एक सफाईकर्मी की ड्यूटी रहेगी। इसके अलावा आईसीयू के ड्यूटी डॉक्टर ही यहां ड्यूटी करेंगे। आईसीयू में एक शिफ्ट में दो डॉक्टर हमेशा रहते हैं।

1197 आवेदनों का किया गया मौके पर ही निराकरण

***आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान की पहल बनी राजस्व पखवाड़ा**

आमजनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

राजस्व पखवाड़े में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अब तक कुल 2025 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1197 आवेदनों का तत्काल निराकरण कर दिया गया। शेष 828 आवेदनों का भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रशासन की तत्परता एवं कार्यप्रणाली से आमजनों को त्वरित राहत मिल रही है।

बलरामपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु प्रथम चरण में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में विशेष अभियान जिले के समस्त तहसीलों के ग्रामों में निर्धारित तिथियों के अनुसार राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।राजस्व पखवाड़े के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीणों तक उनके गांव में ही प्रशासन पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है।कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजस्व पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामों में मुनादी कर आमजनों को शिविरों की जानकारी दी जा रही है। जिससे ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और वे बड़ी संख्या में शिविर स्थलों पर पहुंचकर अपनी समस्याएं संबंधित आवेदन दे रहे हैं।

विभिन्न प्रकार के आवेदनों का पंजीयन

शिविरों में प्राप्त आवेदनों में अविवादित नामांतरण के 409, अविवादित बंटवारा के 71, विवादित नामांतरण के 23, विवादित बंटवारा के 7, किसान किताब के 56, सीमांकन के 60, त्रुटि सुधार के 96, नक्शा बटांकन के 55, आरबीसी 6-4 के 9 आवेदन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आय प्रमाण पत्र के 296, जाति प्रमाण पत्र के 268, निवास प्रमाण पत्र के 307, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के 90 तथा अन्य 278 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। राजस्व पखवाड़ा के माध्यम से आमजनों को काफी राहत मिल रही है। पहले जहां छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को बार-बार तहसील कार्यालय जाना पड़ता था, वहीं अब एक ही स्थान पर सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

हैंड पंप का हेडल निकाल ले गए नपं के कर्मचारी, गर्मी में भी नहीं मिलेगा पानी

सीएमओ की मनमानी के आगे सब बेबस

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के नगर पंचायत बम्हनीडीह में इन दिनों सीएमओ की मनमानी अपनी चरम सीमा पर है एक तरफ जहां इस तप्ती धूप गर्मी में लोगों को पानी की समस्या उत्पन्न न होकर कर के सरकार लगातार प्रयास कर रही है तो वहीं नगर पंचायत बम्हनीडीह में इसके विपरित काम नगर पंचायत बम्हनीडीह के सीईओ और यहां के कर्मचारी कर रहे हैं पुरा मामला वार्ड क्रमांक पांच व छह से जुड़ा हुआ है जहां सालों पुराने हैंड पंप को नगर पंचायत के कर्मचारीयो ने तहस नहस कर दिया है जिससे लोगों के बीच अब पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है बताया जा रहा है की नगर पंचायत बम्हनीडीह के कर्मचारी ने हैंड पंप के उपर के हिस्से को निकाल कर अपने साथ ले गए हैं और हैंड पंप को उपर से पुरी तरह से बंद कर दिया गया है। हैंड पंप के बंद होने से न केवल दोनों वार्डो के लोगों के पानी की समस्या हो रही इसके साथ ही यहां से गुजर कर स्वामी आत्मानंद स्कूल शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को पानी की समस्या होगी इसके साथ ही इस रोड से गुजर ने वाले बरगडी भदरी पाली के लोगों के लिए बड़ी समस्या उत्पन्न हो चुकी है पर इन सब से न तो नगर पंचायत बम्हनीडीह के सीएमओ के कोई सरोकार है न ही बम्हनीडीह के नेताओं को कोई मतलब है।

> हैंड पंप में करेंट आ रहा था इस कारण निकाला गया है। हैंडल लगा दिया जायेगा।
>
> **राधाचरण तिवारी,** सीएमओ नगर पंचायत बम्हनीडीह

गले में फंसा सिक्का एंडोस्कोपिक ऑपरेशन से निकाला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की सजगता और त्वरित चिकित्सा व्यवस्था से एक 03 वर्षीय मासूम की जान बचाने में बड़ी सफलता मिली है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि मुंगेली विकासखंड के ग्राम कोसमतरा निवासी 03 वर्षीय हिमांशी साहू ने खेल-खेल में अचानक एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले की आहार नली में सिक्का फंस गया। परिजनों ने तत्काल बच्ची को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां एक्स-रे जांच में पुष्टि हुई कि

बच्ची के गले की आहार नली में सिक्का फंसा हुआ है। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने बिना देर किए दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर बच्ची के गले से सिक्का सुरक्षित बाहर निकाल लिया।सिविल सर्जन डॉ. एम.के. राय ने बताया कि समय पर मिली चिकित्सा सहायता से बच्ची सुरक्षित है और अब पूरी तरह स्वस्थ है। जिला चिकित्सालय के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. कमलेश सत्यपाल, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार बेलदार एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मधु ध्रुव सहित पूरी टीम ने दूरबीन (एंडोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर बच्ची के गले से सिक्का सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्ची के परिजनों ने डॉक्टरों एवं अस्पताल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नवीन जिला पंचायत भवन का शुरू हुआ निर्माण

■ 9 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में नवीन जिला पंचायत भवन सक्ती के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार भवन के नींव खुदाई का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा बेस निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती वासु जैन ने निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस परियोजना के क्रियान्वयन की

जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को सौंपी गई है। निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए ठेकेदार बालाजी होम्स को 9 माह का समय दिया गया है। लक्ष्य के अनुसार दिसंबर तक भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

छह मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 26.50 लाख स्वीकृत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के विशेष प्रयासों से ग्राम तर्रा, अरंड, बोरसी, चरौदा, तरीघाट और बिनौरी में स्थित प्राचीन एवं श्रद्धा के केंद्र छह मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 26.50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय श्रद्धालुओं में हर्ष है। बता दें, लंबे समय से इन मंदिरों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विधायक रोहित की पहल पर शासन से जिन गांवों के मंदिरों को जीर्णोद्धार कार्य की स्वीकृति मिली है, उनमें ग्राम तर्रा में मौलीमाता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 4.74 लाख, अरंड में शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य के लिए 4.97 लाख, बोरसी में राधाकृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 2.82 लाख, ग्राम तरीघाट में शीतला मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 4.52 लाख, ग्राम चरौदा में शीतला मंदिर जीर्णोद्धार हेतु 4.558 लाख और बिनौरी में शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार कार्य हेतु 4.90 लाख रुपए शामिल हैं।

झुग्गी बस्ती में मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

अंबिकापुर/नवप्रदेश। भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला सरगुजा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने झुग्गी बस्तियों के बीच पहुंचकर कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन नगर के मंगल पांडेय वार्ड में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नगर निगम अंबिकापुर के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, प्रदेश सहसंयोजक व संभाग प्रभारी आकाश गुप्ता, जिला संयोजक रविंद्र गुप्त भारती सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और केंद्र व

राज्य सरकार की योजनाओं और पार्टी के विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया और झुग्गी बस्तियों में पार्टी का ध्वज भी फहराया। जिला संयोजक रविंद्र गुप्त भारती ने बताया पार्टी का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है, इसलिए झुग्गी बस्तियों में जाकर लोगों के बीच यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पेज 1 का शेष...

ईरान यूरेनियम पर फंसा...

से गोलीबारी शुरू होगी, जो पहले से ज्यादा बड़ी, ताकतवर और विनाशकारी होगी। हालांकि उन्होंने कहा कि इसकी संभावना बेहद कम है, लेकिन अमेरिका पूरी तरह तैयार है।

इजराइली मंत्री बोले- ईरान के साथ सीजफायर एक गलती है

इजराइल के मंत्री अमीचाई चिकली ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम करना गलती है। ऐसे देशों के खिलाफ सख्ती जरूरी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह युद्धविराम ज्यादा दिन चलेगा या नहीं, इसकी संभावना सिर्फ 50% है। उन्होंने ईरान की तुलना जापानी साम्राज्य और नाजी जर्मनी से करते हुए कहा कि ऐसे देशों को पूरी तरह हराना जरूरी होता है।

इन वजहों से टल सकता है सीजफायर

हालांकि, सिर्फ यही कारण नहीं हैं। इससे पहले युद्धविराम की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर जोरदार हमले किए। बुधवार का दिन इस युद्ध का सबसे खूनी दिन साबित हुआ। इस्राइली हमले में 250 से अधिक लोग मारे गए। ईरान का दावा है कि युद्धविराम में लेबनान भी शामिल था, जबकि इस्राइल और अमेरिका इससे इनकार कर रहे हैं।

बंगाल की जनता को पीएम...

और कानून पर भरोसा लौटाएगी।

दूसरी गारंटी- भाजपा सरकार में सरकारी सिस्टम जनता की सेवा के लिए जवाबदेह होगा।

तीसरी गारंटी- हर घोटाले, बेटियों के साथ हुए हर अन्याय और हर रेप केस की फाइल खुलेगी।

चौथी गारंटी- टीएमसी के राज में भी जिसने भी करप्शन किया है, उसकी जगह जेल में होगी। मंत्री हो या संतरी, कानून सबका हिसाब करेगा। टीएमसी का कोई गुंडा कानून से बचने वाला नहीं है। हम टीएमसी को जनता का पैसा नहीं खाने देंगे।

ओडिशा से मुंबई ले जा...

जिसमें 312 किलो गांजा बरामद किया गया।

1.56 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध खेप : जप्त गांजे की कुल कीमत 1,56,34,500 रुपये आंकी गई है, जो हाल के दिनों में पकड़ी गई सबसे बड़ी खेपों में से एक मानी जा रही है। इस कार्रवाई से तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

दो परिवहनकर्ता और तीन खरीदार गिरफ्तार : पुलिस ने तस्करी में शामिल दो परिवहनकर्ताओं को मौके से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान तीन खरीदारों के नाम सामने आए, जिन्हें बाद में गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी ओडिशा से मुंबई महाराष्ट्र के लिए नशीले पदार्थ की सप्लाई कर रहे थे।

ओडिशा से मुंबई के लिए हो रही थी तस्करी :जांच में खुलासा हुआ कि गांजा ओडिशा से लाया गया था और इसे महाराष्ट्र की राजधानी भेजने की तैयारी की जा रही थी। तस्करों का नेटवर्क अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय था।

सबरीमाला केसः सरकार...

की 9 जजों की बेंच धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की बुधवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई कर रही है। इसमें विभिन्न धर्मों में प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार किया जा रहा है।

जस्टिस नागरत्ना बोलीं- रोक से समाज बंट जाएगा, हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं

अगर मंदिरों में प्रवेश को लेकर यह कहा जाए कि सिर्फएक खास समुदाय ही अंदर आ सकता है। तो यह हिंदू धर्म के लिए सही नहीं होगा। उन्होंने देवरु केस का उदाहरण दिया जहां सिर्फ गौड़ सारस्वत ब्राह्मण को ही मंदिर में आने दिया जाता था। हर व्यक्ति को मंदिर और मठ में जाने का अधिकार होना चाहिए। अगर हर समुदाय अपना-अपना अलग मंदिर बनाकर दूसरों को रोकेगा, तो समाज में दूरी बढ़ेगी। यानी कि धर्म के नाम पर भेदभाव ठीक नहीं है इससे एकता कमजोर होगी। जस्टिस कुमारः अगर ऐसा होने दिया गया तो समाज बंट जाएगा।

एआई शिक्षा से छत्तीसगढ़ बनेगा...

के रूप में की जा रही है, जिसका विस्तार भविष्य में पूरे राज्य में होगा।

व्यावहारिक कार्यशालाएंः प्रारंभिक चरण में 200 शिक्षकों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें गूगल टूल्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा।

लक्ष्य और विजनः यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थियों में नए युग के कौशल विकसित होंगे।

5 नए मेडिकल कॉलेज...

मेडिकल कॉलेजों में 1430 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं, जो बढ़कर 1680 हो जाएंगी। साथ ही मेडिकल कॉलेजों की कुल संख्या 10 से बढ़कर 15 हो जाएगी।

न्यूज गैलरी

तालाबों और नालों की युद्ध स्तर पर सफाई

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से तालाबों व बड़े-छोटे नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी है। निगम के सभी पांचों जोन क्षेत्रों में अधिकारी व कर्मचारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहते हुए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। तालाबों की गाद निकासी, कचरा हटाने और नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे जल निकासी व्यवस्था बेहतर हो सके। स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन शहर की स्वच्छता रैंकिंग को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। निगम का लक्ष्य है कि भिलाई शहर स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर स्थान प्राप्त करे और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

तालाब में नहाने गया मजदूर डूबा

भिलाई। कैम्प-2 शारदा पारा तालाब में डूबने से संतोष यादव उर्फ पोपू की मौत हो गई। बुधवार को शाम के समय हमाली का काम करने वाले संतोष यादव की मौत तालाब में नहाते समय हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने जब उसे पानी में नहीं देखा तो तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद परिजनों और स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

जय महाकाल स्व सहायता समूह ने मनाया चावल उत्सव

कुम्हारी। मंगलवार को जय महाकाल स्व सहायता समूह में चावल उत्सव मनाया गया। निगरानी समिति के अध्यक्ष लता खैरवार पार्षद व जय महाकाल स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सरिता यादव व सचिव कंचन लता साहू और सदस्यगण व बड़ी संख्या में कार्डधारी उपस्थित थे।

घुघसीडीह में बीएसपी ने किया विकास कार्यों का हस्तांतरण

भिलाई। सेल-बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पंचायत घुघसीडीह में कला मंच, बोरवेल की खुदाई और हैंडपंप निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 7 अप्रैल को हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत घुघसीडीह की सरपंच ललिता बारले को हस्तांतरण विलेख के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (सीएसआर) मनोज कुमार दुब, विशिष्ट अतिथि उप प्रबंधक (सीएसआर) केके वर्मा, विभागीय कर्मचारी बुधेलाल सहित ग्राम पंचायत के पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मनोज कुमार दुबे ने सीएसआर विभाग व परिधीय ग्रामों के बीच सुदृढ़ संबंधों और समग्र विकास में विभाग की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्राम पंचायत घुघसीडीह में भविष्य में आवश्यकतानुसार विकासात्मक कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि उप प्रबंधक (सीएसआर) केके वर्मा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए ग्रामीणों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संचालन पूर्व सरपंच गोवर्धन ने किया।

बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र जामुल में विकास कार्य लगातार जारी है। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बीस लाख रुपये की लागत से सुरडुंग हाई स्कूल में स्थल पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि मुलभूत सुविधा के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किये जा रहे हैं। बाउन्ड्रीवाल के निर्माण से विद्यालय भवन सुरक्षित होगा। विद्यालय परिसर में खेल कूद सहित सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए भी संरक्षित होगा। इस अवसर पर पार्षद अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, स्कूल के प्राचार्य जगदीश राम दिल्लीवार, रमेश कुमार साहू, अनिल चौधरी, भारतीय प्रकाश, रेणु मिश्रा, उमा वर्मा, अंजली कसार, गीता भू आर्य, निशा खान, दिव्या ठाकुर, निकिता गुप्ता, शिक्षकगण, शिशिर शर्मा, दुष्यंत लहरी, सुरूज साहू, देवकीनंदन बंछोर, सहित विशेश्वर वर्मा, जितेन्द्र सिंह, उमेंद वर्मा, छात्र छात्राएं व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

जिले में 5 सौ करोड़ के विकास कार्य शीघ्र पूरा कराएं: शिक्षा मंत्री यादव

- निर्माण कार्य एजेंसी विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक
- गुढ़ियारी (रायपुर) ब्रिज की तर्ज पर बनेगा धमधा नाका ओवरब्रिज

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि तथा विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। शासन द्वारा दुर्ग जिले में लगभग 500 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों में सड़क, पुल, पुलिया, भवन, ऑडिटोरियम, केनाल रोड, नवीन विश्राम भवन, जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक सड़क चौड़ीकरण और फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण, चण्डी मंदिर रोड, अग्रसेन चौक से दुर्ग-धमधा अण्डरब्रिज तक कार्य, सड़कों के संधारण, चौड़ीकरण सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

गजेंद्र ने सड़कों के संधारण, चौड़ीकरण व ट्रैफिक नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के संयुक्त बैठक में आपसी समन्वय और तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के कार्यों में तेजी लाकर जनता को शीघ्र लाभ पहुंचना चाहिये। निर्माण कार्य एजेंसी विभाग पुराने स्वीकृत निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण कराएं। वर्तमान बजट में निर्माण कार्यों का टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। मंत्री यादव ने अधिकारियों से कार्य स्वीकृति के बाद मंत्रालय स्तर व वित्त विभाग संबंधी

समस्याओं की जानकारी भी ली।

उन्होंने कहा कि दुर्ग में केनाल रोड निर्धारित मापदण्ड के अनुसार बनाया जाए। निर्माण हेतु अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के लिये राजस्व विभाग को आवश्यक पहल करने कहा। चण्डी मंदिर सड़क निर्माण, ब्रम्हकुमारी संस्थान से मुख्य सड़क मार्ग, दुर्ग-धमधा सड़क मार्ग, दुर्ग नंदिनी रोड, संगीत महाविद्यालय, पेंशनर भवन और नवीन विश्राम भवन दुर्ग के संबंध में जानकारी ली।

धमधा नाका ओवर ब्रिज निर्माण हेतु आवश्यक पहल करने और धमधा नाका ओवर ब्रिज को गुढियारी (रायपुर) ब्रिज के तर्ज पर बनाने सेतु विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया हैं। मंत्री यादव ने बोरसीभांठा में पौधरोपण के संबंध में जानकारी ली। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बोरसीभांठा के 12 एकड़ जमीन में पौधरोपण किया जाना है। इसके लिये 65 लाख रुपए की स्वीकृति के लिये शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। मंत्री यादव ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को पेयजल हेतु पाइपलाइन विस्तार के साथ ही दुर्ग नगर निगम अंतर्गत पानी सप्लाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर में साइंस सिटी निर्माण पर जोर देते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को शासकीय निर्माण कार्यों हेतु नक्शा-खसरा सहित जमीन शीघ्रतापूर्वक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता बीके पटेरिया, आयुक्त सुमीत अग्रवाल, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सहित लोनिवि, पीएचई, आरईएस, सेतु विभाग, विद्युत विभाग, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

प्राथमिक स्कूल में स्मार्ट क्लास का जायजा लिया

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग के शनिचरी बाजार स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल में तैयार हो रहे स्मार्ट क्लास की प्रगति की जानकारी ली। आगामी सत्र से स्कूल में स्मार्ट क्लास से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। आधुनिक शिक्षा सुविधा से बच्चों को बेहतर सीखने का अवसर मिलेगा और उनका भविष्य सशक्त होगा। स्कूल के शिक्षको से चर्चा कर स्कूल की सभी गतिविधियों की जानकारी लेकर खेलकूद व अन्य गतिविधियों पर भी जोर देने कहा, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर निगम सभापति श्याम शर्मा, कमलेश फेकर, पार्षद नरेंद्र बंजारे, मनीष कोठारी, गोविन्द देवांगन, हर्षिका संभव जैन, दिनेश देवांगन सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

लाखों के जेवर चोरी का खुलासा, चोरों ने गहने गिरवी रखकर लिया गोल्ड लोन

- आरोपियों से आठ लाख से अधिक की संपत्ति बरामद, तीन गिरफ्तार

अमलेश्वर-भिलाई/नवप्रदेश। अमलेश्वर थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोरी करने के बाद आरोपियों ने चोरी किए गए जेवरों को अपनी बहन और मौसी के यहां रखा था। इन जेवरों से बहन और मौसी के साथ आरोपियों ने अपने शौक पूरे किये। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवर, स्कूटी और मोटरसाइकिल समेत करीब 8 लाख 22 हजार रुपए का सामान बरामद किया गया है।

जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी खिलेश मानिकपुरी ने चोरी के जेवर तुलेश्वर सोनकर को दिए थे। तुलेश्वर ने सोने के जेवर अपनी बहन पुष्पलता को दे दिया। उसने आईआईएफएल फाइनेंस कंपनी में सोना गिरवी रखने के बाद गोल्ड लोन ले लिया। इसी पैसे से स्कूटी और मोबाइल खरीदा। चांदी के जेवर तुलेश्वर ने अपनी मौसी माया सोनकर के घर पर रखे थे। मोतीपुर अमलेश्वर निवासी रामस्वरूप साहू ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जनवरी से 29 जनवरी तक वह घर से बाहर था। इसी दौरान उसके सूने मकान में अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। घर लौटने पर दरवाजा टूटा मिला और सोने-चांदी के जेवर गायब थे। अमलेश्वर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद संदिग्ध लोगों की पहचान की। करीब दो महीने की जांच के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में खिलेश दास मानिकपुरी, भुनेश्वर यादव और तुलेश्वर सोनकर शामिल हैं। तीनों के खिलाफ डीडी नगर रायपुर और अमलेश्वर थाना क्षेत्र में आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने फाइनेंस कंपनी से सोने के जेवर और माया सोनकर के घर से चांदी के जेवर बरामद कर लिए हैं। चोरी के पैसों से खरीदी गई स्कूटी, मोटरसाइकिल और मोबाइल भी जब्त किया गया है। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि अमलेश्वर थाना और एसीसीयू की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सूने मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सोने-चांदी के जेवर और दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 8 लाख 22 हजार रुपए आंकी गई है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

लेटलतीफ ठेकेदारों पर गिरेगी कार्रवाई की गाजः महापौर

- पेवर ब्लॉक कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी, लापरवाह अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा को लेकर महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर की उपस्थिति में अधिकारियों और ठेकेदारों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, कार्यपालन अधिकारी विनीता वर्मा, ईई मो. सिद्दीकी, संजय ठाकुर, राजेन्द्र ढबाले, करण यादव, पंकज साहू, हरिशंकर साहू, अर्पणा मिश्रा सहित निगम के अन्य अधिकारी व ठेकेदार प्रमोद महोबिया, हेमंत देवांगन सहित अन्य ठेकेदार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। महापौर अलका बाघमार ने कड़े शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन ठेकेदारों द्वारा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उन्हें ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा।

वर्क ऑर्डर जारी होते ही संबंधित कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद भी कार्य शुरू करने में अनावश्यक देरी हो रही है। यह गंभीर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार कार्य में ढिलाई बरत रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाए।

महापौर ने कहा कि अधिकारी ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर भी महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यों की सतत निगरानी करें और नियमित निरीक्षण करते रहें।

निजी स्कूल हर साल बदल रहे किताब-यूनिफार्म, पालकों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग को लेकर पालकों ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। पालकों ने ज्ञापन में जिले के कई निजी स्कूलों की मनमानी का जिक्र करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। पालकों ने कहा कि हर साल नर्सरी से आठवीं तक की किताबें बदली जाती है। इसके कारण पुरानी किताबें बेकार हो रही है। पालकों को हर साल नई किताबें खरीदनी पड़ती हैं। बच्चों की किताबों पर हर साल करीब 4 हजार से 5 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। स्कूल प्रबंधन कमीशन के लालच में हर साल किताबें बदल देते हैं। इससे बुक डिपो और स्कूल दोनों को फायदा होता है। वहीं पालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। पैरेंट्स यूनियन के अमित जैन और अय्यूब खान समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि निजी स्कूलों में किताबों के साथ-साथ बच्चों का ड्रेस कोड भी हर साल बदल दिया जाता है। इससे पालकों को हर साल नई ड्रेस खरीदनी पड़ती है। शिक्षा विभाग की ओर से इस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। पालकों ने कलेक्टर से मांग की है कि निजी स्कूलों में कक्षा आठवीं तक एक ही प्रकाशक की किताबें कम से कम 5 साल तक अनिवार्य की जाएं। किताब और ड्रेस के नाम पर कमीशन लेने वाले स्कूल प्रबंधन, बुक डिपो और दुकानदारों की जांच कर कार्रवाई की मांग भी की गई है।

गयानगर में बनेगी नई पानी टंकी

- जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की मौजूदगी में कबड्डी मैदान की शासकीय भूमि पर नई टंकी बनाने बनीं सहमति

दुर्ग/नवप्रदेश। गयानगर, मठपारा वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी पहल हुई है। महापौर अलका बाघमार के निर्देश और जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की सक्रियता से पानी टंकी निर्माण में आ रही भूमि संबंधी बाधा दूर कर ली गई है। जमीन का सीमांकन होने के बाद गया बाई स्कूल के सामने स्थित कबड्डी मैदान की शासकीय भूमि पर नई पानी टंकी निर्माण किया जाएगा। नगर निगम द्वारा पहले बघेरा मोड़ डोंगिया बांधा तालाब के पास लगभग 2 करोड़ की लागत से 15 लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकी बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन तकनीकी जांच में स्थल को जल भूमि व उपयुक्त न पाए जाने के कारण स्वीकृत स्थल को खारिज कर दिया गया। इससे टंकी निर्माण को लेकर असमंजस की स्थिति रही।

वैकल्पिक शासकीय भूमि की तलाश कर पटवारी प्रतिवेदन और सीमांकन कराने के बाद अब गया बाई स्कूल के सामने वार्ड 3 और 4 की सीमा पर स्थित कबड्डी मैदान की शासकीय भूमि का सीमांकन किया गया, जिसमें खसरा नंबर 808 को टंकी निर्माण के लिए उपयुक्त पाया गया।

मुख्य प्रशासिका रतनमोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

दुर्ग/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। समग्र विश्व में ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व में ऐसी अनुपम है जहाँ के संचालन का समस्त दायित्व माताओं बहनों के हाथों में है। दादी रतन मोहिनी के जीवन यात्रा के विषय में रीटा दीदी संचालिका ब्रह्माकुमारीज दुर्ग ने बताया कि दादी रतनमोहिनी का जन्म 25 मार्च, 1925 को सिंध, पाकिस्तान में हुआ था।

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

"सहायक प्रोफेसर ग्रेड-II" के पदों के लिए भर्ती

IISER तिरुपति, उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड रखने वाले भारतीय नागरिकों से, विशुद्ध रूप से संविदात्मक आधार पर, सहायक प्रोफेसर ग्रेड-II के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया **www.iisertirupati.ac.in >>Careers>>Faculty** पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30 अप्रैल, 2026** है।

विज्ञापन सं. 27/2026/IISER-T/Rect./09.04.2026

cbc 21377/12/0002/2627 — हस्ता/- कुलसचिव

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. 01

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 15 / निविदा/ग्रायांसेवा / 2026-27, रायगढ़, दिनांक 07.04.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - **23-04-2026 (शायं 05.30 बजे तक)**
2. पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी.
तकनीकी अभिलेख जमा करने की अंतिम तिथि - **28-04-2026 (शायं 05.30 बजे तक)**

ई-निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख मे)
188554	जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड रायगढ़ (जोन क्र. 01) जिला रायगढ़ (छ.ग.)	40.00
188555	जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड रायगढ़ (जोन क्र. 02) जिला रायगढ़ (छ.ग.)	40.00
188556	जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड रायगढ़ (जोन क्र. 03) जिला रायगढ़ (छ.ग.)	40.00
188557	जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड रायगढ़ (जोन क्र. 04) जिला रायगढ़ (छ.ग.)	40.00
188558	जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.)	40.00
188559	जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)	40.00
188560	जोनल निविदा (सिविल कार्य हेतु) विकासखण्ड बरमकेला जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)	40.00

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 08.04.2026 को सायं 5:31 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

जी- 262700094/3

दिव्यांग युवती से रेप का आरोपी पिता का दोस्त निकला, आठ साल की सजा

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना क्षेत्र में 19 साल दिव्यांग (मूक-बधिर) युवती से उसके पिता के दोस्त ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की और दुष्कर्म का प्रयास किया। इस मामले में जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दुर्ग अवध किशोर की अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 5 साल और 3 साल की सजा सुनाई है। पुलिस फाइल में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 8 अप्रैल 2025 की सुबह करीब 10 बजे पीड़िता घर में अकेली थी। उसी समय आरोपी तामेश्वर यादव ने घर में घुसकर युवती के साथ जबरन छेड़छाड़ की। पीड़िता ने आरोपी के चंगुल से छूट कर पड़ोसी के घर पहुंची। इस मामले में राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक संजय कुमार सिंह ने पैरवी की। आरोपी को 9 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में पीड़िता की गवाही ही पर्याप्त होती है। अदालत ने आरोपी तामेश्वर यादव को धारा 74 में 5 साल का कठोर कारावास और 500 रुपए जुर्माना दिया। धारा 75(2) में 3 साल का कठोर कारावास तय किया गया। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना जमा नहीं करने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा निर्धारित की गई। कोर्ट ने कहा कि यह मामला किसी भी स्थिति में नरमी के योग्य नहीं है। पीड़िता ने साहस दिखाया, नहीं तो बड़ा अपराध हो सकता था। अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि पीड़िता को उचित मुआवजा दिया जाए।

निधन : राजेन्द्र श्रीवास्तव

दुर्ग/नवप्रदेश। पद्मनाभपुर लाला हॉउस एमआईजी-42 निवासी राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव का निधन

हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अप्रैल की सुबह 9 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वास्तिक इंडस्ट्रियल एंड डायरेक्टर और श्री साई मंदिर समिति सिविल लाइन कसारीडीह के सदस्य थे। उनके निधन पर श्री साई मंदिर समिति के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

एसएमएस-2 ने रचा इतिहास, स्टील लेडल लाइफ 143 हीट्स तक पहुंचा

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के इस्पात गलन शाला 2 ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 143 हीट्स स्टील लेडल लाइफ प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व अधिकतम लेडल लाइफ 140 हीट्स था। यह उपलब्धि संयंत्र की तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी और सुव्यवस्थित अनुरक्षण प्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है। लेडल संख्या 31 का अभियान 16 जनवरी 2025 से प्रारंभ हुआ, जिसके दौरान प्रत्येक हीट के बाद लेडल बे ऑपरेशन टीम व रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) द्वारा सतत निरीक्षण व निगरानी सुनिश्चित की गई। मध्यवर्ती अनुरक्षण के दौरान बॉटम, मेटल जोन और स्लैग जोन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे लेडल की कार्यक्षमता और जीवन अवधि में उल्लेखनीय वृद्धि संभव हो सकी।

स्टील लेडल सेट की आपूर्ति सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड (एसआरसीएल) द्वारा की गई। कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने एसएमएस 2 और आरईडी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे संयंत्र की तकनीकी प्रगति एवं परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया तथा भविष्य में और अधिक उपलब्धियाँ प्राप्त करने हेतु टीम को प्रेरित किया। इस उपलब्धि में मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) प्रोसेनजीत दास और मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस 2) सुशांत कुमार घोषाल के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रतनपुर, दिनांक 06/04/2026
रा.प्र.क्र. (ब-121/2025-26)
मौजा ग्राम-रतनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र पटेल पिता रामखिलावन पटेल जाति मरार निवासी ग्राम रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने पिता रामखिलावन पटेल पिता नत्थू पटेल का मृत्यु दिनांक 11-07-1997 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3) एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 21/04/2026 को दावा/आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

डोंगरगढ़ रेलवे में मेडिकल शिविर का 100 से अधिक लाभार्थियों ने उठाया लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा 8 अप्रैल को रेलवे इंस्टिट्यूट, डोंगरगढ़ में मेडिकल सह शिकायत शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर नागपुर मंडल के रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा।

शिविर के दौरान कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार भी आयोजित किए गए, जिनमें I-GOT कर्मयोगी साधना सप्ताह, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन

उत्पीड़न (POSH) अधिनियम 2013, HRMS के SHINE मॉड्यूल तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अवधारणा शामिल रही। चिकित्सा शिविर में कुल 104 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 76 रेलवे कर्मचारी एवं 28 आश्रित शामिल रहे। शिविर में स्वास्थ्य जांच के दौरान 4 उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के नए मामले तथा 3 मधुमेह (डायबिटीज) के नए मामले चिन्हित किए गए। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा कुल 22 मरीजों का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त 6 लाभार्थियों को HPV टीकाकरण भी किया गया। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. आर. किशोर कुमार (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. अभिषेक खांडेकर (CMP/DGG), डॉ. ए.पी. सावंत (बाल रोग विशेषज्ञ, स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई) एवं डॉ. मोनिदीपा साहा (स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई) द्वारा चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही राजेश प्रसाद (सहायक कार्मिक अधिकारी) सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों - नरेंद्र सिंह राठौर (फार्मासिस्ट), एम. सुधाकर राव, देवेंद्र कुमार शाखरे (मुख्य कल्याण निरीक्षक) एवं वेंकट सत्यनारायण (कार्मिक विभाग) की उपस्थिति रही।

रक्सौल-गोंदिया के मध्य साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल से गाड़ी संख्या 08867/08868 (गोंदिया-रक्सौल-गोंदिया) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 10-10 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। विवरण इस प्रकार है :-गाड़ी संख्या 08867 (गोंदिया-रक्सौल) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोंदिया से (प्रात: 06:30) बजे प्रस्थान कर डोंगरगढ़ (07:30/07:32), राजनांदगांव (07:58/08:00), दुर्ग (08:35/08:40), रायपुर (09:30/09:35), भाटापारा (10:25/10:27), बिलासपुर (11:40/11:50), चांपा (12:45/12:47), रायगढ़ (13:45/13:47), झारसुगुड़ा (15:30/15:35), राउरकेला (17:15/17:25), रांची (20:45/20:55), बोकारो स्टील सिटी (23:40/23:45), चंद्रपुरा जंक्शन (00:20/00:25), धनबाद जंक्शन (02:10/02:15), चितरंजन (04:14/04:16), मधुपुर जंक्शन (04:53/04:55), जसीडीह (05:25/05:27), झाझा (07:10/07:15), किऊल जंक्शन (07:56/07:58), बरौनी जंक्शन (10:40/10:50), समस्तीपुर जंक्शन (12:20/12:25), दरभंगा जंक्शन (13:25/13:30), एवं सीतामढ़ी जंक्शन (14:55/15:00) होते हुए 17:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। ठीक इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 08868 (रक्सौल-गोंदिया) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 26 अप्रैल 2026 से 28 जून तक प्रत्येक रविवार को चलेगी।

न्यूज गैलरी

खनिजों के अवैध परिवहन पर वाहन जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार एंव उप संचालक के मार्गदर्शन मे जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 4, 5 व 7 अप्रैल को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा रतखंडी व धुमा, मानिकपुर लावर व राजपुर केकती क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान रतखंडी क्षेत्र अंतर्गत अरपा नदी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध उतखनन व परिवहन करते 10 ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को जप्त किया गया। धुमा मानिकपुर क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन व परिवहन करते 01 पोकलेन मशीन व 04 हाइवा वाहनों को जप्त किया गया है। लावर क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 01 हाइवा जप्त किया गया है। राजपुर केकती क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन करते 01 जे सी बी व 04 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। बुतेना क्षेत्र से मुरुम का अवैध उतखनन करते 01 जे सी बी वाहन को जप्त किया गया है।इस प्रकार जप्त कुल 22 वाहनों को पुलिस चौकी बेलगहना तथा खनिज जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।

जल संरक्षण में युवाओं की भागीदारी पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की समस्त 486 ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'मोर गांव मोर पानी' एवं 'मोर तरिया' अभियान के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान 'नवा तरिया-आय के जरिया' थीम के अंतर्गत नए तालाब (तरिया) निर्माण हेतु संभावित स्थलों का चिन्हांकन प्लॉट एवं जीआईएस टूल के माध्यम से किए जाने की जानकारी दी गई तथा प्रस्तावित कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को 90 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। हितग्राहियों को योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाली राशि की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

केरोसीन डालकर पत्नी को जिंदा जलाया, तड़पते देखता रहा, पति की उम्रकैद सजा बरकरार

मरने से पहले का बयान अपने आप में दोषसिद्धि का ठोस आधार है: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के पांडातराई में चरित्र पर शक के चलते पति ने पत्नी पर केरोसीन डालकर उसे जिंदा जला दिया। आग से जलती हुई महिला ने तालाब में कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश भी की, लेकिन वह नहीं बच सकी। पति उसे जलते हुए देखता रहा। अब हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने मामले में हत्या के दोषी पति की अपील खारिज कर दी है।

डिवीजन बेंच ने उम्रकैद के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि, मरने से पहले का बयान अपने आप में दोषसिद्धि का ठोस आधार है, क्योंकि मरते हुए व्यक्ति के होठों पर सत्य निवास करता है। दरअसल, पांडातराई निवासी आरोपी संतोष उर्फ गोलू श्रीवास्तव ने 18 नवंबर 2019 को पत्नी लता श्रीवास्तव पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसके चलते दोनों पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। इसी विवाद की वजह से उसने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। फिर पत्नी के ऊपर मिट्?टी तेल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया।

तालाब में कूदकर जान बचाने की कोशिश

इस दौरान बुरी तरह झुलसी लता ने घर के पास स्थित तालाब में कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश की। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उसने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने उसने अपने पति के खिलाफ बयान दर्ज कराया। उसने बताया कि, पति ने उसके ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाई है। इस बीच करीब 21 दिनों तक चले इलाज के बाद 9 दिसंबर 2019 को 'सेप्टिक शॉक' के कारण उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच और महिला के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर आरोपी पति संतोष श्रीवास के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर, गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने तय समय पर ट्रायल कोट के समक्ष आरोप पत्र पेश किया, तब ट्रॉयल के दौरान पति को हत्या का दोषी पाया गया।

ट्रॉयल कोर्ट ने दी उम्रकैद, हाईकोर्ट में की अपील

पुलिस ने जांच और महिला के बयान के आधार पर आरोपी पति संतोष श्रीवास के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने चार्जशीट पेश किया, तब ट्रॉयल के दौरान पति को हत्या का दोषी पाया गया। जिस पर निचली अदालत ने पति को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस फैसले के खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आरोपी की दलीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि, मौत से पहले दिया गया बयान विश्वसनीय है, तो बिना किसी अन्य गवाह के भी सजा दी जा सकती है। डॉक्टर ने भी पुष्टि की थी कि बयान देते समय पीड़िता मानसिक रूप से फिट थी। इसके अलावा पड़ोसियों सावित्री बाई और सुशीला बाई ने पीड़िता को जलती हुई हालत में घर से बाहर निकलते और तालाब में कूदते देखा था।

पति ने नहीं की बचाने की कोशिश

घटना स्थल से मिले जले हुए कपड़ों और आरोपी की टी-शर्ट पर मिट्टी के तेल के अंश पाए गए थे। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि, जब पत्नी आग की लपटों में घिरी तालाब में तड़प रही थी, तब आरोपी पति बाहर खड़े होकर तमाशा देख रहा था। उसने उसे बचाने की कोई कोशिश नहीं की।

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को दिया बयान

जिंदगी और मौत के बीच झूल रही लता काअस्पताल में इलाज चल रहा था, उसकी स्थिति को देखते हुए मृत्यु पूर्व बयान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को भेजा गया। मजिस्ट्रेट के सामने लता ने अपने बताया, पति ने उसके ऊपर कैरोसिन डालकर आग लगा दी थी।

बाइक सवार वनकर्मी डिवाइडर से टकराया, मौके पर ही मौत

रतनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के रैनपुर (खुटाघाट) के पास देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में फॉरेस्ट विभाग के एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान अमरनाथ पटेल 38 वर्ष पिता जनकु राम पटेल, निवासी हरदी बाजार (कोरबा) के रूप में हुई है, जो फॉरेस्ट विभाग के गुरसिया में पदस्थ थे।

मिली जानकारी के अनुसार अमरनाथ पटेल अपने एक साथी के साथ शासकीय कार्य से बिलासपुर गए हुए थे। देर रात काम खत्म होने के बाद दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रैनपुर के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों सड़क पर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे के समय अमरनाथ पटेल ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई। यही चोट उनकी मौत की मुख्य वजह बनी। यदि उन्होंने हेलमेट पहना होता, तो संभव है कि उनकी जान बच सकती थी। सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी एक बार फिर जानलेवा साबित हुई है। हादसे में घायल दूसरे युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा एक बार फिर इस बात की चेतावनी है कि रात में वाहन चलाते समय सतर्कता, नियंत्रित गति और हेलमेट का उपयोग जीवन बचा सकता है। एक छोटी सी लापरवाही ने एक परिवार से उसका सहारा छीन लिया।

निगम कमिश्नर ने किया निगम कार्यालय का निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने दोपहर के बाद आज मुख्यालय विकास भवन के सभी शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित दो क्लर्क को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। दोपहर के बाद अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति को परखने के लिए निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने 4.30 बजे निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान सभी शाखाओं में जाकर फाइलों की जांच की और लंबित प्रकरणों को समय सीमा के भीतर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत में निगम कमिश्नर ने ड्यूटी के दौरान अपनी सीट से अनुपस्थित पाए गए योजना शाखा के दो कर्मचारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए ने उन्हें तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर श्री सर्वे स्पष्ट कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पीएम आवास शाखा के क्लर्क को नोटिस

निगम कमिश्नर ने निगम की सभी शाखाओं में जाकर फाइलों के रख-रखाव और उनके निराकरण की स्थिति देखी। विशेष रूप से पी.एम. आवास शाखा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राप्त आवेदनों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कुछ प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं, जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किया पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ जल्द से जल्द मिले। पीएम आवास शाखा में आवेदनों के निराकरण में देरी करने पर डीलिंग क्लर्क को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा भवन शाखा में भवन अनुज्ञा के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए है।

निहारिका क्षेत्र व सीएसईबी कॉलोनी के 5 हजार उपभोक्ताओं को होगी गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति

नवनिर्मित 33/11 केव्ही उपकेंद्र का मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया लोकार्पण

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से कोरबा शहर के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये शहर संभाग कोरबा के अंतर्गत नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र सीडीईएफ कॉलोनी निहारिका कोरबा का लोकार्पण किया गया है।

इस उपकेंद्र के लोकार्पण समारोह के दौरान वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर नगर पालिक निगम कोरबा संजू देवी राजपूत, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस नए उपकेंद्र के शुरू हो जाने से सीएसईबी कॉलोनी एवं निहारिका क्षेत्र कोरबा के लगभग 5000 से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा फायदा होगा, अब इन क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति, ओवरलोडिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी साथ ही तकनीकी समस्याओ का निराकरण तत्काल ही किया जा सकेगा। इसके पूर्व यहाँ के उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओ का सामना करना पड़ता था. नवनिर्मित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 5 एमव्हीए है, जिसकी निर्माण लागत राशि 1 करोड़ 90 लाख रूपये है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन लाल देवांगन ने अपने उदबोधन में कहा कि नये उपकेंद्र की संख्या में वृद्धि होने से लाइन ट्रिप होने जैसी समस्या का निराकरण तथा निर्बाध विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस उपकेंद्र के सुव्यस्थित निर्माण के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियो, कर्मचारियों को बधाई दी है, साथ ही पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली बिल योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है। महापौर, नगर पालिक निगम कोरबा के संजू देवी राजपूत ने अपने उदबोधन में विद्युत विभाग के अधिकारियो तथा कर्मचारियों को कठिन परिस्थितियों में भी लगातार मेहनत करने के लिए प्रशंशा कि है, साथ ही उन्होंने इस उपकेंद्र के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित सभी को बधाई देते हुए इसे विशेषकर निहारिका क्षेत्र के व्यापारियों के लिए लाभदायक बताया है। इस अवसर पर बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट, अधीक्षण अभियंता पी. आर साहू, वी. के. तिवारी, कार्यपालन अभियंता एस. के. सोनी, आर एल वर्मा, रश्मि देवांगन, एच. एस. राठौर उपस्थित थे।

पहल: युवाओं को डिजिटल लोकतंत्र का सिपाही बनाने की पहल

युवा कांग्रेस का 'संविधान लीडरशिप प्रोग्राम' लॉन्च

बिलासपुर/नवप्रदेश। इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा युवाओं को संविधान के मूल्यों पर आधारित नेतृत्व देने के उद्देश्य से 'संविधान लीडरशिप प्रोग्राम' की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बिलासपुर स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अर्जुन अमित श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को केवल राजनीतिक रूप से सक्रिय बनाने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें संविधान और लोकतंत्र के सशक्त रक्षक के रूप में तैयार करने के लिए शुरू की गई है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि इस प्रोग्राम

का मुख्य उद्देश्य युवाओं के भीतर संविधान, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी समझ विकसित करना है। डिजिटल दौर में युवाओं को एक प्रभावी आवाज देने के लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक युवा इस प्रोग्राम से जुड़ने के लिए अपने स्थानीय युवा कांग्रेस कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या इंडियन यूथ कांग्रेस की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैंसंविधान लीडरशिप प्रोग्राम' युवाओं को सिर्फ राजनीति में भागीदारी के लिए नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा और डिजिटल लोकतंत्र को मजबूत करने के मिशन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करने की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

डिजिटल पॉलिटिकल इन्फ्लुएंसर्स तैयार करने पर जोर

कार्यक्रम के तहत युवाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें कंटेंट क्रिएशन, कैंपेन डिजाइन और डिजिटल नैरेटिव सेट करने की ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वे युवा मुद्दों को मजबूती से उठा सकें। इस पहल में केवल ऑनलाइन ट्रेनिंग ही नहीं, बल्कि फील्ड वर्क, जनसंपर्क, आंदोलन निर्माण और संगठनात्मक नेतृत्व पर भी फोकस किया जाएगा। इसे 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' और 'लोकतंत्र का पाँचवाँ स्तंभ' जैसे अभियानों से जोड़ा गया है। इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा यह प्रोग्राम देशभर के जिला और विधानसभा स्तर पर चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के साथ-साथ मध्य प्रदेश के बैतूल, भिंड और टीकमगढ़ सहित कई स्थानों पर इसके आयोजन शुरू हो चुके हैं। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को एक डिजिटल मीडिया नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, जहां उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और संस्थागत सहयोग मिलेगा। इससे वे एक संगठित और प्रभावी डिजिटल समुदाय का हिस्सा बन सकेंगे।

मंत्री तोखन असम से लौटने के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से की भेंट

बिलासपुर/नवप्रदेश। असम विधानसभा चुनाव अभियान से लौटकर आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री साहू ने असम में संपन्न चुनाव प्रचार अभियान की विस्तृत जानकारी साझा की। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में शहरी विकास एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार की जनहितकारी नीतियों एवं विकासोन्मुख दृष्टिकोण से देश में समग्र विकास को और गति मिलेगी।

होम्योपैथी : सूक्ष्मता की शक्ति, स्वास्थ्य की व्यापकता

प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार का मार्ग: विश्व होम्योपैथी दिवस

योगेश कुमार गोयल

होम्योपैथी केवल दवा देने का तरीका नहीं, बल्कि शरीर को भीतर से सशक्त बनाने का विज्ञान है। डॉ. सैमुअल हैनीमैन के सिद्धांतों पर आधारित यह पद्धति बिना किसी दुष्प्रभाव के जटिल से जटिल रोगों को जड़ से मिटाने की क्षमता रखती है। आज के तनावपूर्ण जीवन में, होम्योपैथी एक स्वस्थ भविष्य की आशा है। आइए, इस पद्धति को अपनाएं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें।

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है। देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है।

अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे-धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी दवाएं प्रत्येक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग-अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ये दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं।

होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम् शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है।

भारत में होम्योपैथी सबसे लोकप्रिय चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। देशभर में 210 से ज्यादा होम्योपैथी अस्पताल, 8 हजार से ज्यादा होम्योपैथी डिस्पेंसरी और करीब तीन लाख होम्योपैथी प्रैक्टिशनर हैं। भारत में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की 4000 से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है।

इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है, जो शरीर को स्वयं को संतुलित और स्वस्थ करने की दिशा में प्रेरित करती है। होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है। यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं तथा अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव-प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।

दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली विधानसभा को आज बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद राजधानी में हड़कंप मच गया। इस धमकी के मद्देनजर, दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विधानसभा परिसर, सचिवालय, कई स्कूलों और एक मेट्रो स्टेशन पर बड़े पैमाने पर सुरक्षा अभ्यास शुरू कर दिया है। यह धमकी भरा ईमेल गुरुवार सुबह 8:14 पर विधानसभा से जुड़े कई सरकारी और अन्य इनबॉक्स में पहुंचा। ईमेल में दिन के विभिन्न समयों पर विधानसभा, सचिवालय, कुछ स्कूलों और एक मेट्रो स्टेशन पर संभावित विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही, दिल्ली पुलिस ने तुरंत टीमों के साथ मिलकर विधानसभा परिसर, सचिवालय, लक्षित स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों पर व्यापक एंटी-सबोटेज जांच शुरू कर दी।

इजरायली हवाई हमलों में 254 की मौत

मास्को(स्पुतनिक/वार्ता)। लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 254 लोग मारे गए और 1,165 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अल जज़ीरा ने लेबनानी नागरिक सुरक्षा के हवाले से गुरुवार को दी। बुधवार को, इजरायली विमानों ने मध्य बेरूत के मज़रा, मनारा, ऐन अल मरेसेह और बरबोर इलाकों के साथ-साथ दक्षिणी उपनगरों के आठ इलाकों पर हमला किया।

टीएमसी के पाप का घड़ा भर गया, बंगाल में सत्ता परिवर्तन अब अपरिहार्य : मोदी

कोलकाता/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जोर दिया कि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन अपरिहार्य है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के ''पाप का घड़ा'' भर गया है। उन्होंने राज्य के ''आर्थिक पतन'' का उल्लेख करते हुए कहा, ''राष्ट्रीय जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में बंगाल का योगदान पहले के 12 प्रतिशत से घटकर मात्र पांच प्रतिशत रह गया है।''

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र ने आसनसोल में उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए 45,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, ''तृणमूल ने बंगाल पर क्रूरता की है, जबकि भाजपा ने सत्ताधारी दल द्वारा खड़ी की गई बाधाओं के बावजूद आसनसोल का विकास किया।''

पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आसनसोल और दुर्गापुर दोनों

में 'मेगासिटी' बनने की क्षमता है, और आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार उस विकास को साकार करेगी। उन्होंने दावा किया कि ''एसिड अटैक के मामलों में बंगाल सबसे आगे है।'' पीएम मोदी ने कहा, ''तृणमूल महिलाओं को प्रताड़ित करने वालों के साथ खड़ी है। केवल भाजपा ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।''

टीएमसी पर बरसे पीएम

पीएम मोदी ने कहा, ''बंगाल में सत्ता परिवर्तन अब अपरिहार्य है और बंगाल की जनता यही चाहती है। तृणमूल के पाप का घड़ा भर चुका है। आसनसोल पर सिंडिकेट राज, कोयला और रेत माफिया का राज है।'' उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद पश्चिम बंगाल नयी ऊंचाइयों को छुएगा। मोदी ने कहा, "कभी समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र रहे आसनसोल से निवेश खत्म हो चुका है। केवल भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार ही इसे सुधार सकती है।"

'बंगाल की प्रगति के लिए टीएमसी से मुक्ति जरूरी'

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की प्रगति के लिए टीएमसी से मुक्ति जरूरी है, क्योंकि आज जब पूरा देश तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, तब टीएमसी बंगाल को पीछे धकेलने में लगी है। यहां के संसाधन, यहां की संभावनाएं और नौजवानों के अवसर, सब पर टीएमसी के गुंडों का कब्जा है। बंगाल की जो संपत्ति विकास के काम आनी चाहिए, उसकी खुली लूट हो रही है।

पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

अधिकारियों की सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव की मांग

कोलकाता/नई दिल्ली/ए.। पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा और अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में केंद्र सरकार और राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखी जाए और सरकारी व न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। याचिका में कहा गया है कि राज्य में कई वर्षों से चुनाव के समय हिंसा, धमकी और डर का माहौल बना रहता है। इससे न केवल आम लोगों के अधिकार प्रभावित होते हैं बल्कि चुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होते हैं। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि केंद्र सरकार को निर्देश दिया जाए कि वह पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात करे। साथ ही यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार को चुनाव के दौरान और उसके बाद कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने के लिए स्पष्ट आदेश दिए जाएं।

ये याचिका को दिल्ली निवासी सतीश कुमार अग्रवाल ने दायर किया है। याचिका के अनुसार वे सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और समाज के विभिन्न मुद्दों को उठाते रहे हैं। उन्होंने यह याचिका व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि आम जनता के हित में दाखिल करने की बात कही है।

फटाफट तेल के टैंकर भेजो, सीजफायर का पूरा फायदा उठाने की तैयारी में भारत

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम एशिया में सीजफायर कभी भी टूट सकता है। ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस बीच भारत ने ईरान से जल्दी-जल्दी तेल और गैस के टैंकर भेजने को कहा है। भारत दो हफ्ते के सीजफायर का पूरा फायदा उठाना चाहता है। उसकी योजना इस दौरान अपना स्टॉक फुल करने की है। शिपिंग मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने ईटी से यह बात कही। होर्मुज की खाड़ी से जहाजों की आवाजाही बंद होने के कारण देश में तेल और गैस की सप्लाई टाइट हो गई है। भारत अपना ज्यादातर तेल और गैस पश्चिम एशिया से ही खरीदता है। जानकारों का कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट से तेल की सप्लाई सामान्य होने में कम से कम तीन महीने का समय लग सकता है। भारत के 16 शिप फारस की खाड़ी में अटके हुए हैं जबकि आठ एलपीजी टैंकर हाल में होर्मुज की खाड़ी से गुजरे हैं। कुल मिलाकर 800 जहाज उस इलाके में फंसे हुए हैं। यही वजह है कि इस बैकलॉग को क्लियर करने में समय लग सकता है। भारतीय रिफाइनरी कंपनियां तेजी से सप्लाई चाहती हैं लेकिन अधिकारियों का कहना है कि इसमें समय लग सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारी इस मुद्दे पर ईरान के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है।

फीस वसूलने प्रस्ताव

इंडस्ट्री एक अधिकारी ने कहा कि जब तक फाइनल डील नहीं हो जाती है, ईरान होर्मुज की खाड़ी में सामान्य ट्रैफिक बहाल नहीं होने देगा। अगर कोई जहाज वहां से निकल भी जाता है तो उसे वापस भेजना आसान नहीं होगा। इसकी वजह यह है कि वहां फिर से फंसने का खतरा है। सीजफायर की शर्तों में ईरान ने होर्मुज की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट फीस वसूलने का प्रस्ताव दिया है।

अजित पवार को कांग्रेस की श्रद्धांजलि, नहीं लडेंगे बारामती

मुंबई/वार्ता। महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा मोड़ आया है। कांग्रेस ने एलान किया है कि वह इस उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। यह फैसला पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद सम्मान जताने के तौर पर लिया गया है। इस निर्णय के बाद अब बारामती सीट पर चुनाव का माहौल पूरी तरह बदल गया है। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नाथाला ने साफ कहा कि पार्टी ने अपने उम्मीदवार को मैदान से हटाने का निर्देश दे दिया है। कांग्रेस के उम्मीदवार आकाश मोरे ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन अब उसे वापस लिया जाएगा। नामांकन वापस लेने का आज आखिरी दिन था, इसलिए यह फैसला अहम माना जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यह उपचुनाव अजित पवार के दुखद निधन के कारण हो रहा है, इसलिए पार्टी ने सम्मान के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया। पार्टी का मानना है कि ऐसे समय में राजनीतिक मुकाबले से दूर रहना उचित है। यह कदम राजनीतिक मर्यादा और संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर उठाया गया है। इस फैसले से पहले कई नेताओं ने कांग्रेस से चुनाव न लड़ने की अपील की थी। शरद पवार, सुप्रिया सुले और रोहित पवार समेत कई नेताओं ने कांग्रेस से उपचुनाव को निर्विरोध कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि यह चुनाव एक दुखद घटना के बाद हो रहा है, इसलिए इसे सम्मानजनक तरीके से होना चाहिए।

यूएस से समझौते के लिए ईरान ने यूरेनियम संवर्धन बचाए रखने की रखी अनिवार्य शर्त

तेहरान/ए.। ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव और इस बीच घोषित युद्धविराम अब एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है। ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि परमाणु कार्यक्रम के तहत यूरेनियम संवर्धन का अधिकार बचाए रखना अमेरिका के साथ किसी भी समझौते के लिए अनिवार्य शर्त है।

हालांकि, सिर्फ यही कारण नहीं हैं। इससे पहले युद्धविराम की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद इस्राइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर जोरदार हमले किए। बुधवार का दिन इस युद्ध का सबसे खूनी दिन साबित हुआ। इस्राइली हमले में 250 से अधिक लोग मारे गए। ईरान का दावा है

कि युद्धविराम में लेबनान भी शामिल था, जबकि इस्राइल और अमेरिका इससे इनकार कर रहे हैं।

इसके इतर, दुनिया के 20 फीसदी तेल व्यापार के लिए अहम होर्मुज पर ईरान का नियंत्रण बरकरार है। लेबनान पर हुए हमले के बाद ईरान ने इसे फिर से बंद कर दिया है। ईरानी एजेंसियों ने संकेत दिए हैं कि अगर लेबनान पर हमले नहीं रोके गए तो होर्मुज को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। दूसरी ओर ट्रंप ने एक बार फिर से चेतावनी दी है।

पाकिस्तान की भूमिका पर उठ रहे सवाल

28 फरवरी से शुरू हुए इस भीषण युद्ध को रोकने के लिए जिस युद्धविराम की घोषणा की गई थी, वह फिलहाल लड़खड़ाता नजर आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में नियुक्त ईरानी राजदूत रजा अमीरी मुगाद्दम ने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल के आगमन वाली सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। यह पोस्ट हटाए जाने के बाद वार्ता के आयोजन पर संशय और सस्पेंस गहरा गया है, जिससे पाकिस्तान की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

प. एशिया संकट चिंता का कारण, विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली(वार्ता)। विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान मामूली बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने कहा कि भारत की वृद्धि मजबूत घरेलू मांग और निर्यात में मजबूती के कारण बनी हुई है, लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के असर से आर्थिक वृद्धि पर दबाव पड़ सकता है। विश्व बैंक (World Bank) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में 7.1 प्रतिशत थी और वित्त वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वृद्धि के पीछे मुख्य कारण घरेलू उपभोग में तेजी और निर्यात में मजबूती है। निजी उपभोग विशेष रूप से मजबूत रहा, जिसका श्रेय कम मुद्रास्फीति और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण को दिया गया है।

पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव

विश्व बैंक ने कहा कि 2026-27 में वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं को दर्शाता है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई की थी, जिसके बाद ईरान ने जवाबी हमला किया। हालांकि, 8 अप्रैल को तीनों देशों के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम तय हुआ, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में कुछ राहत की उम्मीद बढ़ी।

भारत की वृद्धि दर को लेकर विभिन्न संस्थाओं के अनुमान थोड़े अलग हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने 6.1 प्रतिशत, और मूडीज रेटिंग्स ने 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। जनवरी में विश्व बैंक ने अपनी 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट' में भारत की वृद्धि दर 2026-27 के लिए 6.5 प्रतिशत बताई थी। विश्व बैंक ने यह भी कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में जीएसटी दरों में कटौती से उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलेगा। इससे घरेलू खर्च और खरीदारी में सहारा मिलेगा। लेकिन उच्च वैश्विक ऊर्जा कीमतें महंगाई बढ़ा सकती हैं और परिवारों की उपलब्ध आय पर दबाव डाल सकती हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि रसोई गैस और उर्वरक पर अधिक सब्सिडी के कारण सरकारी खर्च में वृद्धि धीमी रहेगी।

नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 हेतु महक नरवसे का चयन

रायपुर/नवप्रदेश। बैंगलुरू में 27 अप्रैल 2026 को शुरू होने वाले नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 (महिला) एलिट कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का हुआ चयन। ऑल इंडिया जुनीयर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकडमी के अंडर 19 (महिला वर्ग) एलीट कैंप 2026 हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। उक्त कैंप दिनांक 27 अप्रैल 2026 से 23 मई 2026 तक बैंगलुरु में आयोजित किया जायेगा। उक्त खिलाडी बीसीसीआई के विषेशज्ञों के अधिन प्रषिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा षारिरिक प्रषिक्षण भी सम्मिलित है।

इस गर्मी समझदारी से खाएँ इस प्रोटीन से भरपूर डाइट के साथ

गर्मी इस बार जल्दी आ गई है, और बीच ट्रिप्स सामने हैं, ऐसे में अपनी फिटनेस रूटीन शुरू करने का यह बिल्कुल सही समय है। जहाँ जिम सेशन ज़रूरी हैं, वहीं डाइट भी स्वस्थ शरीर का वजन बनाए रखने और उसे बेहतर आकार देने में उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रितिका समद्दार, रीजनल हेड डाइटेटिक्स मैक्स हेल्थकेयर ङ्क नई दिल्ली कैलिफ़ोर्निया बादाम, ग्रीक योगर्ट और सैल्मन से भरपूर इस आसान, प्रोटीन से भरपूर प्लान की सिफारिश करती हैं।

सुबह की शुरुआत: कैलिफ़ोर्निया बादाम और उबले अंडे

अपने दिन की शुरुआत कुछ कैलिफ़ोर्निया बादाम के साथ करें। प्रोटीन, हेल्दी फैट, विटामिन ई और मैग्नीशियम से भरपूर ये बादाम ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं, बिना अचानक ऊर्जा बढ़ने के। यह किसी भी फिटनेस-फोकस्ड डाइट के लिए एक बेहतरीन जोड़ हैं।

इन्हें दो उबले अंडों के साथ मिलाएँ ताकि आपको पूरा प्रोटीन मिल सके। यह कॉम्बिनेशन पोर्टेबल, पेट भरने वाला और व्यस्त सुबहों के लिए परफेक्ट है।

दोपहर का भोजन: ग्रिल्ड चिकन ब्रेस्ट सलाद

ग्रिल्ड चिकन ब्रेस्ट को मिक्स्ड ग्रीन्स, चेरी टमाटर और खीरे के साथ टॉस करें। यह हेल्दी मील आपको लीन प्रोटीन, फाइबर और सब्ज़ियों से हाइड्रेशन देता है, जिससे आप हल्का महसूस करें और दोपहर तक ताजगी और संतुष्टि बनी रहे।

शाम का नाश्ता: चिया सीड्स के साथ ग्रीक योगर्ट

दोपहर के अंत में अपनी ऊर्जा को फिर से बढ़ाएँ, एक टीस्पून चिया सीड्स के साथ ग्रीक योगर्ट के साथ। यह नाश्ता आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए प्रोबायोटिक्स, लंबे समय तक ऊर्जा और ताज़गी देने वाला ठंडक प्रभाव प्रदान करता है।

रात का खाना: क्विनोआ के साथ बेक्ड सैल्मन

दिन का अंत करें बेक्ड सैल्मन फिलेट के साथ, जिसे क्विनोआ और स्टीम्ड ब्रोकली के साथ सर्व करें। यह न्यूट्रिएंट्स से भरपूर प्लेट ओमेगा-3 फैटी एसिड्स प्रदान करती है, जो त्वचा के स्वास्थ्य, सूजन कम करने वाले लाभ और पूरी प्रोटीन सप्लाई के लिए मददगार हैं, जिससे रात भर मांसपेशियों की मरम्मत हो सके।

यह सरल रूटीन मांसपेशियों के निर्माण का समर्थन करने, भूख को नियंत्रित करने और वजन प्रबंधन में मदद करने पर जोर देता है। दोपहर में भारी कार्ब्स से बचें क्योंकि इन्हें पचाना मुश्किल होता है।खाने में मात्रा पर नियंत्रण रखें, पर्याप्त पानी पिएँ और हल्का व्यायाम करें।

न्यूज गैलरी

महिला व युवती के अपहरण की कोशिश, रातभर झाड़ियों में छिपकर बचे

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस को बदमाश लगातार चुनौती दे रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार के लोगों को अज्ञात बाइक सवार पांच बदमाशों ने बंधक बना लिया। इसके बाद परिवार से नकदी 20 हजार रुपए के साथ सोने की चेन और उनकी दो बाइक लूटकर फरार हो गए। महिला तथा युवती ने बदमाशों पर छेड़खानी करने के आरोप लगाए हैं। बदमाशों ने महिला तथा युवती को अपनी बाइक पर बैठाकर अपने साथ जबरन ले जाने की भी कोशिश की। बदमाशों के डर से परिवार पूरी रात झाड़ियों के बीच छिपा रहा। सुबह थाने पहुंचकर पीड़ितों ने लूट तथा मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। घटना मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात की है। देवी सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह तथा उसके एक अन्य रिश्तेदार परिवार की एक युवती बाइक से दो अन्य के साथ दतरेंगा जा रहे थे। सेजबहार के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद उन लोगों ने अपने एक अन्य रिश्तेदार को कॉल कर पेट्रोल लाने कहा। पेट्रोल के इंतजार में चारों सड़क किनारे खड़े थे।

दो लंगूरों को एयरगन से गोली मारकर की हत्या, गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के धमधा क्षेत्र स्थित ग्राम दनिया (बोरी) में दो लंगूरों की एयरगन से गोली मारकर हत्या की गई। चना फसल को नुकसान पहुंचाने के संदेह में ग्रामीण ने बंदरों पर गोली चला दी। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम ने ग्राम दनिया में कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि गांव निवासी अजय पटेल ने एयरगन से दो लंगूरों को गोली मारी। गोली लगने से दोनों बंदरों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी को शक था कि लंगूर उसकी चना फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे। इसी वजह से उसने एयरगन से उन पर गोली चला दी। घटना के बाद एक बंदर के शव को जमीन में दफ्ना दिया गया, जबकि दूसरे बंदर का शव खुले में छोड़ दिया गया, जिसे बाद में कुत्तों ने नोच डाला। मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। टीम ने गांव में पूछताछ कर आरोपी को पकड़ लिया। मौके से एयरगन और बंदर का शव बरामद किया गया। वन विभाग ने बताया कि मृत बंदर हनुमान लंगूर प्रजाति के थे, जो वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-2 में शामिल हैं। इस प्रजाति का शिकार करना कानूनन अपराध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि बंदर की मौत एयरगन के छर्रे लगने से हुई। वन विभाग ने आरोपी अजय पटेल के खिलाफवन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39 और 51 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 6983/17 दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेकर 21 अप्रैल तक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

बेकाबू पिकअप की चपेट में आईं दो महिलाएं, घटनास्थल पर ही गई जान

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। गौरेला थाना क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को एक अनियंत्रित पिकअप कैंपर वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज सुबह करीब 6:15 बजे की है। गौरेला सारबहरा रोड निवासी बेला बाई पनसारी और सुशीला वर्मा रोज की तरह सुबह सैर के लिए निकली थीं। जब वे आईटीआई सेमरा के पास मेन रोड पर टहल रही थीं, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप कैंपर वाहन (क्रमांक MP 21 G 0992) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप की टक्कर से दोनों महिलाएं लगभग 15 से 20 फ़ीट तक उछल कर दूर जा गिरीं। महिलाओं को रौंदने के बाद पिकअप पास में खड़ी एक बस से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई सनत मात्रे ने बताया कि दुर्घटना के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने दोनों मृतकाओं के शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मर्च्यूरी में रखवा दिया है। उपनिरीक्षक सनत रात्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आईटीआई सेमरा के पास यह हादसा हुआ। दो महिलाएं, बेला बाई और सुशीला वर्मा मॉर्निंग वॉक से लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार कैंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। घटना में गाड़ी का हेल्पर संदीप यादव घायल हो गया। वहीं फरार चालक लल्लू की तलाश की जा रही है। कैंपर वाहन कोरबा से कटनी कैमूर जा रही थी। इस हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय निवासियों में भारी रोष और दुख है। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार अक्सर मासूमों की जान ले लेती है।

एक ही परिवार से 2.34 करोड़ रुपए ठगे, 30 से ज्यादा फर्जी डिग्री बनाई

रायपुर/नवप्रदेश। पोस्ट ऑफिस के अलग-अलग पदों पर नौकरी लगाने और फर्जी एमबीबीएस व बीएएमएस डिग्री बनाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड पकड़ा गया। गिरोह ने रायपुर के एक ही परिवार से नौकरी लगाने और फर्जी डिग्री बनाने के नाम पर 2.34 करोड़ रुपए ठगे थे। इस मामले में पहले 6 आरोपियों गिरफ्तारी हो चुकी थी। अब इसका मास्टरमाइंड पकड़ाया है। मामला सिविल लाइन थाना का है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित संजय निराला ने धोखाधड़ी की शिकायत की थी। आरोपी भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे सहित अन्य ने पीड़ित के रिश्तेदारों को पोस्ट आफिस के विभिन्न पदों में नौकरी लगाने और फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर देने का झांसा देकर 2 करोड़ 34 लाख ले लिए। इस मामले में आरोपी भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे, साक्षी सिंह व अंकित तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। अब मास्टरमाइंड सुनील प्रताप को गिरफ्तार किया गया है। नई दिल्ली निवासी सुनील प्रताप के साथ मिलकर डीवाई पाटिल विद्यापीठ यूनिवर्सिटी पुणे का फर्जी एमबीबीएस और बीएएमएस की डिग्री तैयार करता था।

असम में बनेगी बीजेपी की सरकार, पूरा देश एनडीए के साथ : सीएम साय

- पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बस्तर विकास
- चुनावी रणनीति और नारी शक्ति पर दिए बड़े बयान
- सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की दिशा में बड़े कदम उठाए

रायपुर/नवप्रदेश। दिल्ली प्रवास के बाद रायपुर लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व से हुई मुलाकातों का विवरण साझा करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने नक्सलवाद के अंत पर केंद्र सरकार का आभार जताया और बस्तर के विकास से लेकर आगामी चुनावों और नारी शक्ति वंदन अधिनियम तक, कई अहम विषयों पर अपनी बात रखी।

प्रधानमंत्री से मुलाकात: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी विस्तृत मुलाकात हुई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में चार दशक पुरानी नक्सल समस्या के निर्णायक अंत में प्रधानमंत्री व गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति की बड़ी भूमिका रही। साय ने कहा, 'छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद। बस्तर अब नक्सलवाद से मुक्त है।

बस्तर विकास का रोडमैप साझा किया

सीएम ने बताया कि बस्तर, जो वर्षों तक विकास से वंचित रहा, अब तेज़ी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री को यह जानकारी दी कि किस तरह वहां सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात

दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और आने वाले महीनों की रणनीति पर चर्चा की गई।

तीन राज्यों के चुनाव

आगामी चुनावों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन तीन राज्यों में मतदान होना है, वहां भाजपा बेहद मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, असम में फिर सरकार बनेगी। बाकी राज्यों में भी स्थिति बहुत अच्छी है। पूरा देश एनडीए के साथ है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

सीएम साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कहा कि इसके लिए संसद का विशेष सत्र आयोजित होने वाला है, जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण देने वाला विधेयक पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करते हैं। यह महिलाओं के सम्मान और सहभागिता को बढ़ाने वाला कदम होगा।

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी साथ

दिल्ली दौरे के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर पहुंचे, जहां उनके साथ शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी मौजूद रहे। दौरे को राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

तैयारी शुरू : खरीफ के लिए पहुंची खाद

वैश्विक संकट के चलते अभी समितियों से उठाव पर रोक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी खरीफफसल की तैयारी शुरू कर दी गई है। किसानों को सहकारी समितियों से ऋण जारी किए जा रहे हैं। साथ ही किसानों को उनके खेती के रकबे के अनुसार खाद भी दिया जाता है, लेकिन अभी उर्वरकों के वैश्विक संकट को देखते हुए खाद वितरण पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों के अनुसार संभाग स्तरीय बैठक के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। बताया गया है कि कृषि विभाग इस संबंध में एक सॉफ्टवेयर तैयार कर रहा है, इसके बाद खाद वितरित किया जाएगा।

बताया गया है कि, खरीफसीजन में उर्वरकों का वितरण एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के आधार पर होगा। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो अन्य कृषकों को पर्याप्त उपलब्धता के दृष्टिगत दिए जाना सुनिश्चित किया जाएगा। समितियों में किसान ऋण की स्वीकृति कराने की प्रक्रिया पूरी करने पहुंच रहे हैं। कई समितियों में खाद उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें अभी नहीं दिया जा रहा है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि अभी शासन से खाद वितरित किए जाने से मना किया गया है। शासन खाद वितरण को लेकर अलग से आदेश जारी करेगा।

छत्तीसगढ़ में 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध

आगामी खरीफसीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार द्वारा 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आवंटित हुआ है। वर्तमान में गोदामों एवं समितियों में लगभग 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसमें यूरिया 2,43,717 मीट्रिक टन, डीएपी 1,05,631 मीट्रिक टन, एनपीके 1,69,109 मीट्रिक टन, एमओपी 50,431 मीट्रिक टन और एसएसपी 1,78,657 मीट्रिक टन इस तरह कुल 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद स्टॉक में है।

खाद के लिए समितियों के चक्कर लगा रहे किसान

खरीफसीजन के ऋण वितरण के लिए सामान्य साख सीमा तैयार कर किसानों को ऋण वितरण किया जाना है। ऋण के रूप में किसानों को 70 प्रतिशत नकद और 30 प्रतिशत वस्तु. के रूप में दिए जाने का फरमान जारी किया गया है। किसानों को ऋण के नकद भुगतान के लिए समिति में बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड, चेकबुक और बैंक पासबुक लेकर आना होगा। फिलहाल ऋण की स्वीकृति के लिए किसान समितियों में जुट रहे हैं। किसान खाद के लिए समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। उठाव का आदेश जारी होने पर ही खाद दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ में जनसंख्या के साथ ही बढ़ गई निरक्षरता

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में साल-दर-साल जनसंख्या बढ़ती जा रही है। बढ़ती हुई आबादी के साथ ही राज्य में उन लोगों की संख्या बढ़नी थी, जो लिख-पढ़ सकते हों, लेकिन तस्वीर इसके उलट नजर आ रही है। राज्य में निरक्षर लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब छत्तीसगढ़ में दशकों से साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। छोटे- छोटे गांवों में प्रायमरी शिक्षा के लिए स्कूल खोले जा रहे हैं।

सवाल ये है आखिर यह क्यों हो रहा है? जबकि जनसंख्या बढ़ने के साथ पढ़े-लिखों की संख्या बढ़कर बेहतर स्थिति में आनी चाहिए, पर ये तस्वीर तो बदतर नजर आ रही है। राज्य में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर और उसके बाद हर साल बढ़ने वाली अनुमानित जनसंख्या के गणितीय अनुमान के हिसाब से 2026 तक के संभावित आंकड़े निकाले हैं, जिसमें यह बात सामने रखने की कोशिश की है कि 1 मार्च 2026 की स्थिति में राज्य कुल निरक्षरों की अनुमानित संख्या कितनी है। यही नहीं, राज्य के सभी 33 जिलों के लिए यही हिसाब-किताब निकाला गया है।

रायपुर-बिलासपुर में बढ़ रहे निरक्षर : 6,65,731 से बढ़कर 6,75,924 हुआ है।

बिलासपुर: यहां निरक्षर आबादी 5,93,310 से बढ़कर 6,61,368 तक पहुंच गई है। **कबीरधाम:** यहां भी बड़ी बढ़त देखी गई है, जहां संख्या 4,08,359 से बढ़कर 5,12,609 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, 2011 में छत्तीसगढ़ की कुल निरक्षर जनसंख्या 1 करोड़ 1 लाख, 65 हजार 276 थी, जिसके 1 मार्च 2026 तक 1 करोड़ 4 लाख 52 हजार 902 होने के अनुमान हैं। हालांकि यह संख्या बढ़ी हुई दिख रही है, लेकिन राज्य के कई प्रमुख जिलों ने जमीनी स्तर पर शिक्षा के प्रसार में उल्लेखनीय काम किया है। 1 मार्च 2026 के ये आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ के पुराने और स्थापित जिलों ने साक्षरता के मोर्चे पर अच्छी प्रगति की है।

कांग्रेस नेता और बेटे की दबंगई से बिगड़े हालात, ग्रामीणों ने की पिटाई

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कटगी में अवैध शराब बिक्री को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्रामीणों के विरोध के बाद कांग्रेस नेता ढाबा संचालक और उसके बेटे की दबंगई से हालात बिगड़े और गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों की पिटाई कर दी। इस पूरे मामले में अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

पूरा मामला कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कटगी के सर्वा मोड़ का है, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित एक ढाबे में लंबे समय से अवैध शराब बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि के चलते गांव का माहौल खराब हो रहा था और कई बार समझाइश देने के बावजूद ढाबा संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। ग्रामीणों ने इस संबंध में पहले भी कसडोल थाना और कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी लगातार बढ़ती गई।

ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि, 4 अप्रैल की रात ग्राम कटगी की महिलाएं अवैध शराब बिक्री की शिकायत लेकर खुद कसडोल थाना पहुंची थीं। लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनकी शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के बजाय उन्हें बाद में आने की बात कहकर लौटा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि, यदि उसी दिन पुलिस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर लेती, तो शायद स्थिति इतनी नहीं बिगड़ती और इस तरह की हिंसक घटना टाली जा सकती थी।

बालोद में कलेक्टर ने की अतिक्रमण-लापरवाही पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

- कई विभागों के अधिकारियों को लगाई फटकार

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में लचर व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार सुबह से ही शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई, अतिक्रमण, निर्माण कार्य और सड़क चौड़ीकरण जैसी कई व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिलने पर कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी और व्यवस्था में तुरंत सुधार के निर्देश दिए। वहीं, पुराने बस स्टैंड स्थित कॉम्प्लेक्स में गलत तरीके से हो रहे निर्माण को लेकर भी पालिका प्रशासन पर नाराजगी जताई गई। कलेक्टर ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए इसे हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही बालोद-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर चल रहे सड़क सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण कार्य में देरी को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी जमकर फटकार पड़ी।

निरीक्षण के दौरान सबसे गंभीर मामला दूध गंगा क्षेत्र में सामने आया, जहां नालियों का गंदा पानी खुले में बहता मिला और एक मिठाई फैक्ट्री के अंदर तक पहुंचता देखा गया। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही के चलते दूध गंगा को तत्काल सील करने के निर्देश दिए।

मनरेगा में राज्य की बड़ी छलांग: ई-केवायसी, जियो-टैगिंग और क्यूआर कोड से पारदर्शिता को मिली नई गति

छत्तीसगढ़ मनरेगा क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने विभिन्न प्रमुख मानकों पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

97% सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण: 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में राज्य ने 97 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण कर लिया है, जिससे भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित हुई है। जिसके तहत प्रदेश के 58.16 लाख श्रमिकों का ई-केवायसी

तथा 11.32 लाख निर्मित परिसंपत्तियों का जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग संभव हुई है।

11,668 ग्राम पंचायतों में जीआईएस आधारित योजना: वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से 11,668 ग्राम पंचायतों में 2,86,975 कार्यों की जीआईएस आधारित कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप वैज्ञानिक योजना निर्माण सुनिश्चित हुआ है। इसके साथ ही मनरेगा कार्यस्थलों पर फेस ऑथेंटिकेशन आधारित एनएमएमएस प्रणाली के उपयोग से उपस्थिति की निगरानी अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है।

क्यूआर कोड से आमजन को सीधी जानकारी: ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिक, कार्यों की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एक सितंबर से अब तक लगभग 5 लाख से अधिक स्कैन दर्ज किए गए हैं। जिससे कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

हर माह 7 तारीख को समाधान का मंच: प्रदेश में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव के साथ 'रोजगार दिवस' एवं 'आवास दिवस' का आयोजन किया जा रहा है, जहां हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं योजनाओं की जमीनी समीक्षा की जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com